सूर्योदय 5:34 सूर्यास्त 7:22

आज का तापमान

शिमला	16.4 न्यू	21.8 अधि
धर्मशाला	16.2 न्यू	30.1 अधि

बाजार

सेंसेक्स	76,059
निफ्टी	23,767
सोना	1,42,000
चांदी	2,19,000

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 25 जुलाई 2026 | 10 श्रावण, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 207, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

कड़ू नाला में सूमो पर गिरी चट्टान, 13 लोगों की मौत

लाहौल-पांगी सीमा पर हुआ हादसा, मृतकों में एक छोटी बच्ची भी शामिल

अनंत ज्ञान



कमलेश वर्मा, केलांग। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति और पांगी की सीमा पर स्थित उदयपुर-किलाड़ सड़क मार्ग पर शुक्रवार को एक सड़क हादसा पेश आया है। इस हादसे में 13 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। हादसा कड़ू नाला के समीप उस समय हुआ, जब कुल्लू से पांगी की ओर जा रही एक सूमो टैक्सी (एचपी01 एम2210) अचानक पहाड़ी से गिरे भारी मलबे और विशाल चट्टानों की चपेट में आ गई।

पुलिस जानकारी के अनुसार टैक्सी चालक की पहचान बीर सिंह के रूप में हुई है। हादसा इतना भीषण था कि वाहन पूरी तरह मलबे में दब गया और उसमें सवार सभी 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में एक नवजात बच्ची भी शामिल है। पूरे लाहौल, पांगी और कुल्लू क्षेत्र में इस घटना से गहरा शोक व्याप्त है तथा मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की जा रही हैं। बताया जा रहा है कि उदयपुर-किलाड़ मार्ग एक दिन पहले भूस्खलन के कारण बंद था, जिसके चलते यात्री तिंदी क्षेत्र में रुके हुए थे। शुक्रवार को मार्ग खुलने के बाद वे पांगी के लिए रवाना हुए, लेकिन कड़ू नाला के पास अचानक पहाड़ी से भारी चट्टानें और मलबा गिरने से यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही तिंदी पुलिस, स्थानीय प्रशासन तथा राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। हालांकि चट्टानों के भारी दबाव और हादसे की भयावहता के कारण किसी भी यात्री को बचाया नहीं जा सका।

उधर, लाहौल-स्पीति की पुलिस अधीक्षक शिवानी मेहला ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हादसे में 13 लोगों की मृत्यु हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के साथ राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

> **कड़ूनाला** के पास भूस्खलन की घटना अत्यंत दुखद है। मलबे में टाटा सूमो के दबने से उसमें सवार सभी 13 लोगों (7 पुरुष, 4 महिलाएं, 1 शिशु व 1 अन्य) की मृत्यु हो गई है। प्रशासन, पुलिस और बीआरओ की टीमें मौके पर राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं तथा मृतकों में से एक व्यक्ति को छोड़कर सभी की पहचान हो गई है।
>
> -किरण भड़ाना, डीसी लाहौल स्पीति

मृतकों की पहचान

मृतकों में बीर सिंह गांव घिसाल, जिला चंबा, बीर सिंह गांव शुन, पांगी, बुद्धि सिंह, डाकघर साच, कमला कुमारी पत्नी बुद्धि सिंह डाकघर साच, अनिल कुमार पुत्र हरि कृष्ण डाकघर साच, रेखा पुत्री महेंद्र कुमार गांव हिलोल, तहसील पांगी, सौरभ सिंह पुत्र बीर सिंह गांव हासिल, साच, अंजना पुत्री चैन सिंह गांव सत्ती, पांगी, सोमन अंगमो पत्नी छेरिंग दोरजे गांव छालिंग, आरु (6) पुत्री छेरिंग दोरजे गांव छालिंग, लाहौल-स्पीति, संजय कुमार पुत्र मोहन लाल गांव कुमार, हंस राज, गांव धारवास जबकि एक अन्य व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है।

अंब में सड़क हादसे बाइक चालक और युवती की मौत

अनंत ज्ञान, अंब। थाना अम्ब के अंतर्गत गांव पंजोआ में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक चालक और पीछे बैठी युवती की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सक्षम ठाकुर पुत्र होशियार चंद निवासी बेहड़ जसवां मोटरसाइकिल चला रहा था, जबकि नेहा पुत्री जय चंद निवासी बेहड़ जसवां उसके पीछे बैठी हुई थी। पंजोआ गांव में उनकी मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पैदल जा रही एक महिला से टकरा गई, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल अंब पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने सक्षम ठाकुर को मृत घोषित कर दिया। वहीं, नेहा तथा घायल महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार, नेहा की भी उपचार के दौरान ऊना अस्पताल में मृत्यु हो गई, जबकि घायल महिला का उपचार जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

मोदी कैबिनेट में पेपर लीक संशोधन बिल हुआ पास

अब पेपर लीक पर 10 साल की सजा और 10 करोड़ रुपए होगा जुर्माना

एजेंसी, नई दिल्ली

मोदी कैबिनेट की बैठक में पेपर लीक पर सजा के कानून को सख्त बनाने से जुड़े बिल को मंजूर मिली है। सूत्रों के मुताबिक बिल में पेपर लीक के ऑर्गेनाइज्ड क्राइम के मामले में 10 साल की सजा और 10 करोड़ रुपए जुर्माने का प्रावधान है। अगले हफ्ते संसद में इस बिल को पेश किया जा सकता है।

यह फैसला ऐसे समय आया है, जब देशभर में छात्र पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और संसद के भीतर भी इस मुद्दे को लेकर लगातार हंगामा हो रहा है। दरअसल, कैबिनेट बैठक से एक दिन पहले पीएम मोदी ने 23 जुलाई देर रात एक वीडियो संदेश जारी कर इस दिशा में बड़े संकेत दिए थे। उन्होंने कहा था कि शुक्रवार 24 जुलाई को होने वाली केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में पेपर लीक के मामलों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट और दोषियों को कड़ी सजा देने वाले कानून के मसौदे पर चर्चा की जाएगी।

प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश में कहा था कि पेपर लीक कोई मामूली मुद्दा नहीं है। इससे देश के लाखों छात्रों और उनके माता-पिता को गहरा दुख पहुंचा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार इस समस्या से सख्ती से निपटने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए मजबूत कानूनी व्यवस्था बनाई जाएगी।

वहीं, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में 'राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026' पेश किया। यह विधेयक राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 में संशोधन से संबंधित है। प्रस्तावित संशोधन के तहत 'वंदे मातरम' के अपमान या उसके गायन में जानबूझकर बाधा डालने को दंडनीय अपराध बनाने का प्रावधान किया गया है। उधर, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सदन चलने दें, राहुल अपने सांसदों को समझाएं और नीट पर चर्चा करें। (अनंत ज्ञान)

धर्मेंद्र प्रधान क्रिमिनल शिक्षा मंत्री, इस्तीफा दें : राहुल

राहुल गांधी ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान एक अपराधी शिक्षा मंत्री हैं। उन्हें हटाया जाना चाहिए। वे हमारे शिक्षा तंत्र के ध्वस्त होने का प्रतीक हैं। उन्हें जाना ही होगा। उन्हीं की वजह से हजारों लोग बाहर हैं। राहुल ने पैलेट गन से घायल छात्रों से मुलाकात की। वे एक घायल छात्र को साथ में लेकर मीडिया के सामने आए। उन्होंने छात्र के हाथ में लगे घाव को दिखाया। राहुल ने कहा मैं यह बताना चाहता हूं कि यहां खड़ा मेरा भाई उस समय पैलेट गन से घायल हो गया था, जब वह तिरंगा लेकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध-प्रदर्शन कर रहा था। सरकार का कहना है कि पैलेट गन का इस्तेमाल नहीं किया गया था। उसकी आंख को नुकसान पहुंचा है और उसकी देखने की क्षमता चली गई है।

भोजपुरी अभिनेता खेसारी लाल पर एफआईआर

एजेंसी, नई दिल्ली। भोजपुरी अभिनेत्री अंजना सिंह ने भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव और उनकी टीम पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अभिनेत्री ने खेसारी पर अपनी फेक तस्वीरें और वीडियो ऑनलाइन प्रसारित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसे लेकर एफआईआर दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि उनकी और उनकी 11 साल की बेटी की आपत्तिजनक एआई-जनरेटेड तस्वीरें और वीडियो ऑनलाइन फैलाए जा रहे हैं। एक समाचार एजेंसी से बात करते हुए, अंजना सिंह ने भोजपुरी सिंगर-एक्टर खेसारी लाल यादव की टीम से जुड़े लोगों पर यह कंटेंट फैलाने की साजिश रचने का आरोप लगाया। अंजना ने कहा, 'पिछले कुछ दिनों से मेरी और मेरी 11 साल की बेटी की आपत्तिजनक एआई-जनरेटेड तस्वीरें और वीडियो फैलाए जा रहे हैं।

बद्दी में फर्जी दवा कंपनी का पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार

जाली लाइसेंस और प्रमाणपत्रों से चला रहा था फार्मा कारोबार

अनंत ज्ञान

ओम शर्मा, बीबीएन। हिमाचल प्रदेश के दवा उद्योग की विश्वसनीयता को प्रभावित करने वाले फर्जीवाड़े का राज्य ड्रग कंट्रोल प्रशासन ने खुलासा किया है। बद्दी में कार्रवाई करते हुए एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जो कथित तौर पर जाली सरकारी दस्तावेजों के सहारे फर्जी दवा कंपनी संचालित कर रहा था।

आरोप है कि आरोपी फर्जी ड्रग मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस, जीएमपी-जीएलपी प्रमाणपत्र, उत्पाद अनुमतियां और अन्य नियामकीय दस्तावेज तैयार कर खुद को वैध दवा निर्माता बताता था। इन दस्तावेजों के आधार पर वह देशभर के दवा कारोबारियों से ऑर्डर लेकर अग्रिम भुगतान प्राप्त कर रहा था। राज्य औषधि नियंत्रक डॉ. मनीष कपूर को मिली सूचना के बाद ड्रग इंस्पेक्टर विकास ठाकुर, सुरेश कुमार और अक्षय ठाकुर की टीम ने बद्दी पुलिस के सहयोग से कार्रवाई की। जांच में अजय कुमार द्वारा मैसर्ज डा. ट्रस्टमेड के नाम से कथित फर्जी फार्मा फर्म चलाने का मामला सामने आया। आरोपी के कब्जे से हिमाचल ड्रग कंट्रोल प्रशासन के नाम पर तैयार किए गए जाली लाइसेंस, प्रमाणपत्र, दवा लेबल और अन्य दस्तावेज बरामद हुए। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच में भी बड़ी संख्या में फर्जी रिकॉर्ड मिले।

विभाग के अनुसार फर्जीवाड़े को विश्वसनीय दिखाने के लिए वेबसाइट और डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल किया जा रहा था। ड्रग कंट्रोल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नकली दस्तावेजों और अवैध दवा कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

सहारनपुर : पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, दो की मौत

एजेंसी, सहारनपुर। सहारनपुर में शुक्रवार शाम पटाखा फैक्टरी में विस्फोट हो गया। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि ठेकेदार और और युवक लापता है। धमाका इतना तेज था कि शवों के चीथड़े उड़ गए। एक लाश फैक्टरी से करीब 100 मीटर दूर खेत किनारे मिली। उसके चीथड़े उड़ गए थे। सिर, एक हाथ और दोनों पैर गायब मिले। मौतों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, धमाके की आवाज दूर तक सुनाई दी। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और दमकल विभाग की टीमें भी घटनास्थल पर पहुंच गईं। हादसे में फैक्टरी का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। (अनंत ज्ञान)

4 करोड़ से संवरेगा दुर्गेश अरण्य अंतरराष्ट्रीय प्राणी उद्यान : सीएम

प्रकृति संरक्षण के साथ पर्यटन और शोध को मिलेगा नया आयाम

अनंत ज्ञान

सीएम सुक्खू अंतरराष्ट्रीय प्राणी उद्यान की थीमैटिक गार्डन परियोजना का शुभारंभ करते हुए। अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल सरकार ने जैव विविधता संरक्षण और प्रकृति आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कांगड़ा के देहरा स्थित दुर्गेश अरण्य अंतरराष्ट्रीय प्राणी उद्यान में थीमैटिक गार्डन परियोजना शुरू की है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने परियोजना के लिए 4 करोड़ रुपए जारी किए।

करीब 22,247 वर्गमीटर क्षेत्र में विकसित होने वाला यह गार्डन हिमाचल की समृद्ध जैव विविधता को एक ही परिसर में प्रदर्शित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना संरक्षण, पर्यावरण शिक्षा और सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। परियोजना में फिकेरियम, आर्बोरिटम और बैंबूसेटम विकसित किए जाएंगे। फिकेरियम में फाइकस प्रजातियों का संरक्षण और प्रदर्शन होगा, जबकि आर्बोरिटम में देशी-विदेशी पेड़ों का संग्रह तैयार किया जाएगा। बैंबूसेटम में विभिन्न बांस प्रजातियों की जानकारी दी जाएगी।

गार्डन में आधुनिक वॉच टावर भी बनाया जाएगा, जहां से पर्यटक प्राकृतिक सुंदरता का आनंद ले सकेंगे। यह उद्यान पर्यटकों के साथ-साथ विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और प्रकृति प्रेमियों के लिए भी उपयोगी केंद्र बनेगा।

जैव विविधता संरक्षण का बनेगा राष्ट्रीय मॉडल

मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड और वन विभाग की तैयारियों एवं प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि परियोजना पूर्ण होने के बाद यह देश में जैव विविधता संरक्षण और ईको-टूरिज्म का एक आदर्श मॉडल बनेगी। उन्होंने बताया कि परियोजना का कार्यान्वयन मुख्य वन्यजीव संरक्षक, हिमाचल प्रदेश द्वारा किया जाएगा, जबकि हिमाचल प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड तकनीकी सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध कराएगा।

ट्रंप ने भारत समेत 60 देशों पर फोड़ा टैरिफ बम 10-12 .5% अतिरिक्त आयात शुल्क की तैयारी

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिका ने भारत समेत 60 देशों से आने वाले सामानों पर 10 से 12.5 प्रतिशत तक अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने का फैसला किया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव ने यह कार्रवाई जबरन मजदूरी से जुड़े उत्पादों के आयात को रोकने के उद्देश्य से की है। नया टैरिफ शुक्रवार से प्रभावी हो गया।

अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत समेत 17 देशों पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया गया है। इनमें पाकिस्तान, बांग्लादेश, कनाडा, मैक्सिको, ब्रिटेन, इंडोनेशिया, मलेशिया और श्रीलंका जैसे देश शामिल हैं। वहीं, कई अन्य देशों पर 12.5 प्रतिशत तक का अतिरिक्त शुल्क लागू होगा। चीन भी इस सूची में शामिल है। अमेरिका ने यह कदम ट्रेड एक्ट-1974 की धारा 301 के तहत उठाया है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर ने कहा कि अमेरिका लंबे समय से जबरन मजदूरी से बने सामानों के आयात के खिलाफ है और अब वह अपने व्यापारिक साझेदारों से भी इसी तरह की सख्ती की उम्मीद कर रहा है। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि यह नीति मानवाधिकारों की रक्षा और अनुचित व्यापार प्रथाओं को रोकने के लिए जरूरी है। हालांकि, कई देशों ने इस फैसले का विरोध किया है। नॉर्वे, ऑस्ट्रेलिया और ब्राजील समेत कई देशों ने इसे अनुचित बताते हुए शुल्क हटाने की मांग की है।

विशेषज्ञों का मानना है कि नए टैरिफ से वैश्विक सप्लाई चेन प्रभावित हो सकती है और अमेरिकी बाजार में आयातित वस्तुओं की कीमत बढ़ सकती है। आलोचकों का कहना है कि अतिरिक्त शुल्क का बोझ अंततः अमेरिकी उपभोक्ताओं और कारोबारों पर पड़ सकता है। (अनंत ज्ञान)

मेहली-जुन्गा में भूस्खलन से 10 से अधिक घरों पर खतरा

अनंत ज्ञान

27 से 29 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। चार दिन की लगातार मूसलाधार बारिश के बाद शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश में मौसम साफ हुआ और लोगों ने राहत की सांस ली। राजधानी शिमला समेत अधिकांश क्षेत्रों में धूप खिली, लेकिन यह राहत ज्यादा दिनों तक रहने वाली नहीं है। मौसम विभाग ने 27 से 29 जुलाई तक प्रदेश के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

इस बीच शिमला के मेहली-जुन्गा मार्ग पर हुए बड़े भूस्खलन ने मानसून के खतरे को फिर उजागर कर दिया है। भूस्खलन से 10 से अधिक मकानों पर खतरा मंडरा रहा है। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर एक परिवार को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया है और प्रभावित क्षेत्रों पर नजर रखी जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 72 घंटे तक मानसून कमजोर रहेगा और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके बाद नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बारिश तेज होने की संभावना है।

लगातार बारिश से प्रदेश के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। कई पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम सुहावना हो गया है, लेकिन भूस्खलन और सड़कों के अवरुद्ध होने का खतरा अभी बना हुआ है।

गरामोड़ा में निहंगों का किरतपुर-मनाली फोरलेन पर हंगामा

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर जिले के गरामोड़ा क्षेत्र में शुक्रवार को निहंग सिखों के प्रदर्शन के चलते किरतपुर-मनाली फोरलेन पर अचानक यातायात बाधित हो गया। प्रदर्शनकारियों ने फोरलेन पर धरना देकर अपनी मांगों के समर्थन में विरोध दर्ज कराया, जिससे दोनों दिशाओं में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इस दौरान स्थानीय लोगों के साथ-साथ अन्य राज्यों से आने-जाने वाले यात्रियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्रदर्शन शुरू होते ही फोरलेन पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह रुक गई। कुछ ही देर में छोटे-बड़े वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं और कई यात्रियों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा। जानकारी के अनुसार, यह प्रदर्शन शिमला में एक निहंग सिख की गिरफ्तारी के विरोध में किया गया। बताया जा रहा है कि संबंधित व्यक्ति को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा के सामने कथित रूप से आपत्तिजनक बयान देने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी न्यायिक हिरासत में है, जिसके विरोध में बड़ी संख्या में निहंग सिख गरामोड़ा पहुंचे और फोरलेन पर धरना देकर अपना विरोध जताया।

◆टोल प्लाज पर लगा जाम घंटों तक फंसे रहे वाहन

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर स्थिति को सामान्य बनाने का प्रयास शुरू किया। प्रशासन का कहना है कि प्रदर्शनकारियों से लगातार संवाद किया जा रहा है, ताकि जल्द से जल्द यातायात बहाल किया जा सके। वहीं, पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे संयम बनाए रखें और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति पर प्रशासन की नजर बनी हुई है और यातायात को सामान्य करने के प्रयास जारी हैं।

ईरान पर सबसे बड़े हमले की तैयारी में अमेरिका

एजेंसी, वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ईरान पर सबसे बड़ा हमला करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, 'तैयारी पूरी है, अब सिर्फ फैसला लेना बाकी है।' ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान ने अभी तक पर्याप्त दर्द नहीं झेला है। ट्रंप के बयान के बाद ईरान ने भी तुरंत जवाब दिया। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अगर अमेरिका ने हमले जारी रखे तो उसे इसकी 'भारी कीमत' चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि युद्ध खत्म करने का रास्ता बातचीत है, नए हमले नहीं।

इधर, ब्रिटेन ने भी अपनी सेना को अलर्ट पर रखा है। ब्रिटिश सरकार का कहना है कि जरूरत पड़ने पर उसकी सेना देश की सुरक्षा के लिए तैयार है। इससे पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने चेतावनी दी थी कि अगर अमेरिका ने ब्रिटेन के सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल किया तो उन्हें भी निशाना बनाया जा सकता है। इराक ने उस रिपोर्ट को पूरी तरह खारिज कर दिया है, जिसमें दावा किया गया था कि ईरान ने इराकी प्रधानमंत्री की ओर से पहुंचाए गए अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने वीरवार को ईरानी और इराकी अधिकारियों के हवाले से खबर दी थी कि ईरान ने अमेरिकी प्रस्ताव इसलिए ठुकरा दिया, क्योंकि उसमें होर्मुज पर नियंत्रण के मुद्दे का कोई समाधान नहीं था। हालांकि, शुक्रवार को इराकी प्रधानमंत्री के मीडिया ऑफिस ने बयान जारी कर कहा कि रिपोर्ट में किए गए दावों का सच्चाई से कोई संबंध नहीं है। (अनंत ज्ञान)

सनातन महंत राजेश्वरानंद बोले-भारतीय ऋषियों की हजारों वर्ष पुरानी जीवनशैली आज आधुनिक विज्ञान के लिए भी बन रही अध्ययन का विषय

अमेरिका-जर्मनी में जिस चातुर्मास पर हो रहे शोध, उसका संदेश दे रही छोटी काशी

अनंत ज्ञान

पुरानी मंडी में होंगे विशेष धार्मिक आयोजन

महंत राजेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज।

अनिल शर्मा, मंडी। तेजी से बदलती जीवनशैली और बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के बीच दुनिया अब भारत की प्राचीन परंपराओं की ओर नए नजरिए से देख रही है। अमेरिका और जर्मनी के शोध संस्थानों में जिस चातुर्मास की जीवनशैली, उपवास और संयम पर अध्ययन हो रहे हैं, उसी सनातन परंपरा का संदेश इन दिनों छोटी काशी मंडी से भी दिया जा रहा है।

यहां महंत राजेश्वरानंद सरस्वती स्वयं चातुर्मास व्रत का पालन करते हुए श्रद्धालुओं को इसके धार्मिक ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और स्वास्थ्य संबंधी महत्व से भी परिचित करा रहे हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार देवशयनी एकादशी से प्रारंभ होने वाला चातुर्मास आत्मसंयम, साधना और प्रकृति के अनुरूप जीवन जीने का चार माह का पर्व है। इस दौरान विवाह, गृह प्रवेश और अन्य मांगलिक कार्य स्थगित रहते हैं, जबकि साधु-संत एक स्थान पर रहकर जप, तप, स्वाध्याय और लोककल्याण का संकल्प लेते हैं।

कब क्या होगा

मंडी में भी चातुर्मास के दौरान धार्मिक आयोजनों की शृंखला चलेगी। 25 जुलाई को चातुर्मास प्रारंभ, वर्धापन दिवस, 29 जुलाई को गुरु व्यास पूजन, 12 अगस्त को हरियाली विशेष श्रृंगार पूजन, 19 अगस्त को गोस्वामी तुलसीदास जयंती, 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, 13 सितंबर को श्रीवराह जयंती, 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी, 19 सितंबर को श्री राधाष्टमी, 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी तथा 26 सितंबर को चातुर्मास पूर्णाहुति का आयोजन होगा।

शरीर और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित

महंत के अनुसार चातुर्मास का वास्तविक उद्देश्य मन, शरीर और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करना है। मंदिरों की स्वच्छता, भजन-कीर्तन, दान, सेवा, सात्विक आहार और संयमित जीवन व्यक्ति को आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ बेहतर स्वास्थ्य भी प्रदान करते हैं। उनका कहना है कि यदि चातुर्मास की मूल भावना को दैनिक जीवन में अपनाया जाए तो यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और अनुशासित जीवन जीने का प्रभावी सूत्र बन सकता है।

क्या करें क्या न करें

महंत राजेश्वरानंद सरस्वती महाराज बताते हैं कि चातुर्मास केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है। वर्षा ऋतु में शरीर की पाचन क्षमता कमजोर हो जाती है, इसलिए हमारे ऋषियों ने खान-पान और दिनचर्या के ऐसे नियम बनाए, जो शरीर को स्वस्थ रखने में सहायक हों। महाभारत सहित कई ग्रंथों में सावन में पत्तेदार साग, भाद्रपद में दही, आश्विन में दूध तथा कुछ अन्य खाद्य पदार्थों के सीमित सेवन का उल्लेख मिलता है। उनका कहना है कि नियंत्रित भोजन, उपवास और अनुशासित दिनचर्या पर आज विदेशों में हो रहे शोध भारतीय ज्ञान परंपरा की वैज्ञानिकता को प्रमाणित कर रहे हैं।

न्यूज ब्रीफ

अंब अस्पताल को मिली हैंड पोर्टेबल एक्स-रे मशीन

अनंत ज्ञान, अंब (ऊना)। क्षेत्रीय अस्पताल अंब को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली है। करीब 25 लाख की लागत से अस्पताल को अत्याधुनिक हैंड पोर्टेबल एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराई गई है। इस मशीन के माध्यम से अब चिकित्सकों की टीम जरूरत पड़ने पर पंचायत स्तर तक पहुंचकर मरीजों के एक्स-रे कर सकेगी। इससे विशेष रूप से बुजुर्गों, गंभीर रूप से बीमार और चलने-फिरने में असमर्थ मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। विधायक चिंतपूर्णी सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि पोर्टेबल एक्स-रे मशीन के माध्यम से अब दूरदराज के गांवों में भी स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा। जरूरतमंद मरीजों को सामान्य जांच के लिए अस्पताल तक बार-बार आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी दिशा में यह मशीन एक महत्वपूर्ण कदम है।

विधायक बबलू के खिलाफ अंब बाजार में नारेबाजी

अनंत ज्ञान, अंब (ऊना)। अंब मुख्य बाजार में शुक्रवार को सुमेश कुमार बिट्टू ने अपने समर्थकों के साथ चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने विधायक से सेना के संबंध में दिए गए कथित बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। सुमेश कुमार बिट्टू ने आरोप लगाया कि विधायक ने कुछ दिन पहले भारतीय सेना के खिलाफ अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी कर अपनी तथा अपनी पार्टी की मानसिकता को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि सेना देश की शान है और उसके सम्मान के खिलाफ किसी भी प्रकार की टिप्पणी स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने विधायक से सेना और देशवासियों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। सुमेश कुमार बिट्टू ने चेतावनी दी कि यदि विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने अपने कथित बयान पर माफी नहीं मांगी तो उनके खिलाफ न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सेब सीजन की सुस्ती ने बढ़ाई बेचैनी

पहले हफ्ते में ही कारोबार की रफ्तार थमी, पिछले साल के मुकाबले आवक में बड़ी गिरावट

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश के बागवानों के लिए इस बार सेब सीजन की शुरुआत उम्मीदों के मुताबिक नहीं रही। जिस सीजन से हर वर्ष मंडियों में रौनक, कारोबार में रफ्तार और बागवानों के चेहरों पर मुस्कान लौट आती है, वही इस बार सुस्त दिखाई दे रहा है। सीजन का पहला सप्ताह बीत जाने के बावजूद प्रदेश की प्रमुख फल मंडियों में सेब की आमद बेहद कम रही है। आंकड़े भी इस हकीकत की तस्दीक कर रहे हैं कि इस बार शुरुआत उम्मीदों से काफी पीछे चल रही है।

इससे न केवल बागवान बल्कि आढ़ती, कारोबारी और परिवहन से जुड़े लोग भी फिक्र में हैं। राज्य की प्रमुख फल मंडियों में अब तक केवल 1,06,438 सेब की पेटियां ही पहुंची हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष के मुकाबले बेहद कम है। बीते साल इसी अवधि तक करीब 9.40 लाख पेटियों का कारोबार दर्ज किया गया था। यानी इस बार की आवक पिछले साल के मुकाबले आधी भी नहीं पहुंच सकी है।

◆ **बागवानों और व्यापारियों के माथे पर बढ़ीं चिंता की लकीरें**

सीजन की शुरुआती रफ्तार इतनी धीमी रहने से पूरे कारोबार पर सवाल उठने लगे हैं।

बागवानी क्षेत्र से जुड़े जानकारों का मानना है कि इस बार मौसम में उतार-चढ़ाव, कई इलाकों में तुड़ाई का देर से शुरू होना और उत्पादन वाले क्षेत्रों में फसल के धीरे-धीरे तैयार होने का असर मंडियों में साफ दिखाई दे रहा है। यही वजह है कि मंडियों में अपेक्षित चहल-पहल अभी तक देखने को नहीं मिल रही है। हालांकि उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में ऊंचाई वाले क्षेत्रों से सेब की आवक बढ़ने पर कारोबार गति पकड़ सकता है।

व्यापारियों का कहना है कि फिलहाल मंडियों में सीमित आवक के कारण खरीद-बिक्री भी अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाई है। बागवान भी बेहतर गुणवत्ता और अनुकूल दाम मिलने की उम्मीद में फसल की तुड़ाई को लेकर एहतियात बरत रहे हैं। ऐसे में पूरे कारोबार की निगाहें अगले कुछ सप्ताह पर टिकी हुई हैं।

अगले कुछ सप्ताह तय करेंगे सीजन की असली तस्वीर

जानकारों का मानना है कि यदि मौसम अनुकूल रहा और ऊपरी क्षेत्रों से सेब की नियमित आवक शुरू हुई तो सीजन रफ्तार पकड़ सकता है। लेकिन यदि मौजूदा सुस्ती लंबी चली तो इसका सीधा असर प्रदेश की बागवानी अर्थव्यवस्था, मंडी कारोबार और हजारों परिवारों की आमदनी पर पड़ सकता है। फिलहाल पहले सप्ताह के आंकड़ों ने इतना जरूर साफ कर दिया है कि इस बार का सेब सीजन चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है और आने वाले दिन ही तय करेंगे कि यह सुस्ती अस्थायी साबित होगी या फिर पूरे सीजन पर इसका साया बना रहेगा।

सिरमौर के 21 वर्षीय युवक की राजस्थान में संदिग्ध मौत

अनंत ज्ञान, नाहन। सिरमौर जिले के उपमंडल शिलाई के तहत ग्राम पंचायत झाकंडो के एक 21 वर्षीय युवक द्वारा राजस्थान के श्री गंगानगर में फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का बेहद दर्दनाक मामला सामने आया है। मृतक युवक पिछले करीब एक साल से गंगानगर के एक होटल में कार्यरत था। वीरवार बीती रात करीब 11 बजे युवक का शव होटल परिसर के पिछले हिस्से में फंदे से लटका हुआ बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही झाकंडो गांव में मातम छा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान सचिन ठाकुर (21), पुत्र कंवर ठाकुर, निवासी ग्राम पंचायत झाकंडो, शिलाई, जिला सिरमौर के रूप में हुई है। सचिन पिछले 1 वर्ष से श्री गंगानगर के होटल में नौकरी कर रहा था।

बताया जा रहा है कि गुरुवार रात जब सचिन काफी देर तक अपनी ड्यूटी पर नज़र नहीं आया, तो होटल स्टाफ ने उसे फोन मिलाना शुरू किया। मोबाइल पर लगातार घंटी जा रही थी, लेकिन सचिन कॉल रिसीव नहीं कर रहा था। संदेह होने पर होटल स्टाफ ने परिसर में उसकी तलाश शुरू की। जब कर्मचारी ढूंढते हुए होटल की पिछले हिस्से में पहुंचे, तो वहां का नज़ारा देखकर स्तब्ध रह गए—सचिन वहां फंदे से लटका हुआ था। यह घटना रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है। घटना की भनक लगते ही होटल प्रबंधन ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया। वहीं, हादसे की खबर मिलते ही झाकंडो में मृतक के घर कोहराम मच गया। खबर सुनते ही पिता कंवर ठाकुर और गांव के कुछ लोग तुरंत राजस्थान के श्री गंगानगर के लिए रवाना हो गए हैं। गंगानगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और स्थानीय अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है।

अनीता को चाहिए जीवनदान सहायता के लिए बढ़ाएं हाथ

अनंत ज्ञान

UPI ID: anitadevibharol-1@oksbi

नगरोटा बगवां। मंडी की 36 वर्षीय अनीता धीमान पत्नी सुमित चंद पिछले काफी समय से लिवर की गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। स्वास्थ्य स्थिति लगातार बिगड़ने के बाद उन्हें 17 जुलाई को गंभीर अवस्था में पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती करवाया गया। चिकित्सकों द्वारा किए गए टेस्टों में सामने आया कि अनीता का लिवर फेल हो चुका है और जीवन बचाने के लिए शीघ्र लिवर प्रत्यारोपण (लिवर ट्रांसप्लांट) आवश्यक है। लिवर शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है, जो शरीर की कई आवश्यक क्रियाओं को संचालित करने में अहम भूमिका निभाता है। इसके ठीक से काम न करने की स्थिति में जीवन पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। वर्तमान में अनीता पीजीआई चंडीगढ़ में उपचाराधीन हैं और डॉक्टरों ने जल्द से जल्द प्रत्यारोपण करवाने की सलाह दी है। लिवर प्रत्यारोपण में लगभग 25 लाख रुपए का खर्च आने का अनुमान है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए इतनी बड़ी राशि जुटाना बेहद कठिन चुनौती बन गया है। बीमारी से जूझ

◆ **पीजीआई में 25 लाख से होना है लिवर का प्रत्यारोपण**

रही अनीता और उनका परिवार इस समय समाज के संवेदनशील लोगों और दानवीरों की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहा है। परिवार ने आमजन से भावुक अपील की है कि अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार आर्थिक सहयोग प्रदान करें, ताकि आवश्यक धनराशि जुटाकर अनीता का सफल उपचार करवाया जा सके और उन्हें नया जीवन मिल सके।

इस कठिन समय में की गई सहायता न केवल एक जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में मदद करेगी, बल्कि मानवता, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का एक प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत करेगी। कृपया दिए गए स्कैनर को स्कैन कर अपने सामर्थ्य अनुसार आर्थिक सहायता प्रदान करें।

विपक्ष को अपने शासनकाल का भी करना चाहिए आत्ममंथन

पेपर लीक मुद्दे पर सरकार का सहयोग करे विपक्ष: अनुराग

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि पेपर लीक जैसी गंभीर समस्या पर विपक्ष को सरकार के साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से वह छात्रों के भविष्य की चिंता करने के बजाय उनके आंदोलनों पर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगा हुआ है। ऐसे संवेदनशील विषयों पर राजनीति करना देश के युवाओं और शिक्षा व्यवस्था दोनों के हित में नहीं है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि विपक्ष को अपने शासनकाल का भी आत्ममंथन करना चाहिए।

राजस्थान में कांग्रेस सरकार के दौरान 17 पेपर लीक की घटनाएं हुईं। विभिन्न विपक्ष शासित राज्यों में 100 से अधिक पेपर लीक के मामले सामने आए, लेकिन उन सरकारों ने न तो दोषियों के विरुद्ध

प्रभावी कार्रवाई की और न ही इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान निकालने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने नीट पेपर लीक प्रकरण में त्वरित और निर्णायक कार्रवाई करते हुए 13 आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की। सरकार ने पूरी पारदर्शिता के साथ समयबद्ध तरीके से दोबारा परीक्षा आयोजित कराई, ताकि विद्यार्थियों के हितों की रक्षा हो सके और उनकी मेहनत पर कोई आंच न आए। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भविष्य में पेपर लीक जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित करने तथा ऐसे अपराधों में शामिल दोषियों के विरुद्ध और अधिक कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की स्पष्ट घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की प्राथमिकता युवाओं के सपनों की रक्षा करना, परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखना और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं है। उन्होंने विपक्ष से आह्वान किया कि वह इस गंभीर विषय पर राजनीतिक लाभ लेने के बजाय देश के छात्रों के हित में सकारात्मक सहयोग करें, ताकि परीक्षा प्रणाली को और अधिक सुरक्षित, पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाया जा सके।

किसानों की आय बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री ने लिए ऐतिहासिक निर्णय: कुलदीप पठानिया

कोल्ड स्टोर लगाने के लिए आगे आने की भी अपील की

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि किसानों, बागवानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कई सराहनीय योजनाएं आरंभ की हैं। सभी किसानों, बागवानों और पशुपालकों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। शुक्रवार को हमीरपुर के निकटवर्ती गांव नेरी में कृषि विभाग द्वारा आयोजित किसान जागरूकता शिविर में बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश, पूरे देश में ऐसा पहला राज्य है, जिसने प्राकृतिक खेती से तैयार की जाने वाली फसलों के लिए अलग से उच्च दाम निर्धारित किए हैं। दूध के मूल्य में भी रिकॉर्ड वृद्धि की गई है। प्रदेश सरकार के इन फैसलों का मकसद ग्रामीण क्षेत्रों में

रहने वाले लोगों को आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ करना है। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से आग्रह किया कि वे प्राकृतिक खेती को अपनाकर स्वयं के लिए शुद्ध अन्न तैयार करें तथा अपनी आय में भी वृद्धि करें।

उन्होंने कहा कि किसानों और बागवानों की नकदी फसलों के बेहतर विपणन और इन्हें अच्छे दाम सुनिश्चित करने के लिए विपणन बोर्ड की ओर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इसी कड़ी में कोल्ड स्टोरों की चेन विकसित करने पर जोर दिया गया है। कोल्ड स्टोर स्थापित करने के लिए सरकार भारी भरकम सब्सिडी दे रही है। किसान और बागवान इन कोल्ड स्टोरों में अपनी उपज को स्टोर कर सकते हैं और बाजार में अच्छे दाम मिलने की स्थिति में अपनी उपज को बाजार में उतार सकते हैं। उन्होंने लोगों से कोल्ड स्टोर लगाने के लिए आगे आने की अपील भी की।

कुलदीप सिंह पठानिया ने कृषि विपणन बोर्ड की अन्य योजनाओं की जानकारी भी दी।

पहले अपने वादों और जांच का हिसाब दे कांग्रेस पार्टी: संदीपनी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया और रोजगार के मुद्दे पर सियासी टकराव एक बार फिर तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी के हालिया बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मंत्री पहले अपनी सरकार के कार्यकाल में भर्ती प्रक्रियाओं, कथित बैकडोर नियुक्तियों और कर्मचारी चयन आयोग प्रकरण की स्थिति पर प्रदेश की जनता और युवाओं को जवाब दें, उसके बाद भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व पर टिप्पणी करें। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पहले नियमित भर्ती और पारदर्शी रोजगार व्यवस्था के बड़े वादे किए थे, लेकिन ढाई वर्ष बाद भी बेरोजगार युवाओं को केवल आश्वासन ही मिले हैं। भाजपा ने दावा किया कि प्रदेश का युवा आज भी नियमित भर्ती और रोजगार की प्रतीक्षा कर रहा है तथा सरकार अपने चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रही है। संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि कर्मचारी चयन आयोग को बंद करने के पीछे सरकार ने बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का हवाला दिया था, लेकिन आज तक न तो जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की गई और न ही दोषियों की स्पष्ट जिम्मेदारी तय की गई। उन्होंने सरकार से इस पूरे मामले पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग करते हुए कहा कि यदि वास्तव में इतने बड़े घोटाले हुए थे तो प्रदेश की जनता को पूरी सच्चाई बताई जानी चाहिए। भाजपा प्रवक्ता का आरोप है कि पिछली भर्ती प्रक्रियाओं में अंतिम चरण तक पहुंच चुके सैकड़ों अभ्यर्थियों का भविष्य भी सरकार के फैसलों से प्रभावित हुआ। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पारदर्शी भर्ती व्यवस्था को मजबूत करने के बजाय सरकार ने राजनीतिक प्रभाव के आधार पर बैकडोर नियुक्तियों को बढ़ावा दिया है, जिससे योग्य और पात्र युवाओं के साथ अन्याय हुआ है।



सीसीटीवी की चौकस निगरानी में ऊना जिला

जिले के 50 स्थानों पर कुल 200 कैमरों का नेटवर्क किया गया तैयार

अनंत ज्ञान

ऊना। जिले की सड़कों, बाजारों, प्रमुख चौकों और सार्वजनिक स्थलों पर अब आधुनिक कैमरों की चौबीसों घंटे नजर है।

उपायुक्त जतिन लाल की पहल पर संचालित 'सामर्थ्य' कार्यक्रम के तहत जिला रेडक्रॉस सोसायटी और विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के सीएसआर सहयोग से यह आधुनिक व्यवस्था विकसित की गई है। जिले के ऊना, बंगाणा, मैहतपुर, अंब और चिंतपूर्णी क्षेत्रों में कुल 50 स्थानों पर ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) प्रणाली स्थापित की गई है। प्रत्येक स्थान पर दो एएनपीआर और दो एविडेंस कैमरे लगाए गए हैं। इस प्रकार इन 50 स्थानों पर कुल 200 कैमरों का नेटवर्क तैयार किया गया है। इसके अलावा ऊना शहर में कुल 100 कैमरे लगाए गए हैं। इनमें 30 एएनपीआर, 60 एविडेंस तथा 10 पैन-टिल्ट-ज़ूम (पीटीजेड) कैमरे शामिल हैं, जिनकी चौबीसों घंटे निगरानी ऊना कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से की जा रही है। यह व्यवस्था कानून व्यवस्था तक ही सीमित नहीं है। जिले में आठ स्थानों पर इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) तथा 30 स्थानों पर व्हीकल एक्ट्यूएटेड स्पीड साइनेज स्थापित किए गए हैं। इन प्रणालियों के माध्यम से यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन, तेज रफ्तार वाहनों पर निगरानी तथा सड़क सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाया गया है।

निगरानी तंत्र का विस्तार जिले के अन्य क्षेत्रों तक भी किया गया है। बंगाणा में 32 तथा गगरेट में 16 कैमरे स्थापित किए गए हैं। निगरानी तंत्र का विस्तार जिले के अन्य क्षेत्रों तक भी किया गया है। बंगाणा में 32 तथा गगरेट में 16 कैमरे स्थापित किए गए हैं। वहीं, हरोली में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की पहल तथा जिला प्रशासन के समन्वय से विकसित अत्याधुनिक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के तहत 200 कैमरे स्थापित किए गए हैं।

उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि 'सामर्थ्य' का उद्देश्य विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ समाज की जरूरतों के अनुरूप ऐसे स्थायी समाधान विकसित करना है, जिनका सीधा लाभ आम लोगों को मिले। आधुनिक तकनीक आधारित निगरानी तंत्र इसी सोच का हिस्सा है। इससे अपराधों पर प्रभावी निगरानी, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिल रही है।

कांग्रेस का नीट मामले पर धरना राजनीतिक ड्रामा: बलबीर सिंह

अनंत ज्ञान

विवेक शर्मा, अंब। चिंतपूर्णी के पूर्व विधायक बलबीर सिंह ने कांग्रेस और स्थानीय विधायक सुदर्शन सिंह बबलू पर निशाना साधते हुए कहा कि नीट परीक्षा को लेकर हाल ही में किया गया धरना-प्रदर्शन पूरी तरह राजनीतिक ड्रामा था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस युवाओं को गुमराह कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है। पूर्व विधायक ने कहा कि वह स्थानीय विधायक को याद दिलाना चाहते हैं कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में एक-दो नहीं बल्कि कई भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए थे। पुलिस भर्ती पेपर लीक इसका प्रमुख उदाहरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन मामलों में शामिल लोगों के खिलाफ अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई, बल्कि कुछ अधिकारियों को बचाया गया और उन्हें उच्च पदों पर भी बैठाया गया। बलबीर सिंह ने कहा कि नीट परीक्षा तीन मई को आयोजित हुई थी। सात मई को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को पेपर लीक की सूचना मिली। इसके बाद 12 मई को आपराधिक जांच शुरू हुई और मामला सीबीआई को सौंप दिया गया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों से माफी भी मांगी और परीक्षा रद्द करने की घोषणा की। इसके बाद 21 जून को नई व्यवस्था के तहत दोबारा परीक्षा करवाई गई। उन्होंने दावा किया कि नई प्रणाली के तहत प्रश्नपत्रों के परिवहन और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए, जिसके चलते परीक्षा शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई तथा किसी प्रकार का पेपर लीक का मामला सामने नहीं आया। उन्होंने कहा कि इस मामले में सीबीआई ने 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी स्पष्ट किया है कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

प्रदेश में मानसून में बढ़ा संक्रमण का खतरा

डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए स्टार हेल्थ ने बढ़ाईं स्वास्थ्य सेवाएं

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। मानसून के दौरान हिमाचल प्रदेश में डेंगू, मलेरिया, वायरल बुखार और अन्य संक्रामक रोगों के बढ़ते खतरे को देखते हुए स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने राज्य में अपनी स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा बढ़ा दिया है। कंपनी के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में प्रदेश में बुखार एवं संक्रामक रोगों के लिए होम हेल्थकेयर सेवाओं के उपयोग में लगभग छह गुना वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि वर्चुअल ओपीडी सेवाओं की मांग भी तेजी से बढ़ी है। स्टार हेल्थ का कहना है कि मानसून के मौसम में बीमारी के शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज करना कई बार गंभीर स्थिति पैदा कर सकता है। इसी उद्देश्य से पॉलिसीधारकों के लिए 'टॉक टू स्टार' सेवा को और मजबूत किया

गया है, जहां 7200 222 333 पर कॉल कर होम हेल्थकेयर, नियोजित अस्पताल भर्ती, कैशलेस उपचार तथा नेटवर्क अस्पतालों से जुड़ी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। वहीं आम नागरिक स्टार हेल्थ कस्टमर ऐप के माध्यम से चौबीसों घंटे निःशुल्क वर्चुअल ओपीडी परामर्श लेकर समय रहते चिकित्सकीय सलाह प्राप्त कर सकते हैं। स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के हिमाचल प्रदेश बिजनेस हेड मनु बटूरा ने कहा कि समय पर चिकित्सकीय सलाह ही मानसून में गंभीर बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने

◆ **डॉक्टर से परामर्श से मरीजों को मिलेगी त्वरित सहायता**

बताया कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार निजी अस्पतालों में उपचार का खर्च लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में टेली-कंसल्टेशन, होम हेल्थकेयर और वर्चुअल ओपीडी जैसी सुविधाएं लोगों को आर्थिक राहत देने के साथ-साथ अस्पताल जाने की आवश्यकता को भी कम करती हैं। कंपनी ने पॉलिसीधारकों के लिए अनलिमिटेड टेली-कंसल्टेशन, 'टॉक टू स्टार' सहायता सेवा तथा आम जनता के लिए निःशुल्क वर्चुअल ओपीडी की सुविधा उपलब्ध कराई है, ताकि डेंगू, मलेरिया, वायरल बुखार और अन्य संक्रमणों के मामलों में लोगों को घर बैठे ही विशेषज्ञ चिकित्सकीय सलाह मिल सके और समय पर उपचार सुनिश्चित हो सके।

आपदा | संकट में त्वरित राहत पर सरकार का फोकस, हर पंचायत में तैयार होंगे आपदा मित्र

हिमाचल में आपदा से पहले की तैयारी शुरू

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष दीपक राठौर ने कहा कि प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता आपदा के दौरान प्रत्येक व्यक्ति के जीवन की रक्षा करना है। उन्होंने अधिकारियों से मानसून के दौरान समय पर कार्रवाई, बेहतर समन्वय और पूर्व तैयारियों के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बचत भवन शिमला में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने जिला प्रशासन की तैयारियों की सराहना की और निर्देश दिए कि प्रत्येक पंचायत में कम से कम पांच लोगों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति

समीक्षा बैठक को संबोधित करते हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष दीपक राठौर। अनंत ज्ञान

में स्थानीय स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य तेजी से किए जा सकें। दीपक राठौर ने बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एक आधुनिक मोबाइल ऐप विकसित कर रहा है, जिसके माध्यम से आपदा की सूचना कुछ ही सेकंड में राज्य एवं जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र तक पहुंच सकेगी। उन्होंने कहा कि ऐप का विकास अंतिम चरण में है और इसे शीघ्र शुरू किया जाएगा। बैठक के दौरान समेज त्रासदी पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें जिला प्रशासन के राहत एवं बचाव कार्यों की सराहना की गई।

उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अनुपम कश्यप ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य शिमला को अधिक सुरक्षित और आपदा सहनशील

◆ **आपदा सहनशील शिमला बनाने की दिशा में बढ़े कदम**

बनाना है। उन्होंने बताया कि आपदा जोखिम न्यूनीकरण, त्वरित राहत, आवश्यक सेवाओं की शीघ्र बहाली तथा प्रभावित परिवारों को समयबद्ध राहत उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशासन विभिन्न विभागों और स्थानीय समुदायों के सहयोग से प्रभावी आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और मजबूत कर रहा है। बैठक में प्रस्तुत जानकारी के अनुसार जिले की 219 पंचायतों को पंचायत इमरजेंसी रिस्पांस योजना से जोड़ा गया है, 200 सुरक्षित आश्रय स्थल चिन्हित किए गए हैं तथा 550 'आपदा मित्र' स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

न्यूज ब्रीफ

मंड इंदौरा में अवैध खनन पर पुलिस की कार्रवाई, पांच आरोपियों पर मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, इंदौरा। पुलिस जिला नूरपुर ने अवैध खनन के खिलाफ अभियान के तहत मंड इंदौरा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसपी धर्म चंद वर्मा ने बताया कि वार्ड नंबर 11 मंड इंदौरा में मानसून सत्र के दौरान लगाए गए खनन प्रतिबंध का उल्लंघन कर लोडर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से अवैध खनन किया जा रहा था। पुलिस ने आरोपियों बंटी, शिव, शाकू, नरेंद्र सिंह उर्फ बब्बू और नासर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है तथा अवैध खनन में शामिल अन्य लोगों और वाहनों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

पेट्रोल भरवाकर बिना पैसे दिए कार चालक फरार

अनंत ज्ञान, गग्गल। पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर लोअर राजोल स्थित डिओ पेट्रोल पंप पर एक कार चालक पेट्रोल भरवाने के बाद बिना भुगतान किए फरार हो गया। पंप कर्मी रजनीश कुमार ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे काले रंग की ऑल्टो कार पेट्रोल भरवाने पहुंची थी। टंकी भरने के बाद जैसे ही नोजल हटाया गया, चालक कार लेकर गग्गल की ओर भाग गया। कार में दो युवक और एक नवविवाहिता सवार थे। वाहन की नंबर प्लेट पर कीचड़ लगा होने के कारण नंबर स्पष्ट नहीं हो सका। पुलिस थाना गग्गल ने शिकायत मिलने के बाद सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

वार मेमोरियल में शहीदों को दी जाएगी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। वार मेमोरियल डेवलपमेंट सोसाइटी धर्मशाला की गवर्निंग काउंसिल की बैठक शुक्रवार को प्रधान कर्नल डढवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 26 जुलाई 2026 को वार मेमोरियल में आयोजित होने वाले कारगिल विजय दिवस समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गई। कर्नल डढवाल ने बताया कि कार्यक्रम में 9वीं कोर योल के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल आकाश जोहर मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। समारोह में पूर्व सैनिक, जिला प्रशासन के अधिकारी, नगर निगम आयुक्त और एनसीसी कैडेट्स सहित अन्य लोग उपस्थित रहेंगे। सोसाइटी ने नागरिकों से कार्यक्रम में पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि देने की अपील की है।

जनता की सेवा ही मेरी प्राथमिकता: पठानिया

अनंत ज्ञान, शाहपुर। शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि उनके लिए क्षेत्र की जनता की सेवा किसी भी अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम से अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि बोह क्षेत्र के सपेड़ा और गढ़यूं गांवों में बादल फटने की सूचना मिलते ही उन्होंने शिकागो का पूर्व निर्धारित दौरा रद्द कर प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। दुर्गम रास्तों और खराब मौसम के बावजूद वे प्रभावित परिवारों से मिले तथा राहत शिविर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पुनर्वास तक हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया और बीएमओ को राहत शिविर में पांच अतिरिक्त चिकित्सकों की तैनाती के निर्देश दिए, ताकि प्रभावितों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

कांग्रेस राज में फर्जी डिग्रियों की लंबी फाइलें: शर्मा

अनंत ज्ञान, धर्मशाला। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस शासनकाल में पेपर लीक और फर्जी डिग्रियों के अनेक मामले सामने आए। उन्होंने दावा किया कि नीट पेपर लीक मामले में केंद्र सरकार ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की है। राकेश शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकारों के समय शिक्षा व्यवस्था में भ्रष्टाचार बढ़ा और फर्जी डिग्रियों का कारोबार फलता-फूलता रहा। उन्होंने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार ने 900 के करीब शिक्षण संस्थान बंद कर दिए। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि उनके आरोप लगाने से पहले कांग्रेस नेताओं को अपने शासनकाल के शिक्षा क्षेत्र से जुड़े मामलों पर भी नजर डालनी चाहिए।

शांता ने नंद लाल के निधन पर जताया शोक

अनंत ज्ञान, पालमपुर। पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी नंद लाल शर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि नंद लाल शर्मा एक योग्य, ईमानदार और कर्मठ अधिकारी थे, जिन्होंने अपने कार्यों से विशेष पहचान बनाई। सतलुज जल विद्युत निगम में उनके योगदान को याद करते हुए शांता कुमार ने कहा कि उनकी मेहनत और नेतृत्व से निगम ने नई ऊंचाइयां हासिल कीं। उन्होंने विवेकानंद ट्रस्ट को सीएसआर के माध्यम से सहयोग देने और विश्रांति निर्माण में उनके योगदान की भी सराहना की। शांता कुमार ने शोक संतप्त परिवार और निगम के सभी सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

एक देश-एक शिक्षा बोर्ड समय की जरूरत: डोगरा

अनंत ज्ञान, पालमपुर। किसान नेता एवं समाजसेवी मनजीत डोगरा ने देश में एक समान शिक्षा व्यवस्था के लिए 'एक देश-एक शिक्षा बोर्ड' की अवधारणा का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग शिक्षा बोर्डों के कारण विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम, मूल्यांकन और परीक्षा प्रणाली में असमानताओं का सामना करना पड़ता है। एक समान शिक्षा बोर्ड लागू होने से सभी छात्रों को बराबर अवसर मिलेंगे और शिक्षा व्यवस्था अधिक पारदर्शी व प्रभावी बनेगी। उन्होंने सरकारों से व्यापक विचार-विमर्श कर शिक्षा सुधारों पर ठोस नीति बनाने की मांग की।

किसानों को मिली वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी

अनंत ज्ञान, पालमपुर। हंस आजीविका परियोजना के तहत द हंस फाउंडेशन एवं चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर के संयुक्त तत्वावधान में

22 से 23 जुलाई तक दो दिवसीय बागवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिला कांगड़ा के सुलह एवं लंबागांव विकास खंडों के 60 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में विशेषज्ञों ने उन्नत फल बागानों की स्थापना, पौधों की छंटाई, पोषण एवं उर्वरक प्रबंधन, सिंचाई, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा आधुनिक बागवानी तकनीकों की जानकारी दी। किसानों को विश्वविद्यालय के प्रायोगिक बागानों का भ्रमण करवाकर तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। परियोजना के अंतर्गत चयनित किसानों को फलदार पौधे निःशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे और फौंस फेंसिंग में 85 प्रतिशत खर्च परियोजना द्वारा वहन किया जाएगा। इसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और उन्हें वैज्ञानिक बागवानी अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

सियाचिन से लौटे जांबाज नायक अक्षय का सम्मान, गांव हार मिट्टा ने किया अभिनंदन

अनंत ज्ञान, गरली। विश्व के सबसे दुर्गम सैन्य क्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर से सफल तैनाती पूरी कर लौटे भारतीय सेना के नायक अक्षय कुमार का ग्राम पंचायत हार मिट्टा में भव्य नागरिक सम्मान किया गया। पंचायत प्रधान रेनू कौशल की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में उन्हें हिमाचली टोपी, शॉल और 8 ग्रेनेडियर्स की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम भारतीय सेना की पहल पर आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य वीर सैनिकों के सम्मान के साथ युवाओं में राष्ट्रसेवा की भावना जागृत करना था। वक्ताओं ने कहा कि सियाचिन जैसे कठिन मोर्चे पर सेवा देने वाले सैनिक पूरे देश के लिए प्रेरणा हैं। समारोह में पंचायत प्रतिनिधि, पूर्व सैनिक, युवा और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

आधी रात कालोहा-सदवां मार्ग पर गिरा पेड़, पूर्व प्रधान बिंदू ठाकुर ने संभाला मोर्चा

अनंत ज्ञान, सालबिया शर्मा, गरली। कालोहा-सदवां मार्ग पर वीरवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे विशाल पेड़ गिरने से यातायात करीब एक घंटे तक बाधित रहा। सड़क बंद होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही बणी पंचायत की पूर्व प्रधान बिंदू ठाकुर मौके पर पहुंचीं और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर राहत कार्य शुरू किया। रमेश कुमार व अन्य युवाओं की मदद से पेड़ की टहनियां काटकर मार्ग बहाल किया गया। लोगों ने उनके प्रयासों की सराहना की। बिंदू ठाकुर ने प्रशासन से बरसात में खतरनाक पेड़ों की जांच व कटाई की मांग की।

रामकथा से पहले लगाया खीर का भंडारा

अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। तारा माता महिला मंडल, बैजनाथ की ओर से शनिवार को खीर के भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महिला मंडल की प्रधान मंजू शर्मा ने बताया कि मंडल धार्मिक, सामाजिक और जनसेवा से जुड़े कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करता है। उन्होंने कहा कि 9 से 17 अगस्त तक महाराजा पैलेस, बैजनाथ में भव्य रामकथा का आयोजन होगा। परंपरा के अनुसार किसी भी बड़े धार्मिक आयोजन से पहले भगवान भोलेनाथ को खीर का भोग अर्पित कर आयोजन की सफलता, क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की प्रार्थना की जाती है। इसी परंपरा के तहत खीर का भंडारा आयोजित किया गया।

नगरोटा में 24वें बाल मेले का आगाज

माता बज्रेश्वरी और माता चामुंडा देवी का आशीर्वाद लेकर आरएस बाली ने किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान

कपिल वासुदेवा, नगरोटा। विकास पुरुष स्वर्गीय जीएस बाली की स्मृतियों को समर्पित जीएस बाली बाल मेला 2026 का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। बाल मेला कमेटी और नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के लोगों के अथक प्रयासों से आयोजित होने वाला यह मेला इस वर्ष अपने 24वें संस्करण में प्रवेश कर गया है।

बाल मेले के शुभारंभ से पहले पर्यटन निगम के अध्यक्ष एवं बाल मेला कमेटी के मुख्य संरक्षक आरएस बाली ने सपरिवार माता बज्रेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने माता चामुंडा देवी धाम पहुंचकर शीश नवाया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

उन्होंने कहा कि माता ब्रजेश्वरी, माता चामुंडा देवी और माता नारदा-शारदा के आशीर्वाद से ही हर वर्ष इस आयोजन को सफलतापूर्वक पूरा करने की शक्ति मिलती है। बाल मेले के

आरएस बाली बाल मेले का शुभारंभ करते हुए। अनंत ज्ञान

प्रथम दिन आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मैडम विप्लव ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस अवसर पर बाल मेला कमेटी के मुख्य संरक्षक आरएस बाली, हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा, बाल मेला कमेटी अध्यक्ष मानसिंह सहित कमेटी के सदस्य और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

आरएस बाली ने कहा कि बाल मेला किसी एक व्यक्ति का आयोजन नहीं, बल्कि नगरोटा वासियों और बाल मेला कमेटी के सामूहिक प्रयासों और

रक्तदान शिविर में 225 यूनिट रक्त किया एकत्रित

प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जीएस बाली ने अपना पूरा जीवन जनता की सेवा के लिए समर्पित किया है।

रक्तदान शिविर में 225 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। आरएस बाली ने स्वयं भी रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, क्योंकि एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान कई जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाने में सहायक बन सकता है।

जीएस बाली ने लोगों के अधिकारों व क्षेत्र के विकास के लिए किया संघर्ष : विप्लव ठाकुर

मैडम विप्लव ठाकुर ने कहा कि स्वर्गीय जीएस बाली ने अपने जीवनभर लोगों के अधिकारों और क्षेत्र के विकास के लिए संघर्ष किया। उन्होंने नगरोटा विधानसभा क्षेत्र को पिछड़े क्षेत्र से निकालकर विकास के मॉडल क्षेत्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके जनकल्याणकारी कार्यों के कारण ही उन्हें विकास पुरुष की पहचान मिली।

52 कंपनियां देंगी 6000 युवाओं को रोजगार

विकास पुरुष जीएस बाली बाल मेला 2026 के तहत आयोजित होने वाले मेगा रोजगार मेले में 52 कंपनियां करीब 6000 युवाओं का चयन करेंगी। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार और कोऑर्डिनेटर अमित सूद ने बताया कि मेले के लिए अब तक 52 कंपनियों ने पंजीकरण करवाया है। चयनित युवाओं को 14 हजार से 50 हजार रुपए तक वेतन दिया जाएगा। साक्षात्कार में दसवीं, बारहवीं, बीए, आईटीआई, डिप्लोमा और डिग्रीधारक युवा भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि मेले में सिस इंडिया, रिलायंस जिओ, टीवीएस, आईटीसी, वर्धमान, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हैवेल्स सहित कई नामी कंपनियां शामिल होंगी। युवाओं से 25 और 26 जुलाई को राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में पहुंचकर रोजगार मेले का लाभ उठाने की अपील की गई है।

हैप्पी बर्थडे

प्रागपुर के परितोष गर्ग को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से शुभकामनाएं।

41.40 ग्राम चिट्टा मामले में पांचवां आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, इंदौरा। नूरपुर पुलिस ने 41.40 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामदगी मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए नेटवर्क के पांचवें आरोपी दीपक उर्फ दीपू (27) निवासी कंडवाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी मुख्य आरोपी अमन से डिजिटल पेमेंट के माध्यम से हेरोइन खरीदता था। तकनीकी और वित्तीय साक्ष्यों के आधार पर डमटाल पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट की धारा 29 के तहत गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार मामले में अब तक पांच आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पुलिस ने कहा कि नशा तस्करों के पूरे नेटवर्क के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत कार्रवाई जारी रहेगी।

जंतर-मंतर पर छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में एनएसयूआई और कांग्रेस का प्रदर्शन

एनएसयूआई व कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। नीट पेपर लीक मामले और दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को धर्मशाला में एनएसयूआई और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी भी शामिल हुए और केंद्र सरकार से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। देवेंद्र जग्गी ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग किया गया और उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस ली जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पेपर लीक जैसे मामलों की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए तथा छात्रों की मांगों पर केंद्र सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। प्रदर्शन में शामिल छात्रा अलीशा ने कहा कि यह मुद्दा किसी राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य का है।

उन्होंने मांग की कि सभी प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी बनाने और पेपर लीक रोकने के लिए सख्त कानून बनाया जाए। नीट पेपर लीक से लाखों मेहनती छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार को दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

डीएवी कॉलेज कांगड़ा के अक्षज शर्मा ने नीट में हासिल की ऑल इंडिया 756वीं रैंक

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। डीएवी कॉलेज कांगड़ा के प्रतिभाशाली छात्र अक्षज शर्मा ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक (AIR) 756 हासिल कर कॉलेज, परिवार और हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से कॉलेज परिसर में खुशी और गर्व का माहौल है। अक्षज शर्मा ने अपनी



सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपनी मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य भविष्य में कार्डियोलॉजिस्ट बनकर समाज की सेवा करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता के लिए नियमित अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास बनाए रखने का संदेश दिया।

डीएवी कॉलेज कांगड़ा के ही छात्र रहे अभिषेक ने भी नीट 2026 परीक्षा उत्तीर्ण कर कॉलेज का गौरव बढ़ाया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शिक्षकों की मांगों पर एक्शन ले शिक्षा विभाग

वार्षिक बैठक बहाल कर मांगों का हो निपटारा: शिक्षक संघ

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा निदेशालय सभी शिक्षक संघों के साथ शीघ्र वार्ता करे। शिक्षक संघों ने मांग पत्र भी आमंत्रित किए जाएं और उनकी मांगों को बैठक से पहले सूचीबद्ध किया जाए। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश स्कूल शिक्षा सचिव और स्कूल शिक्षा निदेशक सहित शिक्षामंत्री से की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और राज्य महासचिव विजय हीर ने कहा कि शिक्षक संगठनों को वार्षिक बैठक हेतु बुलाने की परंपरा समाप्ति के कगार पर है जिसके चलते शिक्षकों की अनेकों मांगें लंबित हो गई हैं।

इसके चलते शिक्षक न्याय यात्रा पर निकलने को विवश हैं। एकतरफ टीईटी के चलते शिक्षकों की नौकरियों पर संकट है और दूसरी तरह हजारों रिक्त पदों के चलते शिक्षा व्यवस्था संकट में है। पिछले तीन साल में औसत हर दिन एक स्कूल बंद हुआ यानि 1400 से ज्यादा शिक्षण संस्थान बंद या विलय हुए। क्लस्टर सिस्टम में शिक्षकों के रिक्त पद भरने की बजाय प्रतिनियुक्ति को प्राथमिकता देने से नए शिक्षकों की भर्तियां और सेवारत शिक्षकों की प्रमोशन लटकी है। सीबीएसई स्कूलों में सेवारत शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति से लेकर टीजीटी शिक्षकों की 9 साल से लंबित

नहीं हुई जेसीसी, कर्मी हताश

संघ ने कहा कि शिक्षकों की अलग जेसीसी नहीं है और कर्मचारियों की जेसीसी भी सरकार ने नहीं बुलाई है।अगले माह डीए की एक किश्त हर हाल में मिलनी चाहिए। लंबित 15 प्रतिशत डीए और इसके एरियर, वेतन आयोग के वर्ष 2016 से 2022 तक के एरियर का भुगतान लंबित है जिसको और टालना संभव नहीं है।

वरिष्ठता सूची, विभागीय प्रमोशन का तीन साल से लटकना, 4-9-14 के लाभ देने में विलंब, पदोन्नत शिक्षकों जैसे प्रवक्ता, हेडमास्टर और प्रिंसिपल के वेतन निर्धारण में अत्यधिक विलंब, कोर्ट केस के माध्यम से देय लाभों के निर्णय लेने और लाभ देने की अधिसूचनाओं में अत्यधिक विलंब आदि अनेकों ऐसे मामले हैं जो कि केवल शिक्षा विभाग से जुड़े हुए हैं और इनके समाधान में भी अनावश्यक विलंब हो रहा है।

वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर अन्यायपूर्ण तरीके से टी ई टी थोपने के निर्णय के खिलाफ शिक्षक संसद के समक्ष धरने की तैयारी में हैं। राज्य की विधायिका उनके लिए राहत का विधेयक मानसून सत्र में लाए और सुप्रीम कोर्ट में जम्मू कश्मीर की तरह क्यूरेटिव याचिका दायर करे।

अर्बन सिटी प्लान 2030 से आधुनिक शहर बनेगा धर्मशाला

सुधीर बोले- 24 विषयों पर तैयार विजन प्लान, पर्यटन, हरित ऊर्जा व बुनियादी सुविधाओं पर रहेगा फोकस

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। नगर निगम धर्मशाला को वर्ष 2030 तक देश के सबसे आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल और आत्मनिर्भर नगर निगमों में शामिल करने के उद्देश्य से तैयार किए गए अर्बन सिटी प्लान-2030 को नगर निगम की पहली आम बैठक में स्वीकृति मिल गई। विधायक सुधीर शर्मा ने सदन में यह विजन प्लान प्रस्तुत किया, जिसे मेयर शमशेर नेहरिया, सभी पार्षदों और अधिकारियों ने मंजूरी देते हुए आगामी वर्षों में 24 प्रमुख विकास कार्यों को धरातल पर उतारने का संकल्प लिया। इन योजनाओं के लिए केंद्र सरकार सहित विभिन्न वित्तीय स्रोतों से बजट उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

सुधीर शर्मा ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य धर्मशाला को देश के प्रमुख पर्यटन शहरों से भी बेहतर बनाना है। इसके लिए नगर निगम की आय बढ़ाने के नए संसाधन विकसित किए जाएंगे तथा स्थानीय जरूरतों और पर्यटन सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि धर्मशाला को देश का पहला शत-प्रतिशत सौर ऊर्जा आधारित नगर निगम बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए नगर निगम क्षेत्र में सौर ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही कचहरी स्थित केसीसी बैंक के साथ टाइअप कर विकास कार्यों को कम लागत और अधिक प्रभावी ढंग से पूरा करने की योजना है।

विधायक ने बताया कि नगर निगम में शामिल नए क्षेत्रों के संतुलित विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विजन-2030 केवल बड़े प्रोजेक्टों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि स्वच्छता, सुगम यातायात, हरित ऊर्जा, पर्यटन सुविधाओं और खेल अवसंरचना के विकास पर भी समान रूप से फोकस रहेगा। लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक धर्मशाला एक स्मार्ट, स्वच्छ, पर्यटक हितैषी और स्पोर्ट्स हब नगर निगम के रूप में स्थापित हो।

धर्मशाला एमसी की पहली आम सभा में 15 विकास परियोजनाएं फाइनल

धर्मशाला नगर निगम की नई कार्यकारिणी की पहली आम सभा मेयर शमशेर सिंह नेहरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें विधायक सुधीर शर्मा भी मौजूद रहे। बैठक में 12 से 15 विकास परियोजनाओं को अंतिम रूप दिया गया, जिनकी डीपीआर तैयार कर सरकार से धनराशि मांगी जाएगी। सभी 17 वार्डों के पार्षदों ने अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याएं रखीं। नगर निगम आयुक्त जफर इकबाल ने बताया कि स्ट्रीट लाइट, जल निकासी और नालियों की समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि निगम ने दो वर्षों में तीन करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व जुटाया है तथा अवैध पोस्टर लगाने पर छह लाख रुपये के चालान किए गए हैं। पर्यटन विकास और नगर निगम में स्टाफ की कमी दूर करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

पहली सभा में गूंजी वार्डों की समस्याएं, मेयर ने दिए समाधान के निर्देश

एमसी धर्मशाला की पहली त्रैमासिक आम सभा में सभी 17 वार्डों के पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों की मूलभूत समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। मेयर की अध्यक्षता में हुई बैठक में विधायक सुधीर शर्मा, डिप्टी मेयर प्रेरणा गुलेरिया और आयुक्त जफर इकबाल भी उपस्थित रहे। पार्षदों ने सड़क, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, पेयजल, नालियों की सफाई, पार्क, पार्किंग और सामुदायिक भवनों से जुड़े मुद्दे रखे। मेयर ने संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर मौके पर जाकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में वार्डवार विकास कार्यों को प्राथमिकता देने व शहर की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत बनाने पर भी सहमति बनी।

नूरपुर पुलिस ने साइबर ठगी मामले में बिहार से दबोचा एक और आरोपी

अनंत ज्ञान

अशोक ठाकुर, इंदौरा। पुलिस जिला नूरपुर ने ऑनलाइन साइबर ठगी के एक मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए बिहार निवासी एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज के निर्देशन में

वर्ष 2024 में थाना नूरपुर में दर्ज 3.20 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी के मामले की जांच के दौरान यह कार्रवाई की गई।

एएसपी धर्म चंद वर्मा ने बताया कि जनवरी 2024 में नूरपुर निवासी शिमला देवी से अज्ञात साइबर अपराधियों ने फोन कॉल के जरिए झांसा देकर गूगल पे के माध्यम से 3.20 लाख रुपये ठग लिए थे। मामले की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई, जिसने तकनीकी विश्लेषण, डिजिटल ट्रैकिंग, बैंक खातों और वित्तीय लेन-देन की जांच के आधार पर अंतरराज्यीय नेटवर्क का खुलासा किया। पहले आरोपी महावीर कुमार की गिरफ्तारी के बाद जांच में बिहार के पश्चिम चंपारण निवासी नूर आलम की संलिप्तता सामने आई, जिसे पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और लोगों से अज्ञात कॉल, ओटीपी, क्यूआर कोड व संदिग्ध लिंक से सावधान रहने की अपील की है। साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन या साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने को कहा गया है।

मनियाड़ा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 59 मरीजों की हुई जांच

मनियाड़ा में स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

राकेश डोगरा, डरोह। हिमाचल डायबिटीज स्ट्रोक सोसायटी के सहयोग से भारद्वाज मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल, अरला द्वारा शुक्रवार को मनियाड़ा पंचायत परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्रवासियों के लिए मधुमेह जांच सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधाएं उपलब्ध करवाई गईं। चिकित्सकों की सलाह पर जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।

शिविर का आयोजन हिमाचल डायबिटीज स्ट्रोक सोसायटी की अध्यक्षा राधिका शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। अस्पताल की विशेषज्ञ मेडिकल टीम ने सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक मरीजों की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया।

इस दौरान कुल 59 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्थानीय लोगों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। अस्पताल के निदेशक डॉ. प्रेम भारद्वाज ने कहा कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन जारी रखा जाएगा।

योल पटवारखाने में ताला, राजस्व कार्यों के लिए भटक रहे लोग

अनंत ज्ञान, मनोज चंदेल, योल। योल क्षेत्र के लोगों को राजस्व संबंधी छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी पटवारखाने के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। स्थायी पटवारी की तैनाती न होने के कारण कार्यालय अधिकांश समय बंद रहने से लोगों में नाराजगी है। कई बार लोग उम्मीद लेकर पहुंचते हैं, लेकिन ताला लटका मिलने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इंतकाल, जमाबंदी, सत्यापन और अन्य राजस्व कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं। निवासी विकास राणा ने बताया कि वह पिछले चार दिनों से भूमि संबंधी दस्तावेज पर पटवारी की रिपोर्ट के लिए कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन हर बार कार्यालय बंद मिला। तहसीलदार धर्मशाला राहुल शर्मा ने बताया कि योल में स्थायी पटवारी का पद रिक्त है। लोगों की सुविधा के लिए अब प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को पटवारी के योल पटवारखाने में बैठने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि जनता को असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

बारिश से कोटला-सोलधा संपर्क मार्ग पर खतरा

बैठने लगे सुरक्षा डंगे व सड़क में आई दरारें, ग्रामीणों ने की स्थायी मरम्मत की मांग

अनंत ज्ञान

कोटला। उपमंडल कोटला के अंतर्गत आने वाले कोटला-सोलधा संपर्क मार्ग की हालत लगातार हो रही बारिश के बीच बेहद चिंताजनक हो गई है। मार्ग के किनारे बने कई सुरक्षा डंगे (रिटेनिंग वॉल) जगह-जगह बैठने लगे हैं, जिससे सड़क का बड़ा हिस्सा कमजोर पड़ गया है। कई स्थानों पर सड़क के किनारे दरारें उभर आई हैं और यदि समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो सड़क का हिस्सा धंसने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क के ऊपर से फोरलेन का निर्माण होने के बाद अब इसका प्रभाव धीरे-धीरे इस संपर्क मार्ग पर भी दिखाई देने लगा है। बारिश के पानी के तेज बहाव के कारण सड़क के नीचे की मिट्टी खिसक रही है, जिससे डंगे कमजोर पड़ते जा रहे हैं और सड़क की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष भी भारी बारिश के दौरान इस मार्ग के कई डंगे गिर गए थे, लेकिन तब निर्माण विभाग की ओर से आज तक उनका स्थायी पुनर्निर्माण नहीं किया गया। केवल अस्थायी व्यवस्था कर

सड़क का हिस्सा धंसने का खतरा बना हुआ है। अनंत ज्ञान

मामला छोड़ दिया गया, जिसका परिणाम इस वर्ष फिर सामने आ रहा है। हर बारिश के साथ सड़क और अधिक क्षतिग्रस्त होती जा रही है। इस मार्ग से प्रतिदिन सोलधा सहित आसपास के गांवों के लोग, स्कूली छात्र, कर्मचारी, किसान और अन्य वाहन चालक आवाजाही करते हैं। सड़क की बिगड़ती हालत के कारण लोगों को हर समय हादसे का डर बना रहता है। बरसात के मौसम में छोटे वाहनों और दोपहिया चालकों के लिए यह मार्ग और भी जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग, कोटला से मांग की है कि मार्ग का तुरंत निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त डंगों का स्थायी निर्माण कराया जाए। साथ ही जहां सड़क धंसने का खतरा है, वहां सुरक्षा कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएं ताकि किसी बड़े हादसे से पहले स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि विभाग ने समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए तो लगातार हो रही बारिश के बीच यह संपर्क मार्ग पूरी तरह बाधित हो सकता है, जिससे कई गांवों का संपर्क प्रभावित होगा और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

न्यूज ब्रीफ

हीरानगर, मटाहनी में कल बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। 11 केवी माइक्रोवेव फीडर में जीओ स्विच की मरम्मत, लाइन रखरखाव और पेड़ों की काट-छांट के चलते 26 जुलाई को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक गुरुकुल स्कूल, हीरानगर, कृष्णानगर, मटाहनी, पक्का भरो, हिम अकादमी पब्लिक स्कूल घरियाना मसंदा, रेस्ट हाउस, प्रताप होटल, गन्दा नौण, केंद्रीय विद्यालय, श्याम नगर, जज रेजिडेंस, नडीयाणा तथा आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने बताया कि यदि 26 जुलाई को मौसम खराब रहा तो यह कार्य 2 अगस्त को किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

डीसी ऑफिस, गांधी चौक में कल पावर कट

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। 11 केवी लोकल हमीरपुर फीडर के अंतर्गत जीओ स्विच के रिपेयर, पीसीसी पोल को बदलने, लाइन के रखरखाव तथा पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते 26 जुलाई को अणु कलां, पूल्ड कॉलोनी , पीडब्ल्यूडी कार्यालय तथा कॉलोनी , एसडीएम ऑफिस, डीसी ऑफिस, गांधी चौक, अप्पर मार्किट, नादौन चैक , बस स्टैंड, प्रताप नगर, ब्राई बल्ह, प्रताप गली, पुलिस स्टेशन और आस-पास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने बताया कि अगर 26 जुलाई को मौसम खराब रहा तो लाइनों की मरम्मत का कार्य 2 अगस्त को किया जाएगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

अजय ठाकुर बने झरेड़ी बूथ के कांग्रेस प्रभारी

अनंत ज्ञान, बड़ा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नादौन ने अजय ठाकुर को झरेड़ी बूथ का

प्रभारी नियुक्त किया है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद ने शुक्रवार को उनकी नियुक्ति के आदेश जारी किए। झरेड़ी गांव निवासी एवं भारतीय सेना से सेवानिवृत्त अजय ठाकुर लंबे समय से कांग्रेस पार्टी और सामाजिक कार्यों से जुड़े हैं। नियुक्ति पर अजय ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और ब्लॉक कांग्रेस नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा से जिम्मेदारी निभाएंगे तथा संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर बूथ पदाधिकारियों और स्थानीय कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए उनका स्वागत किया।

नीट घोटाले के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन आज

अनंत ज्ञान, बड़सर। कांग्रेस नेता पवन कुमार कालिया ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय शर्मा की अध्यक्षता में 25 जुलाई को सुबह 10 बजे कांग्रेस कार्यालय मैहरे में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक एकत्रित होंगे। कार्यक्रम में पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। इसके बाद नीट घोटाले और 'चंदा चोर' के विरोध में मैहरे बाजार से मंदिर परिसर तक शांतिपूर्ण विरोध मार्च निकाला जाएगा। मंदिर परिसर में लोकतांत्रिक तरीके से भजन-कीर्तन का आयोजन भी होगा। कालिया ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

जिलास्तरीय सम्मेलन को लेकर की चर्चा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ की बैठक जिला संयोजक सतीश गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला सहसंयोजक, मंडल संयोजक व सहसंयोजक सहित करीब 25 पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्धारित जिला स्तरीय सम्मेलन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने सम्मेलन आयोजित करने पर सहमति जताई और शीघ्र ही अगली बैठक में तिथि घोषित करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान लंबित मेडिकल बिल, पेंशन भुगतान में देरी और डीए एरियर जैसी कर्मचारियों की समस्याओं पर भी गंभीर चर्चा हुई। पूर्व कर्मचारियों ने कहा कि वर्ष 2022 में सरकार द्वारा किए गए कई वादे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं, जिससे कर्मचारी निराश हैं। उन्होंने लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की मांग उठाई।

एमबीए-एमसीए की 165 सीटें आवंटित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने संबंधित शिक्षण संस्थानों में एमबीए और एमसीए की सीटें ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से आवंटित की। दूसरे चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग में एचपीसीईटी की मेरिट के आधार पर कुल 165 सीटें आवंटित की गई, जिसमें एमबीए की 88 और एमसीए की 77 सीटें शामिल है। काउंसलिंग में जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित हुई हैं, उन्हें संबंधित शिक्षण संस्थान में 27 जुलाई सायं पांच बजे तक रिपोर्ट करनी होगी। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि एमबीए और एमसीए की तीसरे चरण की सीटें 29 जुलाई को आवंटित की जाएगी।

नादौन में एनसीसी व एनएसएस नामांकन के लिए पहली बार ऑनलाइन पोर्टल शुरू

अनंत ज्ञान, नादौन। सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय नादौन में एनसीसी एवं एनएसएस विद्यार्थियों के नामांकन के लिए पहली बार ऑनलाइन नामांकन पोर्टल का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य नामांकन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाना है, जिससे विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण कर सकेंगे। यह महाविद्यालय में पेपरलेस प्रशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्या प्रो. कल्पना चड्डा ने की। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक वर्तमान समय की आवश्यकता है और ऑनलाइन प्रणाली से प्रशासनिक कार्य अधिक प्रभावी होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से एनसीसी व एनएसएस से जुड़कर अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कई प्राध्यापक एवं एनसीसी-एनएसएस अधिकारी उपस्थित रहे।

ढाई किमी लंबा बनेगा 'यूटिलिटी डक्ट'

हमीरपुर शहर को मिलेगी नई पहचान, 150 करोड़ का सिटी सेंटर भी होगा तैयार

- अंडरग्राउंड यूटिलिटी डक्ट से बदलेगी शहर की तस्वीर
- छह मंजिला सिटी सेंटर से बढ़ेगी पार्किंग सुविधा

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। हमीरपुर शहर की कई मुख्य समस्याओं को हल करने के लिए ढाई किमी लंबा 'यूटिलिटी डक्ट' तैयार होगा, इसकी डीपीआर लगभग तैयार हो गई है। मुख्य बाजार और मेन रोड़ दोनों सड़कों के भीतर इसका निर्माण होगा। इसके अलावा 150 करोड़ रुपए की लागत से मौजूदा बस अड्डे की जगह 'सिटी सेंटर' का भी निर्माण किया जाएगा। इसकी भी डीपीआर तैयार हो रही है। 6 मंजिलों वाले इस केंद्र में पहली तीन बेसमेंट में कार पार्किंग की सुविधा बनेगी और बाकी जगह अलग तरह का सिस्टम तैयार होगा।

पीडब्ल्यूडी के हमीरपुर स्थित एक्सीडेंट दीपक कपिल और एसडीओ संजय कटोचना बताया कि इन दोनों डीपीआर पर काम हो रहा है। सिटी सेंटर के लिए 150 करोड़ सरकार ने निर्माण के लिए पैसा आवंटित भी कर दिया है। जबकि 'यूटिलिटी डक्ट' के लिए 15 करोड़ डिपॉजिट मनी भी मिल गया है। 'अनंत ज्ञान' से बातचीत करते हुए इन अधिकारियों ने बताया कि सिटी सेंटर की 6 मंजिलें बनेंगी। पार्किंग की ज्यादा समस्या है, इसीलिए तीन बेसमेंट में कार पार्किंग की सुविधा होगी। मुख्य बाजार से जोड़ने के लिए फिलहाल वहां पर ओवरब्रिज की कोई प्लानिंग नहीं है। लेकिन उनका कहना था कि आगे चलकर यदि इसकी जरूरत महसूस हुई तो इसका भी निर्माण हो सकता है।

एक्सईएन दीपक कपिल

एसडीओ संजय कटोच

अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

उनका कहना था कि यूटिलिटी डक्ट की चौड़ाई 5 फीट रहेगी और हाइट कम से कम 6 फुट तैयार होगी, यह हाइट व्यवस्था के हिसाब से बढ़ भी सकती है। डीसी ऑफिस से लेकर मुख्य बाजार में भोटा चौक तक और फिर भोटा चौक से नादौन चौक तक इसका निर्माण होगा। डीपीआर तैयार हो रही है। करीब ढाई किलोमीटर लंबा यह यूटिलिटी डक्ट बनेगा। इसके लिए फिलहाल 15 करोड रुपए मिल गया है और यह प्रोजेक्ट बड़े बजट का होगा शुरुआत में जितना बन पाएगा उतना तैयार होगा उसे इसकी यूटिलिटी का भी अंदाजा होगा और जैसे-जैसे बजट का प्रोविजन होगा, इसका निर्माण मुकम्मल हो जाएगा।

इस यूटिलिटी डक्ट में बिजली, पानी, टेलीकॉम कंपनियों की तारें और अन्य तरह के सुविधा वाले पाइपलाइन अंडरग्राउंड इस यूटिलिटी डक्ट के जरिए जा सकेंगे। इससे शहर खूबसूरत होगा और बिजली के जो खंबे और उन पर फैला तारों का जाल, इस शहर से गायब हो जाएगा।

नया निर्माणाधीन बस अड्डा अक्तूबर माह के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगा। इसकी आठ मंजिलें होंगी, चार मंजिलें बेसमेंट में हैं, एक ग्राउंड फ्लोर है और तीन मंजिलें ऊपर तैयार होंगी। चार मंजिलों के बेसमेंट में बैंक्विट हाल भी तैयार होगा। जिसे किराए पर दिया जा सकता है। तैयार होने के बाद इसका परपज कोई और होगा, तो उस पर भी इसकी सुविधा मिल सकती है। जिसे जितनी जरूरत होगी, उस हिसाब से इसकी जगह आवंटित होगी। बस अड्डे के बगल से निकलने वाले नाले की चैनेलाइजेशन का काम भी चल रहा है और यह सारा काम अक्टूबर माह तक मुकम्मल हो जाएगा।

ईएसआईसी हमीरपुर ने मृत आउटसोर्स कर्मचारी के परिवार को दी पेंशन सुविधा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) शाखा कार्यालय हमीरपुर ने मृत बीमित आउटसोर्स कर्मचारी स्वर्गीय राकेश कुमार के परिवार को आश्रितजन हितलाभ (पेंशन) सुविधा प्रदान की है। राकेश कुमार मेसर्स आरके एंड कंपनी के माध्यम से एनआईटी हमीरपुर में कार्यरत थे। कार्य के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद 21 फरवरी को उनका निधन हो गया था। ईएसआईसी ने उनके परिवार को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हुए पेंशन शुरू की। शाखा प्रबंधक अमित कुमार ने बताया कि ईएसआई योजना के तहत श्रमिकों को बीमारी, अपंगता, मातृत्व सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा लाभ दिए जाते हैं। उन्होंने नियोजकों से पात्र कर्मचारियों का समय पर पंजीकरण करवाने की अपील की।

धनेटा में विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियों और क्लबों की जानकारी देकर किया जागरूक

अनंत ज्ञान, धनेटा। राजकीय महाविद्यालय धनेटा में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर अभिविन्यास एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र 2026-27 में शुरू की गई विभिन्न सोसाइटियों और क्लबों की जानकारी देते हुए इनमें सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां व्यक्तित्व विकास में सहायक होती हैं। डॉ. प्रीतम चंद ने केंद्र व प्रदेश सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी। छात्रवृत्ति समन्वयक डॉ. अजय ने विद्यार्थियों को नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करने के लिए क्लबों से जुड़ने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में एनएसएस, खेलकूद समिति, पर्यावरण क्लब, करियर सेल सहित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई।

पेंशन लाभार्थी समय रहते करवाएं केवाईसी: चमन लाल

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला कल्याण अधिकारी हमीरपुर चमन लाल शर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों से समय रहते आधार आधारित ई-केवाईसी सत्यापन करवाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा पेंशन योजनाओं में पारदर्शिता और पात्र लोगों को समय पर लाभ पहुंचाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। जिला हमीरपुर में ई-केवाईसी सत्यापन कार्य जुलाई 2025 से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से शुरू किया गया था। अब तक जिले में 51,825 पेंशन लाभार्थियों का सत्यापन पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि कुछ लाभार्थी अभी भी ई-केवाईसी नहीं करवा पाए हैं, जिन्हें एक माह के भीतर संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय में जाकर प्रक्रिया पूरी करनी होगी। निर्धारित समय में सत्यापन न करवाने पर पेंशन सुविधा प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि आधार में संशोधन या अन्य समस्या होने पर लाभार्थी जिला या तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय से सहायता ले सकते हैं।

पपलाह में स्वच्छता नियमों पर सख्ती कचरा फैलाने वालों पर लगेगा जुर्माना

ग्राम सभा में स्वच्छता को लेकर लिए अहम फैसले। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

भोरंज। ग्राम पंचायत पपलाह में आयोजित ग्राम सभा में स्वच्छता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। पंचायत प्रधान सुरेंद्र कुमार जरयाल ने ग्रामीणों से क्षेत्र को स्वच्छ रखने की अपील की।

उन्होंने कहा कि घरों का कचरा, प्लास्टिक, बोतल, सेनेटरी नैपकिन और अन्य अपशिष्ट खुले में, नालियों या सड़क किनारे न फेंका जाए। गंदे पानी की निकासी के लिए सोकपिट का प्रयोग करने तथा पशुओं के गोबर को सार्वजनिक स्थानों पर जमा न करने का आग्रह किया गया। प्रधान ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता नियमों की अवहेलना करने वालों पर पंचायत नियमों के अनुसार जुर्माना लगाया जाएगा। भरेड़ी बाजार के दुकानदारों और स्थानीय लोगों से भी सफाई व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

सुमना देवी को मिली प्रधान की कमान

अनंत ज्ञान, नादौन। नौंहगी पंचायत के गांव बडवाल में महिलाओं की बैठक शिव मंदिर बडवाल में आयोजित की गई, जिसमें करीब 80 महिलाओं ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से शिव शक्ति महिला मंडल बडवाल का गठन किया गया और सुमना देवी को प्रधान चुना गया। बैठक की अध्यक्षता महेंद्र कुमार ने की, जबकि पंचायत उपप्रधान वासुदेव शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महिला मंडल की उपाध्यक्ष किरणा देवी, महासचिव अल्पा शर्मा, सचिव रीमा देवी, कोषाध्यक्ष अरुणा देवी, प्रेस सचिव मीरा देवी तथा सलाहकार रीता देवी व तृप्ता देवी को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों में मंगला देवी, रीना कुमारी, सुरिन्द्रा कुमारी, रीना देवी, बिंदु शर्मा और पवना शर्मा शामिल हैं। उपप्रधान वासुदेव शर्मा ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए महिला सशक्तीकरण, सामाजिक कार्यों, संस्कृति संरक्षण और आत्मनिर्भरता की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया।

एक ही आंगन से निकले दो डॉक्टर चचेरे भाइयों ने नीट में लहराया परचम

अनंत ज्ञान

गलोड़। नादौन विधानसभा क्षेत्र के गलोड़ के गांव बुधवीं में उस समय खुशी का माहौल बन गया, जब एक ही परिवार के दो चचेरे भाइयों दक्ष और हर्ष ने नीट-2026 परीक्षा उत्तीर्ण कर डॉक्टर बनने की दिशा में कदम बढ़ाया। दोनों की सफलता ने न केवल परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। गांव में बधाइयों का दौर जारी है। दोनों भाई स्वर्गीय भागीरथ कौशल के पोते हैं। उनकी दादी तारा कौशल ने भावुक होते हुए कहा कि यदि आज उनके दादा जीवित होते तो दोनों की इस उपलब्धि पर सबसे अधिक खुश होते। दक्ष और हर्ष ने प्रारंभिक शिक्षा नवदीप पब्लिक स्कूल बुधवीं से हासिल की। इसके बाद हर्ष ने केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर से 12वीं की, जबकि दक्ष ने हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर से 10वीं और सुपर मैग्नेट पब्लिक स्कूल प्रताप नगर, हमीरपुर से 12वीं की पढ़ाई पूरी की। डॉक्टर बनने के सपने को साकार करने के लिए दोनों ने आकाश इंस्टीट्यूट हमीरपुर से नीट की तैयारी की और नीट-2026 व री-नीट परीक्षा में



सफलता हासिल की। दक्ष के माता-पिता सविता और विकेश कौशल सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं, जबकि हर्ष के पिता कंवरजीत कौशल भी शिक्षक हैं और माता सुमन गृहिणी हैं। दोनों ने सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों को दिया है पंचायत के पूर्व प्रधान संजीव शर्मा बीडीसी सदस्य रजनीश कौशल समाजसेवी होशियार सिंह गौतम संजय शर्मा कमलेश चंद्र शर्मा कपिल कुमार और अन्य मैं दोनों की उपलब्धि परखुशी प्रकट की है दोनों युवाओं ने कहा कि लक्ष्य के प्रति दृढ़ विश्वास और निरंतर मेहनत सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है।

सरकार पहले गलती करती है, फिर उसी सुधार पर मनाती है जश्न: आशीष शर्मा

- हमीरपुर स्कूल विलय मामले में विधायक ने उठाए सवाल

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। सदर विधायक आशीष शर्मा ने हमीरपुर के दोनों स्कूलों की बहाली और सह-शिक्षा व्यवस्था दोबारा शुरू करने के सरकार के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय जनता की आवाज, अभिभावकों के संघर्ष और लगातार किए गए विरोध का परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने बिना पर्याप्त सोच-विचार के दशकों पुराने दोनों शिक्षण संस्थानों का विलय कर दिया था, जिससे हजारों विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

आशीष शर्मा ने कहा कि जब भाजपा और जनता ने इस मुद्दे को मजबूती से उठाया तो सरकार को अपना फैसला वापस लेना पड़ा। उन्होंने कांग्रेस नेताओं द्वारा इस निर्णय को लेकर जश्न मनाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस फैसले से लोगों को परेशानी हुई, उसे वापस लेने को उपलब्धि बताना समझ से परे है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पहले गलत निर्णय लेती है और बाद में उसी को सुधारकर अपनी पीठ थपथपाने का प्रयास करती है। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील बिट्टू पर निशाना साधते हुए विधायक ने कहा कि उन्हें सरकार में अहम जिम्मेदारी मिली है, लेकिन हमीरपुर के लिए उनके कार्यों का जनता को इंतजार है। उन्होंने कहा कि केवल बयानबाजी से विकास नहीं होता, बल्कि जनता को ठोस परिणाम चाहिए। पूर्व विधायक होशियार सिंह के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर आशीष शर्मा ने निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि सरकार के पास आरोपों से जुड़े तथ्य हैं तो उन्हें सार्वजनिक किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार में एफआईआर दर्ज करवाना ही राजनीति का मुख्य माध्यम बन गया है।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 24 अगस्त को 29 को मॉप-अप राउंड

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, जिला हमीरपुर द्वारा 24 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं विटामिन-ए अनुपूरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय अत्री ने बताया कि अभियान के तहत जिले के सभी सरकारी व निजी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, प्ले स्कूलों और स्वास्थ्य संस्थानों में पात्र बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली तथा विटामिन-ए की खुराक दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि 1 से 5 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल के साथ विटामिन-ए दिया जाएगा, जबकि 5 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों और किशोरों को केवल एल्बेंडाजोल टैबलेट दी जाएगी। अभियान का उद्देश्य बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाना, पोषण स्तर में सुधार लाना और स्वस्थ विकास को बढ़ावा देना है। डॉ. अत्री ने बताया कि छूटे हुए बच्चों को लाभ पहुंचाने के लिए 29 अगस्त को मॉप-अप राउंड आयोजित किया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों, शिक्षकों और स्वास्थ्य कर्मियों से अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपील की।

दिल्ली लाठीचार्ज के विरोध में गरजी एनएसयूआई

बड़सर कॉलेज में किया प्रदर्शन, छात्रों ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग

अनंत ज्ञान

एसके ठाकुर, बड़सर। नीट परीक्षा में पेपर लीक प्रकरण तथा दिल्ली में अपने अधिकारों की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार कोराजकीय महाविद्यालय बड़सर में हस्ड्ढ द्वारा धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया।

इस प्रदर्शन में रूबल सिंह ठाकुर, निदेशक एचपीएमसी एवं रुद्राक्ष सिंह, जिला उपाध्यक्ष एनएसयूआई सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। शांतिपूर्वक प्रदर्शन करके युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना किया जाए सरकार से मांग की।

इस अवसर पर रूबल सिंह ठाकुर ने कहा कि नीट जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परीक्षा में पेपर लीक होना देश के लाखों मेहनती विद्यार्थियों के भविष्य के साथ गंभीर खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से छात्रों का परीक्षा व्यवस्था और सरकार के प्रति विश्वास कमजोर होता है। दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त

बड़सर में एनएसयूआई कार्यकता प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

कार्रवाई होनी चाहिए और परीक्षा प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

उन्होंने दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर हुए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि लोकतंत्र में छात्रों को अपनी आवाज उठाने का पूरा अधिकार है। सरकार को छात्रों की समस्याओं का समाधान संवाद के माध्यम से करना चाहिए, न कि बल प्रयोग के माध्यम से। ठाकुर ने कहा कि नीट पेपर लीक मामले की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए, ताकि देश के छात्रों में परीक्षा व्यवस्था के प्रति विश्वास दोबारा कायम हो सके। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी सजा दी जाए और भविष्य में पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोकने के लिए मजबूत व्यवस्था लागू की जाए। देश का युवा न्याय, पारदर्शिता और निष्पक्ष व्यवस्था चाहता है। छात्रों के हितों और उनके भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन के दौरान छात्र-छात्राओं नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे तथा छात्रों के अधिकारों की रक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

हमीरपुर में अधिकारियों को दिया विकसित भारत-जी-राम-जी योजना का प्रशिक्षण

हमीरपुर में विकसित भारत-जी-राम-जी के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। ग्रामीण विकास विभाग, जिला हमीरपुर द्वारा विकसित भारत-जी-राम-जी के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु 23 एवं 24 जुलाइ को दो दिवसीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला हमीरपुर के सभी खण्ड विकास अधिकारियों, वरिष्ठ विस्तार खण्ड कार्यक्रम अधिकारियों तथा कंप्यूटर ऑपरेटरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में कुल 18 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर अस्मिता ठाकुर, जिला विकास अधिकारी व वैशाली शर्मा द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विकसित भारत-जी-राम-जी योजना के उद्देश्यों, प्रावधानों, कार्यान्वयन प्रक्रिया, एमआईएस संचालन तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही योजना के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन हेतु क्षेत्रीय अधिकारियों की भूमिका एवं उत्तरदायित्वों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रतिभागियों के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें योजना के क्रियान्वयन से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला हमीरपुर में विकसित भारत-जी-राम-जी योजना के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

परेशानी भरेड़ी-जाहू सड़क बदहाल; बंद नालियों से बह रहा पानी, हादसे के खतरे में ग्रामीण

सड़क पर बहता पानी और गड्ढे बने आफत

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

भोरंज। उपमंडल भोरंज के अंतर्गत आने वाली भरेड़ी-जाहू वाया जोल, कोहटा, बड़ैहर सड़क की हालत लगातार खराब होती जा रही है। बरसात के मौसम में सड़क किनारे बनी अधिकांश नालियां बंद होने से वर्षा का पानी सड़क पर बह रहा है। इससे सड़क की सतह जगह-जगह से उखड़ने लगी है और कई स्थानों पर गड्ढे बन गए हैं। सड़क की खराब स्थिति के कारण इस मार्ग से प्रतिदिन आने-जाने वाले वाहन चालकों, स्कूली बच्चों, कर्मचारियों तथा स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क कई गांवों को भरेड़ी और जाहू से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। इस मार्ग से रोजाना निजी वाहनों के अलावा एचआरटीसी बसें, स्कूल बसें और अन्य छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। लेकिन लंबे समय से सड़क की उचित मरम्मत और नालियों की सफाई नहीं होने के कारण बरसात का पानी सड़क पर जमा होकर लगातार बह रहा है, जिससे सड़क तेजी से क्षतिग्रस्त हो रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि मैरा के समीप सड़क सुरक्षा के लिए लगाए गए डंगे के पास बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। यदि इन गड्ढों की समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। विशेषकर रात के समय और बारिश के दौरान वाहन चालकों को इन गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय निवासी रणजीत सिंह, मुकेश, संदीप, परवीन, विजय कुमार, दीप कुमार और कश्मीर सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा कि कई बार विभाग का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित किया गया है, लेकिन अभी तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने मांग की कि सड़क किनारे बंद पड़ी नालियों की तुरंत सफाई कर पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए, सड़क पर बने गड्ढों को भरा जाए तथा क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत कर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क को और अधिक नुकसान पहुंच सकता है, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से शीघ्र कार्रवाई कर लोगों को राहत प्रदान करने की मांग की है।

भरेड़ी-जाहू सड़क बरसात में बदहाल हुई। अनंत ज्ञान

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग अनुभाग भरेड़ी के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार ने बताया कि विभाग के संज्ञान में यह मामला है। सड़क किनारे बंद पड़ी नालियों की सफाई और आवश्यक मरम्मत का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बरसाती पानी की निकासी सुचारु करने के साथ-साथ सड़क पर बने गड्ढों को भी प्राथमिकता के आधार पर भरने की कार्रवाई की जाएगी, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

न्यूज ब्रीफ

चट्टान की चपेट में आने से महिला की मौत

अनंत ज्ञान, मंडी। जिले के जोगिंदनगर उपमंडल के गुम्मा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। कुल्लू से मां सिमसा मंदिर के दर्शन के लिए जा रहा एक परिवार रास्ते में पानी पीने के लिए रुका था। इसी दौरान पहाड़ी से अचानक चट्टान गिर गई, जिसकी चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। हादसे में रामेश्वरी शर्मा, पत्नी गोपालकृष्ण, निवासी सुल्तानपुर (कुल्लू) की मौके पर ही मौत हो गई। घायल सातों लोगों को स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से तुरंत नागरिक अस्पताल जोगिंदनगर पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार परिवार दो वाहनों में सवार होकर कुल्लू से मां सिमसा मंदिर के दर्शन के लिए निकला था। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे गुम्मा के पास सभी लोग पानी पीने के लिए रुके। इसी दौरान पहाड़ी से अचानक चट्टान गिर गई और लोग उसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

चांगर में बंदरों के उत्पात से लोगों में दहशत

अनंत ज्ञान, भीम बसेडू राजपूत, महादेव। शहरी क्षेत्र चांगर में इन दिनों बंदरों का उत्पात बढ़ने से लोग डरे-सहमे हैं। ये जंगली जानवर राह चलते लोगों पर झपटते हैं और सामान छीन लेते हैं।कई लोगों के कपड़े फाड़ उन्हें घायल कर चुके हैं। प्रशासन को कई बार इनसे आतंक से मुक्ति दिलाने की बात की गई मगर अभी तक इस दिशा में किसी भी किस्म की कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा सकी है। सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण पाल का कहना है कि उत्पाती बंदरों के आतंक से विद्यार्थियों बुजुर्गों आदि को बड़ी ही मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है जबकि वन विभाग एवं प्रशासन से कई बार चांगर जैसे आबाद क्षेत्र में इन जानवरों को नियंत्रित करने तथा पिंजरा इत्यादि लगाने की मांग की जा चुकी है। समाजसेवी ने डीसी मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलाई जाए।

झूठी शिकायतों से न डरेंगे, न रुकेंगे : रीना

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। जिला परिषद सदस्य सरी वार्ड-32 रीना कुमारी ने कहा कि कुछ पराजित प्रतिनिधि चुनाव परिणाम को आज तक स्वीकार नहीं कर पाए हैं। इसी कारण बार-बार मुख्यमंत्री सेवा संकल्प के माध्यम से निराधार एवं झूठी शिकायतें कर जनता के जनादेश का अपमान करने का प्रयास किया जा रहा है। रीना कुमारी ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ हमें चुना है, उसी विश्वास के साथ हम विकास कार्यों में लगे हुए हैं। झूठी शिकायतें और राजनीतिक दुर्भावना हमारे कदम नहीं रोक सकतीं। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान भी व्यक्तिगत टिप्पणियां, अफवाहें और निराधार आरोप लगाए गए, लेकिन हमने हमेशा संयम बनाए रखा। संयम को हमारी कमजोरी समझने की भूल न करें, हर बात की एक सीमा होती है। रीना कुमारी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति बार-बार झूठी शिकायतों और तथ्यों को तोड़-मरोड़कर प्रशासन को गुमराह करने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध उपलब्ध कानूनी प्रावधानों के तहत उचित कार्रवाई करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि सच्चाई दस्तावेजों और तथ्यों से सामने आती है, झूठे आरोपों से नहीं। जनता सब देख रही है और सच अंततः सामने आता ही है। उन्होंने कहा कि हम जनता की सेवा के लिए चुने गए हैं। झूठी शिकायतों से न कभी डरे हैं, न आगे डरेंगे।

सरकाघाट में तेंदुए से सतर्क रहें लोग

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। सरकाघाट वन परिक्षेत्र अधिकारी मदन लाल शर्मा ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों से तेंदुए के दिखाई देने, दहाड़ने तथा पालतू और आवारा पशुओं एवं कुत्तों पर हमले की लगातार सूचनाएं मिल रही हैं। इन घटनाओं के चलते लोगों में दहशत का माहौल है। इसे देखते हुए वन विभाग ने आम जनता से सतर्कता बरतने और आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की है। वन विभाग ने बताया कि तेंदुआ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत संरक्षित प्राणी है और वन्यजीव पर्यावरण संतुलन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सामान्यतः तेंदुआ इंसानों से दूर रहता है, लेकिन भोजन की तलाश में गांव और बस्तियों के आसपास पहुंच सकता है। अचानक आमना-सामना होने पर वह आत्मरक्षा में हमला भी कर सकता है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि खेतों और घासनियों में अकेले न जाएं। यदि जाना आवश्यक हो तो शोर करते हुए जाएं। बच्चों को अकेला बाहर न भेजें तथा पालतू पशुओं को समय पर पशुशाला में सुरक्षित बांधकर रखें। रात के समय घरों के बाहर पर्याप्त रोशनी रखें और अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें। विभाग ने यह भी कहा है कि यदि कहीं तेंदुए की गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत वन विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

इंदिरा मार्किट में पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां लिखने पर आक्रोश

स्थानीय निवासी ने पुलिस को सौंपी शिकायत, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। शहर के इंदिरा मार्किट स्थित 'आई लव मंडी' सेल्फी प्वाइंट की छत और आसपास की दीवारों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणियां लिखे जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। स्थानीय निवासी चंदन वत्स ने इस संबंध में पुलिस को शिकायत सौंपकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि अज्ञात लोगों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर सार्वजनिक स्थान पर आपत्तिजनक शब्द लिखे, जिससे शहर की छवि भी धूमिल हुई है और लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। शिकायतकर्ता ने पुलिस से आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने तथा उनके विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। एसपी मंडी विनोद कुमार का कहना है कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है और तथ्यों के अनुसार

इंदिरा मार्किट स्थित 'आई लव मंडी' सेल्फी प्वाइंट की दीवार पर प्रधानमंत्री के खिलाफ लिखी अभद्र टिप्पणी को साफ करते नगर निगम के कर्मचारी।

भाजयुमो ने एसपी को सौंपी शिकायत

मंडी। भारतीय जनता युवा मोर्चा, जिला मंडी ने जिला अध्यक्ष योगराज डोगरा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध मंडी शहर के सार्वजनिक स्थान पर कथित रूप से लिखी गई अभद्र टिप्पणियों के मामले में पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र सौंपा। मोर्चा ने दोषियों के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। योगराज डोगरा ने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वीकार्य हैं, लेकिन किसी संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति के विरुद्ध सार्वजनिक स्थान पर अशोभनीय भाषा का प्रयोग लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत है। उन्होंने पुलिस से घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की शीघ्र पहचान कर भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने की मांग की। भाजयुमो ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

द्रंग कॉलेज में विद्यार्थियों को दिए करियर निर्माण के टिप्स

अनंत ज्ञान, कविता, पधर। राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला में करियर परामर्श एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत 'स्वास्थ्य जागरूकता एवं नशा निवारण' विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को करियर निर्माण, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, कौशल विकास तथा नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना था। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बंधना देवी ने किया। इस अवसर पर आरसेटी के निदेशक प्रभात कुमार ने विद्यार्थियों को करियर विकल्पों, कौशल विकास तथा स्वरोजगार के विभिन्न अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। स्वास्थ्य शिक्षिका श्रीमती उर्मिला चंदेल ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने का संदेश दिया।

जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को रोजगार के अवसरों, कौशल विकास कार्यक्रमों तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता के लिए स्पष्ट लक्ष्य, अनुशासन और सकारात्मक सोच आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर अपने करियर पर ध्यान केंद्रित करने तथा समाज के जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. निशा वैद्य ने सभी अतिथियों एवं संसाधन व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, करियर निर्माण तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के लगभग 150 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जानलेवा हो सकता है स्क्रब टाइफस न करें लापरवाही : डॉ. अनूप शिवहरे

कहा-खेतों या खुले स्थानों पर जाते समय पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें

अनंत ज्ञान

महेंद्र सिंह राणा, भौर। राष्ट्रीय उच्च मार्ग से सटे लोअर धनोटू स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौक आज ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं का भरोसेमंद केंद्र बनकर उभरा है। सीमित संसाधनों के बावजूद यहां मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यही कारण है कि अब केवल आसपास के गांवों के लोग ही नहीं, बल्कि नाचन, बल्ह, सुंदरनगर तथा अन्य क्षेत्रों से भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए यहां पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत डॉ. अनूप शिवहरे अपनी सेवाओं, सरल व्यवहार और मरीजों के प्रति संवेदनशील कार्यशैली के कारण लोगों का विश्वास जीत रहे हैं।

जरूरतमंद मरीजों को उपलब्ध सैंपल दवाइयों का लाभ देने के साथ-साथ आवश्यकता पड़ने पर अन्य माध्यमों से भी दवाइयों की व्यवस्था की जाती है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत मिलती है। बरसात के मौसम में बढ़ रही बीमारियों को देखते हुए डॉ. शिवहरे ने लोगों को विशेष सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि इन दिनों स्क्रब टाइफस, टाइफाइड और पीलिया के मामले तेजी से सामने आते हैं। यदि किसी व्यक्ति को बार-बार बुखार आए, कमजोरी महसूस हो या दवा लेने के बाद भी बुखार दोबारा लौट आए तो इसे सामान्य वायरल बुखार समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर जांच और उपचार न मिलने पर स्क्रब टाइफस गंभीर रूप ले सकता है और रोगी के लिए जानलेवा भी साबित हो सकता है। उन्होंने बताया कि खेतों, झाड़ियों और हरी घास में पाए जाने वाले सूक्ष्म कीड़ों के काटने से स्क्रब टाइफस फैलता है। इससे बचाव के लिए खेतों या खुले स्थानों पर जाते समय पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें, बच्चों को भी सावधानी बरतने के लिए प्रेरित करें तथा घर लौटने के बाद शरीर की अच्छी तरह जांच करें।

बरसात में खुले में रखे भोजन, गंदे पानी और अस्वच्छ वातावरण से संक्रमण का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसलिए हमेशा उबालकर या स्वच्छ पानी ही पीएं, भोजन को गर्म करके खाएं और खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से बचें। डॉ. शिवहरे ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को प्राथमिक उपचार के साथ आवश्यकतानुसार निगरानी में भी रखा जाता है। गंभीर स्थिति होने पर तत्काल बड़े अस्पतालों में रेफर करने की व्यवस्था है। आशा कार्यकर्ता और स्वास्थ्य कर्मी नियमित रूप से गांवों में जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं तथा स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से समय-समय पर जांच और परामर्श भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम आनंद के साथ-साथ कई संक्रामक बीमारियों को भी लेकर आता है। यदि लोग थोड़ी सतर्कता बरतें, साफ-सफाई का ध्यान रखें और बीमारी के शुरुआती लक्षण दिखाई देते ही चिकित्सकीय सलाह लें, तो अधिकांश बीमारियों से आसानी से बचा जा सकता है। यही जागरूकता स्वस्थ समाज की सबसे बड़ी कुंजी है।

अनंत ज्ञान
मुलाकात जो बदले हालात

टिहरा में स्वास्थ्य मंत्री शांडिल कल करेंगे कारगिल दिवस समारोह की अध्यक्षता

समारोह की तैयारियों की डीसी अपूर्व देवगन ने की समीक्षा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के टिहरा में 26 जुलाई को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कारगिल विजय दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा के लिए उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। समारोह की अध्यक्षता स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल (डॉ.) धनीराम शांडिल करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि कारगिल विजय दिवस राष्ट्र की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों के सम्मान का प्रतीक है और इस बार राज्य स्तरीय आयोजन मंडी जिले में हो रहा है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उपमंडलाधिकारी धर्मपुर को आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा लोक निर्माण विभाग को मंच, पंडाल और पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने को कहा।

जिला सैनिक कल्याण विभाग को वीर नारियों, शहीदों के परिजनों, युद्ध वीरों, पूर्व सैनिकों एवं विशिष्ट अतिथियों के स्वागत, ठहराव और परिवहन के लिए संबंधित विभागों से समन्वय करने के निर्देश दिए गए। स्थानीय निकायों को स्वच्छता, शौचालय, कूड़ा निष्पादन और सौंदर्यीकरण की जिम्मेदारी सौंपी गई। जल शक्ति विभाग को पेयजल, विद्युत बोर्ड को निर्बाध बिजली, स्वास्थ्य विभाग को आपात चिकित्सा सेवाएं तथा अग्निशमन विभाग को अग्नि सुरक्षा के प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समारोह में देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे, जिनकी तैयारियां पूर्व सैनिक लीग और भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से की जाएंगी। बैठक में कार्यवाहक अतिरिक्त उपायुक्त चंद्र प्रकाश, आदेशक गृह रक्षक वाहिनी पुनीत रघु, सहायक आयुक्त के.एस. पटयाल तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि धर्मपुर से अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

संधोल में गायनी डॉक्टर के ज्वाइन करने के बाद भी नहीं माने लोग, बोले-

मेडिसिन रेडियोलॉजिस्ट से कम कुछ मंजूर नहीं

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। संधोल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर युवाशक्ति एवं मातृशक्ति का जनआंदोलन शुक्रवार को 27वें दिन भी शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहा। आंदोलन के 27वें दिन माया देवी, पवना देवी, उषा देवी, निर्मला देवी, रीनू देवी, अंकित मन्ढोत्रा और करण बिष्ट क्रमिक अनशन पर बैठे। धरना स्थल पर दिनभर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से लोग पहुंचकर आंदोलनकारियों का उत्साह बढ़ाते रहे। पिछले दिनों स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ (गायनी) के कार्यभार ग्रहण करने के बाद आंदोलनकारियों में उम्मीद तो जगी है, लेकिन जनता कहना है कि संघर्ष अभी पूरा नहीं हुआ है। युवाशक्ति के अध्यक्ष अविनाश भनवाल ने कहा कि आंदोलन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि सरकार ने जनभावनाओं को स्वीकार करते हुए कई चिकित्सकों के आदेश जारी किए और गायनी विशेषज्ञ ने कार्यभार भी संभाल लिया। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि अब आंदोलन का अगला लक्ष्य मेडिसिन विशेषज्ञ और रेडियोलॉजिस्ट की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

सांसद अनुराग ने ऑपरेशन थिएटर व एंबुलेंस का दिया भरोसा

उन्होंने कहा, अब मेडिसिन और रेडियोलॉजिस्ट से कम कुछ नहीं। जब तक ये दोनों महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं संधोल अस्पताल में उपलब्ध नहीं हो जातीं, तब तक हमारा क्रमिक अनशन और जनसंघर्ष जारी रहेगा। वहीं, सांसद अनुराग से भी अस्पताल के लिए अपना सहयोग देने की अपील की और अस्पताल में ओटी व्यवस्था तथा अतिरिक्त एंबुलेंस उपलब्ध कराने की अपील की।

भाजपा लीगल सेल में संयोजक नियुक्त

सुंदरनगर से आशीष, डैहर से रत्तन लाल और निहरी से रोहित को सौंपी जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार के तहत लीगल सेल में नई नियुक्तियां की गई हैं। सुंदरनगर मंडल से एडवोकेट आशीष सेन, डैहर मंडल से एडवोकेट रत्तन लाल वर्मा तथा निहरी मंडल से एडवोकेट रोहित ठाकुर को मंडल संयोजक नियुक्त किया है। विधायक एवं भाजपा मुख्य प्रवक्ता राकेश जंवाल ने तीनों अधिवक्ताओं को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह नियुक्तियां संगठन द्वारा उनकी निष्ठा, कर्मठता और पार्टी के प्रति समर्पण का सम्मान हैं। उन्हें विश्वास है कि सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए बूथ से लेकर मंडल स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। राकेश जंवाल ने कहा कि संगठन विस्तार और कार्यकर्ता सम्मान के संकल्प के साथ भाजपा निरंतर आगे बढ़ रही है। इन नियुक्तियों से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी तथा कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि संगठन अनुशासन, सेवा और जनहित के मूल मंत्र के साथ कार्य कर रहा है तथा सभी नवनियुक्त संयोजक इस अभियान को और गति देंगे। उन्होंने तीनों नवनियुक्त संयोजकों को पुनः शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की और कहा कि वे संगठन के साथ-साथ समाज सेवा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान देंगे।

आशीष सेन

रत्तन लाल वर्मा

रोहित ठाकुर

गोहर रिश्वत कांड : आरोपियों को दो दिन का पुलिस रिमांड

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। गोहर उपमंडल में जमीन के फेरबदल के एवज में कथित रिश्वत मांगने के मामले में गिरफ्तार कानूनगो, पटवारी और उनके सहायक को अदालत ने दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। रिमांड के दौरान राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो तीनों आरोपियों से गहन पूछताछ करेगा। जांच एजेंसी यह जानने का प्रयास करेगी कि रिश्वतखोरी का मामला केवल एक शिकायत तक सीमित था या पहले भी राजस्व कार्यों के नाम पर लोगों से अवैध वसूली की जाती रही। विजिलेंस अब आरोपियों के मोबाइल फोन, दस्तावेजों और भूमि संबंधी अभिलेखों की भी बारीकी से जांच करेगी। हाल के वर्षों में उनके द्वारा निपटाए गए फेरबदल सहित अन्य राजस्व मामलों की भी समीक्षा किए जाने की संभावना है। यदि जांच के दौरान किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पूछताछ में खुलेंगे कई अहम राज

उल्लेखनीय है कि शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस ने जाल बिछाकर सहायक को एक लाख रुपये की पहली किस्त लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में सामने आए तथ्यों के आधार पर कानूनगो और पटवारी को भी गिरफ्तार किया गया। तीनों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई के बाद राजस्व विभाग में भी हलचल बनी हुई है।

समस्या एसडीएम, लोक निर्माण और जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता से मिला प्रतिनिधिमंडल

रोपड़ी के ग्रामीणों ने उठाई पेयजल-सड़क की समस्याएं

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। ग्राम पंचायत रोपड़ी के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को उपप्रधान अनूप बल्याणी के नेतृत्व में उपमंडलाधिकारी (ना.) सरकाघाट, लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता से मिला।

इस दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र में लंबे समय से बनी विभिन्न जनसमस्याओं को अधिकारियों के समक्ष विस्तार से रखा और उनके शीघ्र समाधान की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2023-24 में आई प्राकृतिक आपदा (डिजास्टर) के दौरान छड्डू नाला, रोपड़ी में टीपीटी सड़क को पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसका अब तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। पुलिया के टूटने से आवागमन प्रभावित होने के साथ-साथ बरसात के दिनों में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को यह भी अवगत कराया कि कांडापतन पेयजल योजना की पाइपलाइन भी आपदा के दौरान टूटकर नाले में गिर गई है। इसके कारण नाले का प्राकृतिक बहाव बाधित हो रहा है और पुलिया के पास मलबा जमा होने से पानी की निकासी प्रभावित हो रही है।

सरकाघाट के एसडीएम से मिलता ग्राम पंचायत रोपड़ी का प्रतिनिधिमंडल।

एसडीएम ने आज निरीक्षण करने का दिया आश्वासन

ग्रामीणों का कहना है कि इन परिस्थितियों के चलते गांव में पेयजल संकट गहरा गया है तथा लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने मांग की कि क्षतिग्रस्त पुलिया का शीघ्र पुनर्निर्माण कराया जाए, नाले में जमा मलबा हटाकर जल निकासी सुचारु की जाए तथा पेयजल योजना की क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को जल्द से जल्द ठीक किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि शनिवार को संयुक्त रूप से मौके का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के बाद आवश्यक तकनीकी रिपोर्ट तैयार कर समस्याओं के समाधान की कार्रवाई शुरू की जाएगी। इस अवसर पर रणजीत राठौर, प्रवीण गुलेरिया, राजकुमार राठौर, अनिल, अंकुश, अतुल राठौर, दलेर राठौर, पाल गुलेरिया, महिंद्र राठौर सहित अन्य उपस्थित रहे।

अधिकारियों को दिए तुरंत रिपोर्ट देने के दिए आदेश

एसडीएम राजेंद्र गौतम ने बताया कि उपप्रधान की अगुवाई में रोपड़ी पंचायत के प्रतिनिधि मंडल ने जो भी शिकायतें उन्हें सौंपी है इसे लेकर तुरंत पीडब्ल्यूडी और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को आज (शनिवार) मौके पर जाकर तुरंत रिपोर्ट देने को कहा है ताकि ग्रामीणों को समस्याओं से तुरंत निजात दिलाई जा सके

सरदार पटेल विवि मंडी में दीक्षारंभ से नए छात्रों के विश्वविद्यालय जीवन की शुरुआत

उपायुक्त ने अनुशासन, सिविल सेवा और नशामुक्त जीवन का दिया संदेश

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में नवप्रवेशी स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए सात दिवसीय 'दीक्षारम्भ-2026' कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ अमृत महोत्सव सभागार, स्वामी विवेकानंद भवन में हुआ। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित यह कार्यक्रम 31 जुलाई तक चलेगा, जिसमें विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुसंधान, नवाचार, छात्र कल्याण सेवाओं, परीक्षा प्रणाली और सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों से परिचित कराया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त अपूर्व देवगन और अध्यक्षता कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने की। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

कुलपति ने अनुसंधान व नवाचार पर दिया बल

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. राजेश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय जीवन में अनुशासन, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और नशामुक्त वातावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम, ईमानदारी और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए सिविल सेवा सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने तथा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि अनुसंधान, नवाचार, उद्यमिता और समाजोपयोगी ज्ञान का सृजन भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से जिज्ञासु बनने, आलोचनात्मक सोच विकसित करने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। अंत में कुलसचिव शशिपाल नेगी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

जिस प्रकार राख से सना हाथ जैसे-जैसे दर्पण पर घिसा जाता है, वैसे-वैसे उसके प्रतिबिंब को साफ करता है, उसी प्रकार दुष्ट जैसे-जैसे सज्जन का अनादर करता है, वैसे-वैसे वह उसकी कांति को बढ़ाता है। -वासवदत्ता

संपादकीय

प्रकृति का का प्रकोप

हिमाचल प्रदेश में मानसून का आगमन जहां प्राकृतिक सौंदर्य और जीवनदायिनी वर्षा लेकर आता है, वहीं पिछले कुछ वर्षों से यह मौसम भय और त्रासदी का पर्याय बनता जा रहा है। बरसात शुरू होते ही भूस्खलन, बादल फटना, सड़कें धंसना, पहाड़ों का दरकना और अचानक मलबा गिरने जैसी घटनाएं आम हो गई हैं। पिछले पांच वर्षों में प्रदेश ने प्राकृतिक आपदाओं और सड़क दुर्घटनाओं के रूप में भारी जन-धन की हानि झेली है। ऐसे में हर मानसून लोगों के मन में यह आशंका बनी रहती है कि घर से निकला व्यक्ति सुरक्षित लौट भी पाएगा या नहीं।

लाहौल-स्पीति के कडू नाला के समीप हुए भीषण भूस्खलन ने पूरे प्रदेश को स्तब्ध कर दिया। अचानक पहाड़ी से गिरे भारी मलबे की चपेट में एक टाटा सूमो आ गई और उसमें सवार 13 यात्रियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। यह हादसा इतना अचानक हुआ कि चालक को वाहन रोकने और यात्रियों को बाहर निकलने तक का अवसर नहीं मिला। कुछ ही सेकंड में पूरी गाड़ी मलबे के नीचे दब गई। स्पष्ट है कि पर्वतीय क्षेत्रों में प्रकृति का एक क्षण का प्रकोप भी कितनी बड़ी त्रासदी में बदल सकता है। दूसरा पक्ष भी महत्वपूर्ण है। उदयपुर-किलाड़ मार्ग पहले से भूस्खलन के कारण बंद था, इसलिए यात्रियों को तिंदी में रात बितानी पड़ी। जैसे ही मार्ग खोला गया, सभी अपने घरों की ओर रवाना हो गए। यह स्वाभाविक मानवीय प्रवृत्ति है कि लंबे समय तक फंसे रहने के बाद हर व्यक्ति जल्द से जल्द अपने परिवार तक पहुंचना चाहता है, किंतु मानसून के दौरान यही जल्दबाजी कई बार जानलेवा सिद्ध होती है। इसलिए केवल प्रशासन ही नहीं, यात्रियों और वाहन चालकों को भी जोखिम का सही आकलन करना सीखना होगा।

हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियां अत्यंत संवेदनशील हैं। ऊंचे पर्वत, संकरी सड़कें, गहरी घाटियां और कमजोर चट्टानी संरचना मानसून के दौरान अधिक जोखिम पैदा करती हैं। जलवायु परिवर्तन ने भी स्थिति को और गंभीर बना दिया है। कम समय में अत्यधिक वर्षा होने से पहाड़ों की स्थिरता प्रभावित होती है और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में सड़क यात्रा पहले की तुलना में कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण हो गई है। इसके साथ ही यह भी स्वीकार करना होगा कि प्राकृतिक आपदाओं की तीव्रता बढ़ाने में मानवीय गतिविधियों की भी भूमिका है। विकास के नाम पर अंधाधुंध पहाड़ काटना, अवैज्ञानिक निर्माण, जंगलों की कटाई, अनियंत्रित खनन और पर्यावरणीय मानकों की अनदेखी ने प्राकृतिक संतुलन को कमजोर किया है। यदि विकास प्रकृति के अनुरूप नहीं होगा तो उसका दुष्परिणाम अंततः आम नागरिक को ही भुगतना पड़ेगा।

प्रशासन को भी मानसून प्रबंधन के प्रति अधिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। संवेदनशील स्थानों की पहचान, रियल टाइम निगरानी, मौसम आधारित यात्रा परामर्श, समय पर सड़क बंद करने के निर्णय, वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग से अनेक हादसों को रोका जा सकता है। सड़क निर्माण एजेंसियों को भी ढलानों के वैज्ञानिक स्थिरीकरण, उचित जल निकासी और सुरक्षा मानकों का कठोरता से पालन करना चाहिए।

नागरिकों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। मौसम विभाग की चेतावनियों को गंभीरता से लेना, लगातार वर्षा के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचना, जोखिम वाले स्थानों पर वाहन न रोकना तथा प्रशासन के निर्देशों का पालन करना जीवन रक्षा का सबसे प्रभावी उपाय है। कुछ घंटों की देरी जीवन से अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो सकती। वाहन चालकों को भी सीमित गति, पर्याप्त दूरी और अतिरिक्त सतर्कता के साथ वाहन चलाना चाहिए। हिमाचल की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर आधारित है, इसलिए पर्यटकों को भी पर्वतीय क्षेत्रों के जोखिमों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। सुरक्षित पर्यटन तभी संभव है जब प्रशासन, स्थानीय लोग और पर्यटक सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से पालन करें।

यह दुर्घटना एक गंभीर चेतावनी है। यदि हर वर्ष ऐसी घटनाओं के बाद केवल शोक व्यक्त कर भूल जाएंगे, तो यह सिलसिला नहीं रुकेगा। आवश्यकता है वैज्ञानिक योजना, पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षित सड़क निर्माण, प्रभावी आपदा प्रबंधन और नागरिक जागरूकता को समान महत्व देने की। प्रकृति से संघर्ष नहीं, अपितु उसके स्वभाव के अनुरूप विकास ही हिमाचल का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित कर सकता है। मानसून को आपदा नहीं, चुनौती मानकर तैयारी करनी होगी।

आज की प्रमुख हस्ती

निष्पक्षता के प्रतीक

सोमनाथ चटर्जी
जन्म : 25 जुलाई, 1929
मृत्यु : 13 अगस्त, 2018

सोमनाथ चटर्जी (25 जुलाई 1929–13 अगस्त 2018) भारतीय संसदीय लोकतंत्र के उन विशिष्ट नेताओं में गिने जाते हैं, जिन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में संसदीय परंपराओं, निष्पक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। असम के तेजपुर में जन्मे चटर्जी ने कोलकाता तथा यूनाइटेड किंगडम में शिक्षा प्राप्त की और मिडिल टेंपल से बैरिस्टर-एट-लॉ बने। वर्ष 1968 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) से जुड़ने के बाद उन्होंने सक्रिय राजनीति में प्रवेश किया और 1971 से लगातार दस बार लोकसभा के लिए निर्वाचित होकर जनता का विश्वास अर्जित किया। वर्ष 1989 से 2004 तक वे लोकसभा में सीपीआई (एम) के नेता रहे। उत्कृष्ट संसदीय योगदान के लिए उन्हें 1996 में 'उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। 4 जून 2004 को वे सर्वसम्मति से 14वीं लोकसभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। अध्यक्ष के रूप में उन्होंने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सदन की गरिमा, निष्पक्षता और संसदीय परंपराओं को सुदृढ़ किया।

उनके कार्यकाल में लोकसभा की कार्यवाही में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल हुईं। शून्यकाल का सीधा प्रसारण प्रारंभ हुआ, लोकसभा टीवी की स्थापना हुई, संसदीय समितियों की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाया गया तथा संसद की जवाबदेही और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के लिए अनेक सुधार लागू किए गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने भारतीय संसद की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं और विभिन्न संसदीय मंचों पर भारत का प्रभावशाली प्रतिनिधित्व किया। 13 अगस्त 2018 को पश्चिम बंगाल के कोलकाता में उनका निधन हो गया।

खामोशी

कविता

डॉ. उर्मिल कौंडल, टीजीटी, नॉन मेडिकल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टावा, त. बल्ह, जिला मंडी

आंख खुलते ही पाया, खुद को उस कैद में दम घुट रहा था जहां,
मानो किसी ने अंधेरी कोठरी में लाकर धकेल दिया हो।।
जहां अंधेरे और खामोशी के शिवाय कुछ भी नहीं
काले नाग की तरह डसती है यह खामोशी और अंधेरा...।
अच्छा लगता था उजाला कभी मुझे भी, अच्छी लगती थी वो रंगीन सुबह
जो संकेत देती थी एक सुखद दिन का....।
अजीब सा अहसास होता था तब, लेकिन इस उजाले को
अंधेरे में बदल डाला उन दरिंदों ने, जो इंसान के भेष में भेड़िए
बन बैठे हैं, अपनी प्यास बुझाने की खातिर दूसरों का खून चूसते हैं।
न जाने कितनी नारियों को, सफेद कफन पहना दिया होगा इन जालिमों ने।
क्या वे कभी यह नहीं सोचते कि जिंदगी का इतना लंबा सफर
कैसे तय कर पाएंगी वे अकेली?
कैसे सहन कर पाएंगी वे लोगों की नफरत भरी निगाहें?
अब आदत सी हो गई है उन्हें सहने की यह सब
खामोशी भी जड़ हो गई है उस हिमालय की तरह जो
बर्फ की सफेद चादर ओढ़े शांत और स्थिर खड़ा है सदियों से....।

अंग्रेजी माध्यम का मोह और सरकारी शिक्षा का संकट

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम को लागू करने का निर्णय पहली दृष्टि में आधुनिक, आकर्षक और प्रतिस्पर्धी शिक्षा व्यवस्था की दिशा में उठाया गया कदम प्रतीत हो सकता है, लेकिन जब इस निर्णय को बाल मनोविज्ञान, शैक्षिक सिद्धांतों, ग्रामीण परिस्थितियों और विद्यालयों की वास्तविक स्थिति के संदर्भ में देखा जाता है, तो इसके गंभीर दुष्परिणाम सामने आने लगते हैं।

डॉ. राकेश शर्मा
सहायक आचार्य, एचपीयू शिमला

शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को ज्ञान, समझ और चिंतन की क्षमता प्रदान करना होता है, न कि केवल किसी विदेशी भाषा में दक्ष बनाना। दुर्भाग्यवश, अंग्रेजी माध्यम लागू करने की होड़ में इस मूल उद्देश्य को कहीं पीछे छोड़ दिया गया है। वर्ष 2018 में हिमाचल प्रदेश सरकार ने चरणबद्ध तरीके से सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम लागू करने की घोषणा की थी। शुरुआत पहली कक्षा से की गई, लेकिन बाद के वर्षों में यह व्यवस्था अन्य कक्षाओं तक विस्तारित कर दी गई। परिणामस्वरूप कई विद्यालयों में दूसरी, तीसरी और चौथी कक्षाओं के विद्यार्थियों को अचानक गणित, पर्यावरण अध्ययन तथा अन्य विषय अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाए जाने लगे। जिन बच्चों ने प्रारंभिक शिक्षा हिंदी माध्यम में आरंभ की थी, उन्हें बीच शैक्षणिक यात्रा में ही अंग्रेजी माध्यम में ढालने का प्रयास किया गया। यह परिवर्तन न तो स्वाभाविक था और न ही शैक्षिक दृष्टि से उचित। यूनेस्को, यूनिसेफ तथा विश्वभर के शिक्षा विशेषज्ञ लंबे समय से इस बात पर बल देते आए हैं कि प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा अथवा स्थानीय भाषा में ही होनी चाहिए। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी कम-से-कम कक्षा पांच तक मातृभाषा या स्थानीय भाषा में शिक्षा देने की अनुशंसा करती है। इसका कारण स्पष्ट है। जब कोई पांच या छह वर्ष का बच्चा विद्यालय में प्रवेश करता है, तब उसकी समझ, अभिव्यक्ति और अनुभवों की दुनिया उसकी मातृभाषा से निर्मित होती है। यदि उसी समय उस पर एक नई भाषा को माध्यम बनाकर शिक्षा थोपी जाए, तो उसका ध्यान विषयवस्तु को समझने के बजाय भाषा को समझने में लग जाता है। इससे सीखने की प्रक्रिया कमजोर हो जाती है। हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण है।

अधिकांश बच्चे घरों में हिंदी, पहाड़ी या जनजातीय बोलियों के माध्यम से संवाद करते हैं। ऐसे बच्चों को अचानक अंग्रेजी माध्यम में गणित, विज्ञान और सामाजिक विषय पढ़ाना उनके लिए दोहरी कठिनाई पैदा करता है। पहले उन्हें भाषा समझनी पड़ती है और फिर विषय। परिणामस्वरूप वे न भाषा में दक्ष हो पाते हैं और न ही विषयों की मूल अवधारणाओं को सही ढंग से समझ पाते हैं।

इस पूरी प्रक्रिया का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि नीति निर्माण और जमीनी वास्तविकताओं के बीच भारी अंतर दिखाई देता है। सरकार ने आदेश तो जारी कर दिए, लेकिन क्या विद्यालयों को इसके लिए तैयार किया गया था? क्या सभी शिक्षकों को पर्याप्त प्रशिक्षण मिला? क्या अंग्रेजी माध्यम की गुणवत्तापूर्ण पाठ्यपुस्तकें, शिक्षण सामग्री और संसाधन उपलब्ध कराए गए?

क्या बच्चों और अभिभावकों को इस परिवर्तन के लिए मानसिक रूप से तैयार किया गया? इन प्रश्नों के उत्तर अधिकांश मामलों में नकारात्मक हैं। वास्तविकता यह है कि अनेक विद्यालयों में हिंदी माध्यम से शिक्षण करने वाले शिक्षकों को कुछ औपचारिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बाद अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाने की जिम्मेदारी सौंप दी गई। एक शिक्षक जो वर्षों से हिंदी में पढ़ा रहा हो, उससे यह अपेक्षा करना कि वह कुछ दिनों की कार्यशाला के बाद अंग्रेजी में गणित, विज्ञान और अन्य विषयों को उसी दक्षता से पढ़ाने लगेगा, व्यवहारिक नहीं है।

परिणामस्वरूप कई स्थानों पर शिक्षक स्वयं असहज हैं और विद्यार्थी भ्रमित। इस स्थिति के लिए केवल राजनीतिक नेतृत्व ही नहीं, बल्कि शिक्षा विभाग की अफसरशाही भी समान रूप से जिम्मेदार है। शिक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय सचिवालय और निदेशालय के वातानुकूलित कार्यालयों में बैठकर लिए जाते हैं, जबकि इन निर्णयों का प्रभाव दूरस्थ ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों के बच्चों पर पड़ता है। नीति बनाने वाले अधिकारी शायद ही कभी यह समझने का प्रयास करते हैं कि एक बहुस्तरीय कक्षा में पढ़ाने वाला शिक्षक किन चुनौतियों का सामना करता है या सीमित संसाधनों वाले विद्यालय में पढ़ने वाला बच्चा किस प्रकार सीखता है। जमीनी अनुभव और वास्तविक परामर्श के अभाव में लिए गए निर्णय अक्सर प्रयोगशाला की योजनाएं बनकर रह जाते हैं, जिनकी कीमत अंततः विद्यार्थियों को चुकानी पड़ती है। सरकार का तर्क है कि अंग्रेजी माध्यम से सरकारी स्कूलों की ओर लोगों का आकर्षण बढ़ेगा और निजी स्कूलों की ओर पलायन रुकेगा, किंतु यह तर्क अधूरा है। अभिभावक केवल अंग्रेजी माध्यम के कारण निजी विद्यालयों का चयन नहीं करते। वे बेहतर आधारभूत सुविधाओं, नियमित शिक्षण, जवाबदेही, अनुशासन और शैक्षणिक वातावरण को भी महत्व देते हैं।

यदि सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी, बुनियादी सुविधाओं का अभाव और प्रशासनिक समस्याएं बनी रहेंगी, तो केवल माध्यम बदल देने से शिक्षा की गुणवत्ता नहीं सुधरेगी। अंग्रेजी का ज्ञान आवश्यक है, किंतु प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में मजबूत आधार के साथ अंग्रेजी का प्रभावी शिक्षण अधिक वैज्ञानिक और व्यावहारिक दृष्टिकोण है। शिक्षा व्यवस्था को बाल-केंद्रित बनाते हुए हिंदी माध्यम अथवा द्विभाषी विकल्प को सशक्त करना आवश्यक है, क्योंकि शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को ज्ञानवान बनाना है, प्रयोग नहीं होना।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

देवभूमि को प्रकृति बार-बार क्यों दिखा रही रौद्र रूप का आईना?

हिमाचल प्रदेश विगत कुछ वर्षों से मानसून के दौरान भीषण प्राकृतिक आपदाओं का सामना कर रहा है। हर वर्ष बादल फटना, पहाड़ दरकना, भूस्खलन, बाढ़ और उफनते नदी-नाले राज्य के जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर रहे हैं। लोगों के आशियाने उजड़ रहे हैं, करोड़ों रुपए की संपत्ति नष्ट हो रही है तथा विकास कार्य लगातार प्रभावित हो रहे हैं। बरसात का मौसम आते ही प्रदेशवासियों के मन में भय और असुरक्षा का वातावरण व्याप्त हो जाता है कि न जाने इस बार प्रकृति किस रूप में कहर बरपाएगी।

तुलसी राम डोगरा
स्वतंत्र लेखक, पालमपुर

गत 21 जुलाई को कांगड़ा जिले के शाहपुर उपमंडल की बोह घाटी में बादल फटने से 150 से अधिक परिवार बेघर हो गए। राहत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभावित परिवारों को राहत शिविरों में सुरक्षित स्थानांतरित कर उनके रहने और भोजन की समुचित व्यवस्था की, जो प्रशंसनीय है, किंतु जिन लोगों ने वर्षों की मेहनत से अपने घर बनाए थे, वे कुछ ही क्षणों में मलबे में तब्दील हो गए। विशेषकर बुजुर्गों की आंखों के सामने जीवनभर की कमाई उजड़ती देखना अत्यंत पीड़ादायक है।

वर्ष 2023 और 2025 की भीषण वर्षा, बादल फटने, भूस्खलन और जलप्रलय ने भी प्रदेश को गहरे जख्म दिए। अनेक लोगों की मृत्यु हुई, कई आज भी लापता हैं और हजारों परिवारों के आशियाने नष्ट हो गए। गत वर्ष मंडी जिले के डयोड क्षेत्र में धरती फटने से विशाल गड्ढे बन गए तथा कई मकानों में दरारें पड़ गईं। वहीं बिलासपुर जिले के बरठी क्षेत्र में भूस्खलन से हुई बस दुर्घटना में अनेक लोगों की असामयिक मृत्यु ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया। समेज की विनाशकारी बाढ़ में भी कई लोगों ने अपने प्राण गंवाए

और अनेक शव आज तक नहीं मिल सके। प्रश्न यह है कि क्या प्रकृति से निरंतर हो रही छेड़छाड़ का दुष्परिणाम हमें इस रूप में भुगतना पड़ रहा है? विकास के नाम पर पहाड़ों का अंधाधुंध कटान, फोरलेन निर्माण, अवैज्ञानिक निर्माण कार्य, जंगलों की कटाई, नदियों-नालों में बेतरतीब खनन तथा प्राकृतिक संतुलन से खिलवाड़ कहीं इन आपदाओं की तीव्रता बढ़ाने के कारण तो नहीं बन रहे? शांत और हरित पर्वतों का सीना छलनी कर हम स्वयं विनाश को आमंत्रित कर रहे हैं। बुजुर्गों का मानना है कि देवभूमि के प्राकृतिक और सांस्कृतिक संतुलन की उपेक्षा भी चिंताजनक है।

चाहे इसे आस्था मानें या वैज्ञानिक दृष्टि से पर्यावरणीय असंतुलन, दोनों ही हमें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश देते हैं। आज प्रदेश का शायद ही कोई जिला हो जो मानसून के प्रकोप से अछूता हो। मंडी, कांगड़ा, कुल्लू-मनाली, चंबा, शिमला, रामपुर बुशहर और लाहौल-स्पीति सहित अनेक क्षेत्रों में हर वर्ष भारी वर्षा और भूस्खलन जनजीवन को प्रभावित कर रहे हैं। सड़कें, पुल, विद्युत एवं संचार व्यवस्था, जलापूर्ति, पावर प्रोजेक्ट और वन संपदा व्यापक नुकसान झेल रहे हैं। इससे विकास परियोजनाओं में भी लगातार विलंब हो रहा है।

समय की मांग है कि पर्यावरणविदों, भू-वैज्ञानिकों, भारतीय मौसम विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा संबंधित विशेषज्ञों द्वारा इन आपदाओं के कारणों पर गहन एवं वैज्ञानिक अध्ययन किया जाए। साथ ही अवैज्ञानिक निर्माण, अंधाधुंध खनन और प्रकृति के असीम दोहन पर कठोर नियंत्रण लगाया जाए। विकास आवश्यक है, किंतु प्रकृति के संतुलन की कीमत पर नहीं। यदि हमने समय रहते प्रकृति की चेतावनी को नहीं समझा, तो यह देवभूमि निरंतर विनाश की ओर बढ़ती जाएगी। प्रकृति बार-बार हमें संकेत दे रही है कि उसके नियमों का सम्मान करें, अन्यथा उसके रौद्र रूप का सामना करने के लिए सदैव तैयार रहना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

आक्रोश की आड़ में राजनीतिक दलों का अराजकता का एजेंडा तर्कसंगत नहीं

लोकतंत्र में विरोध और असहमति प्रत्येक नागरिक तथा राजनीतिक दल का संवैधानिक अधिकार है। किसी भी सरकार की नीतियों, निर्णयों या कार्यशैली से असहमति होने पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन, धरना, रैली, ज्ञापन और जनसंवाद जैसे लोकतांत्रिक माध्यम अपनाना लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक माना जाता है, किंतु जब जनाक्रोश की आड़ लेकर हिंसा, तोड़फोड़, आगजनी, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, यातायात बाधित करने अथवा कानून-व्यवस्था को चुनौती देने जैसी घटनाएं होने लगती हैं, तब यह लोकतांत्रिक विरोध नहीं, बल्कि अराजकता का रूप धारण कर लेता है।

केशव शर्मा 'रसिक'
स्वतंत्र लेखक, गांव कोटला, घुमारवीं

राजनीतिक दलों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी जनता का नेतृत्व करना और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना है। यदि वही दल जनता की भावनाओं को भड़काकर या उन्हें उग्र आंदोलन की ओर प्रेरित कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास करें, तो इससे लोकतंत्र कमजोर होता है। वास्तविक जनसमस्याएं पीछे छूट जाती हैं और पूरा विमर्श हिंसा तथा टकराव तक सीमित होकर रह जाता है। लोकतंत्र का उद्देश्य संवाद, समाधान और जनहित है, न कि टकराव और अस्थिरता।

इतिहास गवाह है कि अनेक बार जनभावनाओं को भड़काकर ऐसे आंदोलन खड़े किए गए, जिनका सबसे अधिक नुकसान आम नागरिकों को उठाना पड़ा। सार्वजनिक परिवहन, सरकारी भवन, अस्पताल, विद्यालय, रेलवे, सड़कें और अन्य सार्वजनिक संपत्तियां जनता के करों से निर्मित होती हैं। इन्हें नुकसान पहुंचाने का अर्थ अपने ही संसाधनों को नष्ट करना है। ऐसी घटनाओं का प्रभाव सरकार से अधिक सामान्य नागरिकों पर पड़ता है, जिन्हें रोजमर्रा के जीवन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। एक सशक्त विपक्ष सरकार को जवाबदेह बनाता है, नीतियों की समीक्षा करता है और जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाता है, लेकिन यदि विपक्ष का उद्देश्य केवल विरोध करना रह जाए और प्रत्येक मुद्दे को राजनीतिक अवसर में बदल दिया जाए, तो लोकतांत्रिक संवाद कमजोर पड़ने लगता है। इसी प्रकार सत्ता पक्ष की भी जिम्मेदारी है कि वह असहमति का सम्मान करे और हर विरोध को राजनीतिक षड्यंत्र मानकर खारिज करने से बचे। स्वस्थ लोकतंत्र में संवाद, सहिष्णुता और पारदर्शिता अनिवार्य तत्व हैं।

सोशल मीडिया के इस दौर में अफवाहें, आधी-अधूरी जानकारी और भड़काऊ संदेश कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों तक पहुंच जाते हैं। कई बार राजनीतिक स्वार्थों के लिए ऐसी सूचनाओं का उपयोग जनभावनाओं को भड़काने में किया जाता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि किसी भी सूचना की सत्यता की पुष्टि किए बिना उसे साझा न करे तथा कानून अपने हाथ में लेने से बचे। डिजिटल युग में सूचना के प्रति जिम्मेदारी भी लोकतांत्रिक कर्तव्य का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है।

युवाओं को विशेष रूप से समझना होगा कि उनकी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण, शिक्षा, रोजगार, नवाचार और सामाजिक परिवर्तन में लगनी चाहिए, न कि हिंसक गतिविधियों में। राजनीतिक दलों को भी युवाओं की शक्ति का उपयोग सकारात्मक विकास, सामाजिक जागरूकता और जनहित के मुद्दों के लिए करना चाहिए। लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति विचारों, तर्कों और संवैधानिक बहस में निहित है, पत्थरों, आगजनी और हिंसा में नहीं।

आज आवश्यकता इस बात की है कि सभी राजनीतिक दल संविधान की मर्यादाओं, लोकतांत्रिक मूल्यों और कानून के शासन का सम्मान करें। जनता भी भावनाओं में बहने के बजाय विवेकपूर्ण निर्णय ले तथा ऐसे किसी भी प्रयास का समर्थन न करे जो हिंसा, वैमनस्य या सार्वजनिक संपत्ति के विनाश को बढ़ावा देता हो। लोकतंत्र में विरोध आवश्यक है, किंतु वह शांतिपूर्ण, तथ्यपरक और संवैधानिक होना चाहिए। जनाक्रोश यदि व्यवस्था सुधार का माध्यम बने तो वह लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन यदि उसे राजनीतिक स्वार्थ और अराजकता का हथियार बना दिया जाए, तो उसका दुष्परिणाम पूरे समाज और राष्ट्र को भुगतना पड़ता है। लोकतंत्र की गरिमा तभी सुरक्षित रहेगी, जब असहमति को संवाद, संयम और संविधान की मर्यादाओं के भीतर व्यक्त किया जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

छात्र हित या सत्ता-विरोध का मुखौटा? शिक्षा के मुद्दों पर राजनीति बनाम सरोकार

आज देश के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह नहीं है कि कोई संगठन प्रदर्शन क्यों कर रहा है? लोकतंत्र में विरोध करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। वास्तविक प्रश्न यह है कि विरोध की दिशा क्या है, उसकी भाषा कैसी है और उसका अंतिम उद्देश्य क्या है?

शिशु गुप्ता
राजनीतिक विश्लेषक

यदि कोई आंदोलन वास्तव में छात्रों के अधिकारों के लिए है, तो उसके केंद्र में शिक्षा, रोजगार, शोध, छात्रवृत्ति और विश्वविद्यालयों की समस्याएं दिखाई देनी चाहिए, लेकिन जब प्रदर्शन का स्वरूप धीरे-धीरे राजनीतिक नारों, उत्तेजक भाषणों और अशोभनीय अभिव्यक्तियों में बदलने लगे, तब यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या यह अब भी छात्र हित का आंदोलन है या किसी व्यापक राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बन चुका है। सबसे अधिक चिंता उस मानसिकता को लेकर है जो अभद्र भाषा, गाली-गलौज और सार्वजनिक अशिष्टता को आधुनिकता तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रतीक मान बैठी है। यह कैसी पीढ़ी तैयार की जा रही है, जो लोक-लाज को पिछड़ापन और अशिष्टता को साहस समझने लगी है? यदि शिक्षण संस्थानों से निकलने वाला शिक्षित वर्ग संवाद के स्थान पर अपशब्दों को अपनी पहचान बनाए, तो यह केवल शिक्षा व्यवस्था ही नहीं, सामाजिक संस्कारों पर भी प्रश्नचिन्ह है।

शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं होता। शिक्षा व्यक्ति को विवेक, संयम, संवाद और मर्यादा सिखाती है। यदि शिक्षित होने का अर्थ केवल ऊंची आवाज, कटु भाषा और सामाजिक मर्यादाओं की अवहेलना रह जाए, तो हमें आत्ममंथन करना होगा कि कहीं हम ज्ञान के स्थान पर केवल सूचना तो नहीं बांट रहे। आधुनिक होना और असभ्य होना दो अलग-अलग बातें हैं।

प्रगतिशील होना और सार्वजनिक जीवन में शालीनता बनाए रखना एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। जो लोग अभद्रता को क्रांति

और अशिष्टता को स्वतंत्रता का पर्याय बना रहे हैं, वे वास्तव में लोकतांत्रिक संवाद की गरिमा को कमजोर कर रहे हैं। यह भी विचारणीय है कि जिन शक्तियों ने लोकतांत्रिक चुनावों में जनता का विश्वास प्राप्त नहीं किया, वे कहीं ऐसे आंदोलनों को सरकार-विरोधी राजनीतिक मंच में बदलने का प्रयास तो नहीं कर रहीं। यह आरोप तभी सार्थक होगा जब उसके समर्थन में ठोस तथ्य हों; इसलिए किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले प्रमाणों और तथ्यों की जांच आवश्यक है, लेकिन यदि किसी आंदोलन का फोकस लगातार छात्र समस्याओं से हटकर केवल राजनीतिक टकराव पर केंद्रित होता जाए, तो जनता ऐसे प्रश्न अवश्य पूछेगी। भारत की युवा शक्ति से अपेक्षा है कि वह विचारों की लड़ाई विचारों से लड़े, तर्कों से लड़े, तथ्यों से लड़े। गाली-गलौज, अश्लील नारों और सामाजिक मर्यादाओं को तोड़कर कोई भी आंदोलन नैतिक विजय प्राप्त नहीं कर सकता। लोकतंत्र में असहमति आवश्यक है, लेकिन असहमति की भी एक संस्कृति होती है। जिस दिन विरोध की भाषा से शालीनता समाप्त हो जाती है, उसी दिन उसके नैतिक बल का क्षरण प्रारंभ हो जाता है। यदि छात्र आंदोलन वास्तव में छात्रों के लिए है, तो उसे छात्र हितों पर केंद्रित रहना होगा। यदि वह राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं का माध्यम बनता है, तो जनता उसे उसी दृष्टि से देखेगी। और यदि आधुनिकता के नाम पर मर्यादा, संस्कार और सभ्यता का उपहास उड़ाया जाएगा, तो यह न केवल शिक्षा की आत्मा का अपमान होगा, बल्कि उस भारतीय सांस्कृतिक चेतना का भी, जिसने सदियों से स्वतंत्रता और जिम्मेदारी-दोनों को साथ लेकर चलना सिखाया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

मानसून सीजन में प्राकृतिक आपदाओं से जिले में 16 मौतें

अनंत ज्ञान

शिमला। मानसून के इस सीजन में 1 से 24 जुलाई तक शिमला जिले में प्राकृतिक आपदाओं ने 16 लोगों की जान ले ली है। मॉनसून के इस सीजन में शिमला जिले में प्राकृतिक आपदाओं ने 16 लोगों की जान ले ली है। कई मकानों, गोशालाओं और दूसरी संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है, जबकि शुरुआती आकलन में करीब 52.80 लाख रुपये की क्षति दर्ज की गई है। भारी बारिश के बीच सड़कें बंद हुईं, बिजली और पेयजल सेवाएं भी प्रभावित रहीं। शुक्रवार को शिमला में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने ये जानकारी दी। हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष दीपक राठौर ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता आपदा के समय हर व्यक्ति का जीवन बचाना है। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि हर पंचायत में कम से कम पांच लोगों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाए। उनका कहना था कि स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित लोग मौजूद रहने से राहत और बचाव कार्य बिना देरी शुरू किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था को पूरे हिमाचल में लागू करने के बारे में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भी चर्चा की जाएगी। राठौर ने यह भी बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एक मोबाइल ऐप तैयार कर रहा है, जिसके जरिए आपदा की सूचना और घटना स्थल की सटीक लोकेशन कुछ ही सेकंड में राज्य और जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र तक पहुंच जाएगी। ऐप का विकास अंतिम चरण में है और इसे जल्द शुरू किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि एक जुलाई से 24 जुलाई 2026 के बीच जिले में 99 संपर्क सड़कें प्रभावित हुईं, जिनमें से 86 को फिर से खोल दिया गया है। 136 बिजली ट्रांसफार्मरों में से 126 बहाल किए जा चुके हैं, जबकि 62 पेयजल योजनाओं में से 42 दोबारा चालू कर दी गई हैं। बाकी स्थानों पर काम जारी है। राहत और बचाव कार्यों के लिए पुलिस और होमगार्ड को 48 तरह के आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र को जनरेटर, सैटेलाइट संचार, वीएचएफ नेटवर्क और अन्य आधुनिक संचार सुविधाओं से लैस किया गया है। सेना, एनडीआरएफ, आईटीबीपी, एसडीआरएफ और अन्य एजेंसियों के साथ भी समन्वय बनाया गया है। उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अनुपम कश्यप ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य शिमला को 'आपदा सहनशील' बनाना है। उन्होंने कहा कि राहत राशि समय पर उपलब्ध कराने और जरूरी सेवाओं को जल्द बहाल करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

बैंक अधिकारी सिर्फ ऋणदाता ही नहीं, मार्गदर्शक भी बनें : उपायुक्त

अब हर 60 दिन में होगी बैंकिंग योजनाओं और ऋण वितरण की समीक्षा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला में आयोजित जिला स्तरीय त्रैमासिक समीक्षा एवं सलाहकार समिति की बैठक में उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बैंक अधिकारियों से आह्वान किया कि वे केवल ऋण स्वीकृत करने तक सीमित न रहें, बल्कि प्रत्येक ऋण आवेदक के मार्गदर्शक की भूमिका भी निभाएं।

उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ना सभी बैंकों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि अब हर 60 दिन में बैंकिंग योजनाओं, ऋण वितरण और सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी, ताकि कार्यों में पारदर्शिता और गति बनी रहे। बैठक में वित्तीय साक्षरता शिविरों को पंचायतों के सहयोग से अधिक प्रभावी बनाने तथा जन-जन तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में विभिन्न बैंकिंग योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा स्वयं सहायता समूहों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने में जिला ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। किसान क्रेडिट कार्ड के तहत हजारों किसानों को ऋण उपलब्ध कराया गया है, जबकि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना और सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को भी बड़े स्तर पर वित्तीय सहायता दी गई है।

जिला स्तरीय बैंकर्स समीक्षा एवं सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते डीसी।

◆ **जनधन, केसीसी और स्वयं सहायता समूहों को बैंकिंग से जोड़ने पर दिया जोर**

प्रायोरिटी सेक्टर में लक्ष्य से अधिक उपलब्धि दर्ज होने पर उपायुक्त ने संतोष व्यक्त किया और बैंक अधिकारियों से जनहित की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को और गति देने का आह्वान किया।

सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स एक माह में करवा लें ई-केवाईसी

अनंत ज्ञान

◆ **निर्धारित समय में ई-केवाईसी नहीं कराने पर बंद हो सकती है पेंशन**

◆ **7.84 लाख से अधिक पेंशनरों का सत्यापन पूरा शेष को अंतिम मौका**

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रहे सभी लाभार्थियों से एक माह के भीतर अपना आधार आधारित ई-केवाईसी सत्यापन करवाने की अपील की है।

अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम का सशक्तिकरण विभाग के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जुलाई 2025 से जिला कल्याण अधिकारियों और तहसील कल्याण अधिकारियों के माध्यम से ई-केवाईसी अभियान चलाया जा रहा है। अब तक प्रदेश के 7,84,976 सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों का आधार आधारित सत्यापन सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन पेंशनरों ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं करवाई है, उन्हें अंतिम अवसर देते हुए एक माह के भीतर संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय में जाकर अपना सत्यापन अनिवार्य रूप से करवाना होगा। यदि निर्धारित अवधि के बाद भी लाभार्थी ई-केवाईसी नहीं करवाते हैं तो उन्हें सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं माना जाएगा और उनका पेंशन लाभ प्रभावित हो सकता है।

प्रवक्ता ने बताया कि जिन असहाय पेंशनभोगियों का आधार कार्ड अभी तक नहीं बना है अथवा उसमें किसी प्रकार के संशोधन या अद्यतन की आवश्यकता है, वे संबंधित जिला कल्याण अधिकारी या तहसील कल्याण अधिकारी से संपर्क कर आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

ढाबा संचालक ने लौटाए यात्री के 7 लाख रुपए के आभूषण

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला जिले के कुमारसेन उपमंडल के जाबली स्थित शिव शक्ति भोजनालय के संचालक और उनके स्टाफ ने ईमानदारी की ऐसी मिसाल पेश की है, जिसकी पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। जानकारी के अनुसार, चंडीगढ़ निवासी एक व्यक्ति रामपुर से बस के माध्यम से अपने घर लौट रहा था। रास्ते में बस जाबली स्थित शिव शक्ति भोजनालय में भोजन के लिए रुकी। इसी दौरान उसके जेब में रखे सोने के आभूषण अनजाने में भोजनालय परिसर में गिर गए और बस आगे निकल गई।

बाद में सफाई के दौरान भोजनालय कर्मचारियों को आभूषण मिले। उधर, आभूषण गायब होने का पता चलते ही संबंधित यात्री ने बस के कंडक्टर को सूचना दी। कंडक्टर ने तुरंत भोजनालय संचालक से संपर्क किया।

यात्रियों की मौजूदगी में कंडक्टर को सौंपे गहने

भोजनालय संचालक और उनके स्टाफ ने सभी आभूषण पूरी सुरक्षा के साथ अपने पास रखे। अगले दिन सुबह जब बस दोबारा उसी मार्ग से गुजरी तो यात्रियों की मौजूदगी में आभूषण बस के कंडक्टर को सौंप दिए गए। कंडक्टर अब इन्हें उनके वास्तविक मालिक को सौंपेगा। इस सराहनीय कार्य ने यह साबित कर दिया कि आज भी समाज में ईमानदारी और नैतिक मूल्यों को सर्वोच्च स्थान देने वाले लोग मौजूद हैं। स्थानीय लोगों ने भोजनालय संचालक और पूरे स्टाफ की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे उदाहरण समाज में विश्वास और मानवता को मजबूत करते हैं।

मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े मामले में फरार आरोपी अरेस्ट

अनंत ज्ञान, शिमला। जिला पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गैर-जमानती वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। इसके बाद उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। पुलिस ने उसे मंडी जिले के करसोग क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान 34 वर्षीय किशन चौहान पुत्र चमन लाल निवासी करसोग, जिला मंडी के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2023 में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया गया था। उस समय उसके कब्जे से 6 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई थी। मामले की जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने आरोप पत्र जिला एवं सत्र न्यायालय शिमला में पेश कर दिया था। पुलिस ने बताया कि मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी लगातार न्यायालय में पेश नहीं हुआ। इसके बाद जिला एवं सत्र न्यायालय, शिमला ने उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया। वारंट मिलने के बाद पुलिस थाना सदर की टीम ने उसकी तलाश शुरू की और 23 जुलाई को मंडी जिले की करसोग तहसील के खाडौनी गांव से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी को नियमानुसार जिला एवं सत्र न्यायालय, शिमला के समक्ष पेश किया जाएगा। जिला शिमला पुलिस ने कहा है कि मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

कुलदीप राठौर ने छात्रों के मुद्दों पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं ठियोग से विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर तीखा राजनीतिक हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि देश के सबसे संवेदनशील छात्र मुद्दों पर सरकार मौन बनी हुई है। शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता में राठौर ने कहा कि नीट पेपर लीक जैसे गंभीर मामले ने लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को अनिश्चितता में डाल दिया, लेकिन प्रधानमंत्री ने इस विषय पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि आधी रात को की गई बड़ी घोषणाएं सुबह तक बेअसर साबित हो गईं, जबकि छात्रों की पीड़ा और उनके भविष्य से जुड़े सवाल आज भी अनुत्तरित हैं। राठौर ने कहा कि कांग्रेस देश में एक जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभा रही है और जनता की आवाज को मजबूती से उठा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का आईटी सेल छात्र आंदोलनों को बदनाम करने और आंदोलनरत युवाओं को देशद्रोही साबित करने का प्रयास कर रहा है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि सरकार को विपक्ष और छात्रों की आवाज दबाने के बजाय उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। राठौर ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि छात्रों के साथ जानवरों जैसा व्यवहार किया गया, उन पर लाठियां बरसाई गईं और एक छात्रा की मौत जैसी दुखद घटना के बावजूद प्रधानमंत्री ने संवेदना के दो शब्द तक नहीं कहे। उन्होंने कहा कि जब देश का युवा न्याय की मांग को लेकर सड़कों पर उतरने को मजबूर हो जाए, तब यह सरकार की जवाबदेही पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार आतंकवाद, पुलवामा, विदेश नीति और आर्थिक मोर्चे सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी जवाबदेही से बचने की कोशिश कर रही है।

कुलदीप सिंह राठौर ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार की जवाबदेही तय करने का सबसे बड़ा मंच संसद है और प्रधानमंत्री को अपने विचार वहीं रखने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राहुल गांधी से सवाल पूछ रही है, जबकि जवाब स्वयं सरकार को देना चाहिए। राठौर ने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं ने लाखों छात्रों को मानसिक तनाव में डाल दिया है और युवाओं का सरकार पर भरोसा कमजोर हुआ है। उन्होंने केंद्र सरकार से युवाओं के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने, जवाबदेही स्वीकार करने और छात्र हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की मांग की।

न्यूज ब्रीफ

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों गानवी और जघोरी के लिए डीसी को भेजा दो लाख का प्रस्ताव

अनंत ज्ञान आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर। गानवी और जघोरी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सेवाओं एवं परिवहन व्यवस्था को बनाए रखने के लिए उपमंडलाधिकारी रामपुर ने उपायुक्त शिमला को कैश डोल मद के तहत लगभग 2 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत करने का प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव में बताया गया है कि वर्ष 2025 के मानसून के दौरान हुई भारी वर्षा और बाढ़ से गणवी क्षेत्र में पुलिया और पुल बह जाने के कारण सड़क संपर्क पूरी तरह बाधित हो गया था। इससे एलपीजी सिलेंडर, राशन, दवाइयों, दैनिक उपयोग की वस्तुओं तथा निर्माण सामग्री जैसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित हुई, जिससे तीन पंचायतों के लोग प्रभावित हुए। इसी प्रकार जघोरी गांव में भी भारी बारिश और बाढ़ से परिवहन व्यवस्था बाधित हो गई। तब से स्थानीय लोग आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही के लिए अस्थायी स्पैन पर निर्भर हैं। प्रस्ताव में कहा गया है कि वर्तमान मानसून में जलस्तर फिर बढ़ गया है और पुल का तत्काल निर्माण संभव नहीं है। ऐसे में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए स्पैन ही एकमात्र विकल्प बना हुआ है। एसडीएम ने यह भी उल्लेख किया है कि सेब सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे समय में सेब की पेटियां और बागवानी उत्पादों का परिवहन स्थानीय बागवानों की आजीविका के लिए अत्यंत आवश्यक है।

फागू में 27 को 23 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। शिमला जिला रोजगार कार्यालय की ओर से बेरोजगार युवाओं के लिए 27 जुलाई को हॉलिडे इन रिजॉर्ट (फागू, ठियोग) में कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे शुरू होगा, जिसमें होटल उद्योग से जुड़े 23 पद भरे जाएंगे। इनमें फूड एंड बेवरेज सुपरवाइजर के 5, फ्रंट ऑफिस स्टाफ के 6, फूड एंड बेवरेज असिस्टेंट के 7 तथा कॉमिस-1, कॉमिस-2 और कॉमिस-3 के कुल 5 पद शामिल हैं। चयनित अभ्यर्थियों को पद के अनुसार 18,881 रुपये से 25,500 रुपये प्रतिमाह तक वेतन दिया जाएगा। पुरुष और महिला दोनों अभ्यर्थी इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी प्रवीण नगराईक ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण-पत्र, बायोडाटा और आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर साक्षात्कार स्थल पर पहुंचें। विभिन्न पदों के लिए होटल मैनेजमेंट अथवा फूड प्रोडक्शन में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और आयु सीमा तय की गई है। अभ्यर्थियों का ईईएमआईएस पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। जिनका पंजीकरण नहीं हुआ है, वे साक्षात्कार से पहले आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 98161-20249 पर संपर्क किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के उद्देश्य बताए

अनंत ज्ञान

रामपुर बुशहर। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन के उद्देश्य से शुक्रवार को पंचायत समिति सभागार रामपुर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला कल्याण अधिकारी शिमला कपिल शर्मा ने की। कार्यशाला में विकास खंड रामपुर, ननखरी तथा नारकण्डा के नवनिर्वाचित पंचायत प्रधानों, पंचायत सचिवों एवं तकनीकी सहायकों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के उद्देश्य, दिशा-निर्देश, कार्यान्वयन प्रक्रिया, पंचायतों की भूमिका, विकास कार्यों के चयन तथा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिला कल्याण अधिकारी कपिल शर्मा ने बताया कि शिमला जिला में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत 75 गांवों का चयन किया गया है। चयनित गांवों के नवनिर्वाचित पंचायत प्रधानों को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए क्लस्टर स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके तहत रामपुर, रोहड़ू तथा शिमला में अलग-अलग कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज रामपुर में आयोजित कार्यशाला में विकास खंड रामपुर, ननखरी तथा नारकण्डा के नवनिर्वाचित पंचायत प्रधानों, पंचायत सचिवों एवं तकनीकी सहायकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

मैं, डोले सिंह, पुत्र श्री प्रताप चन्द, निवासी ग्राम लाँघवी, डाकघर शवाड़, तहसील आनी, जिला कुल्लू (हि.प्र.), घोषित करता हूँ कि पंचायत रिकॉर्ड एवं अन्य अभिलेखों में मेरा नाम 'डोले सिंह (DOLE SINGH)' सही दर्ज है, जबकि आधार कार्ड में त्रुटिवश 'डोला सिंह (DOLA SINGH)' अंकित है। अतः मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम 'डोले सिंह (DOLE SINGH)' दर्ज किया जाए।

नाम परिवर्तन

मैं, मुल्खी राम 60 वर्ष पुत्र शेर सिंह गांव ढघोर डाकघर सलहेरा तहसील बैजनाथ जिला कांगड़ा हि.प्र. ब्यान करता हूँ कि मेरे सभी दस्तावेजों तथा हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी आठवीं कक्षा के प्रमाण पत्र में मेरा सही नाम मुल्खी राम दर्ज है, लेकिन मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम मिल्खी राम लिखा गया है अतः मुल्खी राम तथा मिल्खी राम एक ही व्यक्ति के नाम हैं। संबंधित नोट करें।

कार्यालय ग्राम पंचायत सज्याओ पिपलू विकास खण्ड धर्मपुर, जिला मण्डी (हि. प्र.)

निविदा आमन्त्रण सूचना

ग्राम पंचायत सज्याओ पिपलू विकास खंड धर्मपुर जिला मण्डी द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जानी अति - आवश्यक है। निविदाएँ दिनाँक 29/07/2026 को पूर्वाहन 4:00 बजे ग्राम पंचायत के कार्यालय सज्याओ पिपलू में पहुँच जानी चाहिए। निविदाएँ दिनाँक 30/07/2026 दोपहर 11:00 बजे, ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी।

क्र.सं.	सामग्री का विवरण	मूल्य प्रति इकाई	क्र.सं.	सामग्री का विवरण	मूल्य प्रति इकाई
1.	रेत (खड्ड/ नदी की)	प्रति घन मीटर	9.	सीमेंट ढुलाई प्रति बैग व सामग्री ढुलाई ट्रैक्टर/ जीप / अन्य वाहन द्वारा	प्रति बैग
2.	रेत (क्रेशर की)	प्रति घन मीटर	10	शटरिंग	प्रति वर्ग मीटर
3.	बजरी 10, 20, 40mm (खड्ड/ नदी की)	प्रति घन मीटर	11.	टोर सरिया। एंगल चादरें (ISI Marked)	प्रति क्विंटल
4	बजरी 10, 20, 40mm (क्रेशर की)	प्रति घन मीटर	12.	दीवार लेखनी (Wall Writting)	प्रति वर्ग मीटर
5.	सोलिंग/बोल्डर (पत्थर	प्रति घन मीटर	13.	PVC पाइपे /GI पाइप/ RCC पाइपे	प्रति मीटर
6.	पत्थर (Cut Stone)	प्रति घन मीटर	14.	Inter Locking Type 40, 60, 80 mm (ISI Marked)	प्रति टाईल
7.	पक्की ईंटे (मिट्टी के भट्टे की) (2nd Class	प्रति 1000 नं0	15	Block व टाईल फर्म व दीवार	प्रति ब्लॉक
8.	मशीन द्वारा कटान, (Cutting Through JCB Machine)	प्रति घंटा			

नियम व शर्तें :- 1) निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, टीन (TIN) नम्बर होना आवश्यक है। तथा इसकी छाया प्रति साल में लगाना अति-आवश्यक है। 2) टेकेदार/ आपूर्तिकता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M- Form जमा करवाने होंगे, M- Form उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सम्बन्धी रायल्टी वर्तमान में मु0 .... Fixed By Govt ..../- रुपये प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जाएगी 3) सभी निविदाएँ सील बंद लिफाफे में देनी अनिवार्य होंगी। अधूरी व खुली निविदाएँ मान्य नहीं होंगी। 4) पंचायत पदाधिकारियों एव कर्मचारियों के परिवार से सम्बंधित सदस्यों की निविदाएँ मान्य नहीं होंगी। 5) दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी होनी चाहिए 6) निर्माण सामग्री कार्य, स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 7) निविदादाताओं को पंचायत कार्यालय में मु0 25000 / रू0 अग्रिम सुरक्षित राशि पहले जमा करवानी आवश्यक है। 8) निविदादाता पंचायत को यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नही कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा और न ही अग्रिम/ सुरक्षित राशि वापिस होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/ अस्वीकृत करने, सशर्त निविदा, समान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदायें किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/ निर्णय विभाग की Justification में पारित निविदादाता के साथ Negotiation अनुसार किया जाएगा।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सज्याओ पिपलू
विकास खण्ड धर्मपुर, जिला मण्डी (हि. प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत टकोली
विकास खंड बालीचौकी, जिला मंडी (हि.प्र.)

निविदा सूचना

आज की बैठक में सर्व सहमति से निविदा आमंत्रण का प्रस्ताव पास हुआ । वित्त वर्ष 2026-27 के लिए रेत, बजरी, पत्थर किराया, JCB, नागरिक सूचना पट्ट, पाइप शट्टररिंग, क्रेट वायर, सिमेन्ट किराया ईट व पंचायत के कार्य में उपयोग होने वाली अन्य सामग्री हेतु आमंत्रित करती है। निविदा 08-08-2026 तक पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से पहुंचनी चाहिए। निविदा 10-08-2026 को खोली जाएगी । **शर्तें** :- 1. निविदादाता को पचास हजार रुपए की धरोहर राशि निविदा के साथ देनी होगी, तभी निविदा स्वीकार्य होगी । निविदादाता को चौपहिया वाहन, टिप्पर। ट्रैक्टर इत्यादि की RC निविदा के साथ देनी होगी। निविदादाता के पास अपना GST और PAN-CARD होना चाहिए। आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग के M-FORM भी जमा करवाने होंगे। पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही रेट होगा । निविदादाता अगर समय पर सामग्री नहीं देता है तो धरोहर राशि जब्त की जाएगी । सामग्री लेने का अंतिम मूल्य विभाग द्वारा negotiation के बाद किया जाएगा। यह सर्वसम्मति से पारित किया गया है।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत टकोली
विकास खंड बालीचौकी, जिला मंडी (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत घलूं
विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत बैठक में विचार विमर्श के बाद प्रस्ताव को सर्वसहमति से पारित किया गया कि ग्राम पंचायत घलूं में वित्तीय वर्ष 2026-27 के विकास कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जानी है जो कि इस प्रकार से है। (1.) निविदाएं सीलबन्द लिफाफे में पंचायत कार्यालय घलूं में दिनांक 07/08/2026 शाम 5.00 बजे तक जमा करवानी होगी इसके बाद कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। (2.) निविदाएँ दिनांक 10/08/2026 को सुबह 11.00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत में खोली जायेगी (3.) टेंडर फार्म पंचायत कार्य दिवस के दौरान प्राप्त कर सकते हैं। ।(4.) सबसे कम दर वाली निविदा पास की जायेगी। (5.) पास निविदाधारक को धरोहर राशी के रूप में 10000 रु. की राशी पंचायत कार्यालय में जमा करवानी होगी। अन्यथा निविदा रद्द कर दी जायेगी। (6.) किसी भी निविदा को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। (7.) टेंडर फार्म की कीमत 500/- रु. होगी। (8.) निविदाधारक के पास अपना जीएसटी नम्बर होना अनिवार्य है।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत घलूं विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत हथोल
विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत बैठक में विचार विमर्श के बाद प्रस्ताव को सर्वसहमति से पारित किया गया कि ग्राम पंचायत हथोल में वित्तीय वर्ष 2026-27 के विकास कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जानी है जो कि इस प्रकार से है। (1.) निविदाएं सीलबन्द लिफाफे में पंचायत कार्यालय हथोल में दिनांक 07/08/2026 शाम 5.00 बजे तक जमा करवानी होगी इसके बाद कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। (2.) निविदाएँ दिनांक 13/08/2026 को सुबह 11.00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत में खोली जायेगी (3.) टेंडर फार्म पंचायत कार्य दिवस के दौरान प्राप्त कर सकते हैं। ।(4.) सबसे कम दर वाली निविदा पास की जायेगी। (5.) पास निविदाधारक को धरोहर राशी के रूप में 10000 रु. की राशी पंचायत कार्यालय में जमा करवानी होगी। अन्यथा निविदा रद्द कर दी जायेगी। (6.) किसी भी निविदा को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। (7.) टेंडर फार्म की कीमत 500/- रु. होगी। (8.) निविदाधारक के पास अपना जीएसटी नम्बर होना अनिवार्य है।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत हथोल विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत हुक्कल विकास खण्ड धर्मपुर जिला मंडी (हि0प्र0)

निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत हुक्कल में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए समस्त मदों के अंतर्गत विकास योजनायों हेतु सामग्री सप्लाई की निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विवरण इस प्रकार से है-: **सामग्री का विवरण**-रेता क्रशर प्रति क्यूबिक मीटर, रेता खडड प्रति क्यूबिक मीटर, बजरी क्रसर 10mm,20mm 40mm प्रति क्यूबिक मीटर, बोल्डर प्रति क्यूबिक मीटर, ईट पकी 2nd class प्रति इट, शटरिंग स्टील व लकड़ी प्रति स्क्वेयर मीटर, jcb मशीन कटाई प्रति घंटा, jcb मशीन कटाई हार्ड रॉक (ब्रेकर) प्रति घंटा, सीमेंट ढुलबाई सिविल सप्लाई धर्मपुर से कार्यस्थल तक प्रति बैग, बोर्ड लिखवाई व फोटो in sqr. (2 ×3 ft) प्रति बोर्ड, बोर्ड सीमेंट in sqr.(2 ×3 ft) प्रति बोर्ड। निविदाए् कार्यालय ग्राम पंचायत हुक्कल में दिनांक 06 अगस्त 2026 को शाम 5 बजे तक जमा हो जानी चाहिए। 06 अगस्त 2026 के बाद आने वाली निविदाएं मान्य नहीं होंगी। निविदाएं ग्राम पंचायत की मासिक बैठक में कार्यकारणी के समक्ष 07 अगस्त 2026 को 11 बजे के बाद खोली जायगी। निविदादाता के द्वारा ही निविदा मान्य होगी। **नियम व शर्ते**- 1 सपलायर के पास GST No या Tin No होना चाहिए फोटो कापी संलगन करे। 2 यदि सप्लाई समय पर सप्लायर द्वारा नहीं दी जाती है तो कुटेशन को रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा । 3 ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा, सामग्री जहा तक सड़क सुबिधा होगी वहां तक पहचानी होगी। 4 जिन निविदादाताओं की निविदा पास होगी उन्हें 30000/- रूपए की FDR ग्राम पंचायत के खाते में पलज करा के पंचायत में जमा करवानी होगी। 5. निविदादाता पंचायत के किसी भी पदाधिकारी व कर्मचारी का सगा समन्धी नहीं होना चाहिये। 6. निविदादाता प्राधिकृत अधिकारी खनन विभाग द्वारा जारी एम फार्म व टेक्स सहित अपनी सामग्री की दर से रेट देगा। 7. जिस दिन निविदाए खोली जायगी उस दिन निविदादाता पंचायत में उपस्थित होना चाहिये जो निविदादाता उस दिन उपस्थित नहीं होगा उस की निविदा खोली नहीं जायगी उसे रद्द कर दिया जाएगा। 8. यदि सप्लाई समय पर सप्लायर द्वारा नहीं दी जाती है तो सप्लायर को आगे 5 वर्ष के लिए ब्लैक लिस्ट कर दिया जायेगा। 9. निविदायें आइटम वाइज ही ली जाएगी।

प्रधान/सचिव, कार्यालय ग्राम पंचायत हुक्कल विकास खण्ड धर्मपुर जिला मंडी (हि0प्र0)

कार्यालय ग्राम पंचायत सरौन विकास खंड धर्मपुर जिला मंडी हि0 प्र0

निविदा आमंत्रण सूचना

सर्व सहमति से प्रस्ताव पारित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 के लिये विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निम्नलिखित निविदायें आमंत्रित की जाती है। **सामग्री का विवरण**- 1. रेता क्रेशर प्रति घन मीटर 2 बजरी क्रेशर 20 mm प्रति घन मीटर 3 बजरी क्रेशर 40 mm प्रति घन मीटर 4 पत्थर प्रति घन मीटर 5 श्री साईन बोर्ड/बोर्ड writing बोर्ड साईज 2 '3 और 3 '5 6 सीमेंट ढुलाई सरकाघाट से सीमेंट स्टोर तक 7 ईटें प्रति हजार 8 शेट्टेरिंग स्टील प्लेट प्रति squre मीटर 9 शेटरिंग लकड़ी प्रति रनिंग मीटर 10 सरिया 8mm, 10mm, 12mm, प्रति क्विंटल 11 मशीन jcb द्वारा कटान प्रति घन मीटर 12 सामग्री ढुलाई ट्रेक्टर जीप अन्य वाहन द्वारा ग्राम पंचायत के समस्त बार्डो में **नियम व शर्तें**- 1 निविदाता के पास अपना पंजीकरण पेन कार्ड no gst न0 का होना आवश्यक है। 2 निविदाता को निविदा अपने लैटर पेड़ पर ग्राम पंचायत सरौन के नाम पर भेजनी होगी। 3 निविदाता को खनन विभाग के हस्ताक्षरित M फॉर्म जमा करने होंगे। 4 सभी करो का लेनदेन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा। 5 सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुसार होगी। 6 दरें अंकों व शब्दों में लिखी होनी चाहिए। 7. निर्माण सामग्री कार्य स्थल तक/ सड़क तक उपलब्ध होनी चाहिए। 8. पारित निविदाताओं को मु. 50000 रुपये अग्रिम/ सुरक्षित राशि के रूप में जमा करवाने होंगे। 9 ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्र के अधिकार में एक ही मूल्य देना होगा। 10 निविदादाता यदि सप्लाई आर्डर जारी होने उपरांत निर्धारित अबधि में सामग्री समय अनुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय दी गई सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा। और न ही अग्रिम राशि/ सुरक्षित राशि वापिस की जाएगी। 11. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत, अस्वीकृत करने व समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिये कार्य आदेश निर्गत करने सामग्री की गुणवता तथा निविदा किसी भी समय रह करने का अधिकार पंचायत व विभाग के पास गुरक्षित होगा। 12 सामग्री राशि की आदायगी कार्य पूर्ण होने के उपरान्त TA/ JE की पैमाइस के बाद होगा। 13 सामग्री लेने का अंतिम मूल्य निर्णय विभाग JUSTIFICATION का पारित निविदाताओं के साथ NEGOTA-TION अनुसार /उपरांत किया जाएगा। सप्लायर से मांगी गई पूर्ण सामग्री का ब्योरा देना होगा।प्रत्येक सामग्री के आगे राशि लिखना अनिवार्य है। तथा किसी भी सामग्री के साथ मार्किट वैल्यू नहीं लिखनी होगी, बल्कि रेट लिखना होगा। किसी भी सप्लायर द्वारा मार्किट वैल्यू लिखी गई तो निविदा रद्द की जाएगी। निविदा दिनांक 03/08/2026 को शाम को 5 बजे ग्राम पंचायत सरौन में पहुंच जानी चाहिए। निविदा पंचायत बैठक में पंचायत कमेटी द्वारा 5 अगस्त 2026 को सायं 2 बजे के बाद खोली जाएगी। 14. जिसकी निविदा पास होगी वह अपनी निविदा के साथ FD और AGGRIMENT साथ लाएं।

प्रधान/ सचिव, कार्यालय ग्राम पंचायत सरौन विकास खंड धर्मपुर जिला मंडी हि0 प्र0

कार्यालय ग्राम पंचायत लाहड़ कोटलू
विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

निविदा सूचना

बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि ग्राम पंचायत लाहड़ कोटलू में वित्तीय वर्ष 2026-27 के विकास कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जानी है। जिसके बारे पंचायत बैठक में चर्चा करने उपरांत सर्वसम्मति से पास किया गया । 1. ग्राम पंचायत लाहड़ कोटलू में दिनांक 14-08-2026 को खोली जानी है। 2. पंचायत में दिनांक 13-08-2026 को शाम 5-00 बजे तक निविदा ली जानी हैं। दिनांक 13-08-2026 को शाम 5.00 बजे के बाद निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी । 3. टेंडर फॉर्म पंचायत से किसी भी कार्य दिवस के दौरान इच्छुक फर्म विक्रेता प्राप्त कर सकता है। टेंडर फॉर्म की कीमत 500-00 रूपये होगी । जिसे वापिस नहीं किया जाएगा जो टेंडर फॉर्म पंचायत द्वारा जारी किया होगा वो ही स्वीकृत होगा अन्य किसी भी फॉर्म पर निविदा स्वीकृत नहीं होगी । अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। प्रस्ताव पंचायत बैठक में विचार-विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से पास किया गया । संपर्क सूत्र प्रधान ग्राम पंचायत लाहड़ कोटलू मोबाइल न0-9418067135 पंचायत सचिव मोबाइल न0- 7018555340

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत लाहड़ कोटलू
विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत दंगडी
विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

निविदा सूचना

पंचायत बैठक में अध्यक्ष महोदया द्वारा प्रस्ताव रखा कि ग्राम पंचायत दंगडी में वितीय वर्ष 2026-27 के विकास कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जानी है। जिसके वारे पंचायत बैठक में चर्चा उपरांत सर्वसहमति से निम्नलिखित प्रस्ताव पास किया गया । 1. ग्राम पंचायत दंगडी में दिनांक 07-08-2026 को खोली जानी है। 2. पंचायत में दिनांक 06-08-2026 को शाम 5-00 बजे तक निविदा ली जानी है। दिनांक 06-08-2026 को शाम 5.00 बजे के वाद निविदा स्वीकृत नही की जाएगी। 3. टेंडर फॉर्म पंचायत से कार्य दिवस के दौरान इच्छुक फर्म विक्रेता प्राप्त कर सकता है। टेंडर फॉर्म की कीमत 500-00 रूपये होगी । जिसे वापिस नहीं किया जाएगा जो टेंडर फॉर्म पंचायत द्वारा जारी किया होगा वो ही स्वीकृत होगा अन्य किसी भी फॉर्म पर निविदा स्वीकृत नहीं होगी । अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। प्रस्ताव पंचायत बैठक में विचार विमर्श उपरान्त सर्वसहमति से पास किया गया। संपर्क सूत्र मोबाइल न0 प्रधान ग्राम पंचायत दंगडी-9317138240 पंचायत सचिव मोबाइल न0- 8628801597

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत दंगडी
विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

सूरत-ए-हाल : एक डॉक्टर, दो अस्पताल कुल्लू और मनाली में नेत्र मरीज बेहाल

3-3 दिन खाली रहते हैं ओपीडी कक्ष, निजी अस्पतालों का रुख करने को मजबूर लोग

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

कमलेश वर्मा, कुल्लू। जिला कुल्लू के दो सबसे बड़े और महत्वपूर्ण अस्पताल इस समय स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था के कारण महज एक नेत्र रोग विशेषज्ञ (आई स्पेशलिस्ट) के भरोसे चल रहे हैं।

क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू और नागरिक अस्पताल मनाली, दोनों ही स्वास्थ्य और पर्यटन के लिहाज से बेहद अहम हैं। लेकिन एक ही चिकित्सक के दोनों जगह ड्यूटी देने से मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि मरीजों को अपनी बारी के लिए तीन-तीन दिनों तक का लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। आलम यह है कि दोनों अस्पतालों में डॉक्टर के बारे में जानकारी नहीं होने के कारण मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में आंखों के उपचार के लिए पहुंचे मरीज ऋतु, कमल देव, सोहन व हेमा देवी ने बताया कि घंटों लंबी लाइनों में खड़े रहने के बाद जब हम रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पहुंचे, तब जाकर पता चला कि आज आंखों के डॉक्टर नहीं हैं। इस अव्यवस्था से रोज सैकड़ों मरीज परेशान हो रहे हैं। उन्होंने कहा है कि सरकार को यहां स्थायी डॉक्टर की नियुक्ति करनी चाहिए। उधर, इस पूरे मामले पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. रणजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि कुल्लू अस्पताल में तैनात डॉक्टर के छुट्टी पर होने की वजह से यह वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। सप्ताह में तीन दिन कुल्लू और तीन दिन मनाली अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि दोनों ही क्षेत्रों के मरीजों को उपचार मिल सके और किसी एक जगह का काम पूरी तरह प्रभावित न हो।

कामचलाऊ व्यवस्था से दोनों अस्पतालों का ढर्रा बिगड़ा

दरअसल, दोनों अस्पतालों में नियमों के मुताबिक एक-एक नेत्र रोग विशेषज्ञ तैनात हैं। लेकिन कुल्लू अस्पताल की महिला चिकित्सक के अवकाश (छुट्टी) पर चले जाने के कारण, स्वास्थ्य विभाग ने मनाली अस्पताल के विशेषज्ञ को सप्ताह में तीन दिन कुल्लू में सेवाएं देने के लिए प्रतिनियुक्त (डेपुटेशन) किया है। इस 'शॉर्टकट' व्यवस्था के कारण न तो कुल्लू और न ही मनाली के मरीजों को सही समय पर इलाज मिल पा रहा है। दोनों ही जगहों पर आधी हफ्ते ओपीडी बंद रहने से स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

बिना इलाज और जानकारी के काटने पड़ रहे चक्कर

दूरदराज से आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। कुल्लू अस्पताल में रोजाना करीब 120 मरीज आंखों के इलाज के लिए पहुंचते हैं जबकि मनाली अस्पताल में भी रोजाना लगभग 50 मरीज ओपीडी में आते हैं। ऐसे में मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

पीएमजीएसवाई चरण-4 के तहत खनाग-रोहचड़ा सड़क का 24 करोड़ से होगा कायाकल्प

अनंत ज्ञान, जितेंद्र गुप्ता, आनी। लोक निर्माण विभाग के निरमण्ड मंडल के अंतर्गत आने वाले आनी उपमण्डल की खनाग से रोहचड़ा सड़क का जल्द ही व्यापक उन्नयन (अपग्रेडेशन) किया जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के चरण-4 के तहत इस परियोजना पर लगभग 24 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सड़क के चौड़ीकरण, टारिंग तथा सुरक्षा संबंधी कार्यों से क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतर और सुरक्षित यातायात सुविधा मिलेगी।

पीडब्ल्यूडी के आनी उपमण्डल के कनिष्ठ अभियंता सुरजीत बुशहरी ने बताया कि परियोजना के तहत खनाग से रोहचड़ा मार्ग पर जगह-जगह डंगे, सुरक्षा दीवारें, पैरापिट, पक्की नालियां तथा कलवर्ट बनाए जाएंगे। पूरी सड़क को पक्का किया जाएगा, जिससे मार्ग की गुणवत्ता और मजबूती में उल्लेखनीय सुधार होगा। इस सड़क के उन्नयन (अपग्रेडेशन) से खनाग, लुहाल, झरौहू, खनेर, शुश, करशालाबाग, फनौटी, जुहड़ और बालू सहित अनेक गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। इसके अलावा आसपास के कई अन्य गांवों की आवाजाही भी सुगम होगी। वर्तमान में सड़क की खराब स्थिति के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लोक निर्माण विभाग के निरमण्ड मंडल के अधिशासी अभियंता ने बताया कि परियोजना का कार्य ठेकेदार को आवंटित किया जा चुका है। बरसात समाप्त होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा, जिससे क्षेत्र में बेहतर सड़क संपर्क और विकास को नई गति मिलेगी।

जंतर-मंतर लाठीचार्ज के विरोध में आक्रोश

आनी में वकीलों ने जताया विरोध और कार्रवाई की मांग

एसडीएम आनी को ज्ञापन सौंपता हुआ यूनियन का प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

आनी। ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन यूनिट आनी ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर 20 जुलाई को देश के विभिन्न राज्यों से आए छात्रों, युवाओं और आम नागरिकों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर हुए कथित लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की है। यूनियन ने इस संबंध में एसडीएम आनी के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति, भारत के मुख्य न्यायाधीश (छब्बहू), केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय तथा प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी उठाई गई। यूनियन की आनी इकाई ने पारित प्रस्ताव में कहा कि शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और ऐसे आंदोलनों पर अत्यधिक बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। यूनियन ने घटना की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए सरकार और कानून-व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों से संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। यह प्रस्ताव यूनियन की आम सभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया। अध्यक्ष एडवोकेट सुनील कुमार मियां तथा सचिव एडवोकेट विवेक राज ने कहा कि यूनियन संविधान, नागरिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगी। इस अवसर पर एडवोकेट नवीन कपूर, एडवोकेट रजनी कपूर भी शामिल रहे।

दुनिया के सबसे ऊंचे डाकघर हिक्किम से सरकार को 'पैगाम'

नीट पीड़ित युवाओं के समर्थन में उठी विरोध की बुलंद आवाज, शिक्षा मंत्री से मांगा इस्तीफा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, काजा। देशभर में गहराते नीट परीक्षा धांधली विवाद के बीच, विरोध की लहरें अब भारत की सबसे दुर्गम सीमाओं और बर्फीली चोटियों तक जा पहुंची हैं। राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में जारी छात्रों के अनिश्चितकालीन आंदोलन के समर्थन में अब 14,567 फीट दुनिया के सबसे ऊंचे डाकघर 'हिक्किम' से आवाज उठी है।

मनाली के सामाजिक कार्यकर्ता एवं मनाली टैक्सी मैक्सी यूनियन के प्रधान अभि ठाकुर ने 14,567 फीट की ऊंचाई पर स्थित ऐतिहासिक हिक्किम डाकघर से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को एक शिकायती पत्र भेजा है। इस पत्र के माध्यम से उन्होंने नीट पेपर लीक की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए शिक्षा मंत्री से तत्काल इस्तीफे की मांग की है। हिक्किम गांव में जहां हवा में ऑक्सीजन की मात्रा काफी कम होती है, वहां से जारी इस पत्र और वीडियो संदेश ने देश का राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे अपने बयान में अभि ठाकुर ने कहा कि यह केवल एक पत्र नहीं, बल्कि देश के उन लाखों होनहार अभ्यर्थियों का दर्द है जिनकी सालों की मेहनत पर पेपर लीक माफियाओं ने पानी फेर दिया। जब दिल्ली की सड़कों पर युवा अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हों और निराशा में 20 से अधिक छात्र अपनी जीवनलीला समाप्त कर चुके हों, तब सत्ता में बैठे जिम्मेदार लोगों का मौन रहना स्वीकार्य नहीं है। अभि ठाकुर के अनुसार, हिक्किम जैसे दूरदराज के इलाके से पत्र भेजने का रणनीतिक उद्देश्य यही है कि केंद्र सरकार तक यह स्पष्ट संदेश पहुंचे कि पेपर लीक का आक्रोश केवल कोटा, पटना या दिल्ली जैसे बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के अंतिम छोर पर बसा नागरिक भी इस अन्याय के खिलाफ खड़ा है। उन्होंने कहा कि आज युवा दिन-रात एक करके प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है, लेकिन धांधली के कारण उसकी हिम्मत टूट जाती है। इस पत्र का मुख्य उद्देश्य युवाओं के टूटते मनोबल को संभालना और उन्हें यह अहसास कराना है कि देश का हर नागरिक उनके साथ है। इस विरोध प्रदर्शन का केंद्र बना हिक्किम डाकघर अपनी खास भौगोलिक स्थिति और इतिहास के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। लाहौल-स्पीति की स्पीति घाटी की लांगचा पंचायत में स्थित इस डाकघर की स्थापना 5 नवंबर 1983 को हुई थी। यह समुद्र तल से 14,567 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। पर्यटकों और स्थानीय लोगों के आकर्षण को बढ़ाने के लिए वर्ष 2022 में इस पुराने डाकघर की पूरी इमारत को एक विशाल लेटर बॉक्स (डाक पत्र पेटिका) के डिजाइन में बदल दिया गया था। हर साल दुनिया भर से आने वाले हजारों पर्यटक यहां से अपने करीबियों को यादगार के तौर पर चिट्ठियां भेजते हैं। अब इसी ऐतिहासिक और दुनिया के सबसे ऊंचे डाकघर से देश के शिक्षा मंत्री के नाम इस्तीफे की चिट्ठी भेजे जाने से नीट परीक्षा धांधली के खिलाफ जारी आंदोलन को एक नया और बड़ा राष्ट्रीय आयाम मिल गया है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर डटे छात्रों के साथ-साथ अब देश के दूर-दराज हिस्सों से भी सरकार पर दबाव बढ़ता जा रहा है। देखना यह होगा कि बर्फीली वादियों से पहुंचे इस सीधे संदेश और छात्रों के देशव्यापी विरोध पर केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्रालय क्या कदम उठाता है।

कुल्लू के सुल्तानपुर निवासी रामेश्वरी की गुम्मा में मृत्यु

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। मंडी जिले के जोगिंद्रनगर उपमंडल के गुम्मा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। कुल्लू से मां सिमसा मंदिर के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं का परिवार रास्ते में पानी पीने के लिए रुका था। इसी दौरान अचानक पहाड़ी से चट्टान गिर गई, जिसकी चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि सात अन्य सदस्य घायल हो गए। हादसे में रामेश्वरी शर्मा, पत्नी गोपालकृष्ण, निवासी सुलतानपुर की मौके पर ही मौत हो गई। घायल सभी सात लोगों को स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से तुरंत नागरिक अस्पताल जोगिंद्रनगर पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

- **गुम्मा में दर्दनाक हादसा, पानी पीने रुके श्रद्धालुओं पर गिरी चट्टान**

बताया जा रहा है कि परिवार के सदस्य दो वाहनों में सवार होकर कुल्लू से मां सिमसा मंदिर के दर्शन के लिए जा रहे थे। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे गुम्मा के पास सभी लोग पानी पीने के लिए रुके थे। इसी दौरान पहाड़ी से अचानक चट्टान आ गिरी और यह हादसा हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, हादसे की खबर मिलते ही कुल्लू में शोक की लहर दौड़ पड़ी है।

चार महीने की मेहनत नाले में बही, लाहौल में किसान ने फेंकी ताजी फूलगोभी की खेप

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। जनजातीय जिला लाहुल स्पीति में चार महीने की हाड़ कंपाने वाली ठंड, कड़कती धूप और दिन-रात की हाड़-तोड़ मेहनत के बाद जब किसान को उम्मीद फसल बनकर मंडी के लिए तैयार होती है, तो उस पर एक पल की लापरवाही भारी पड़ जाती है। गत दिनों लाहुल घाटी जाहलमा नाले के पास 45 घंटे से फंसी एक पिकअप से चालक ने ताजी, चमचमाती फूलगोभी की पूरी खेप नाले में बहा दी।

इसकी वीडियो भी सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सब्जी बिल्कुल बेदाग थी, लेकिन फिर भी उसे कचरे की तरह फेंक दिया गया। हालांकि बुधवार शाम को सड़क भी बहाल हो गई थी लेकिन सड़क खुलने से ठीक पहले हुई इस वारदात ने लाहौल के किसानों के उस पुराने डर को फिर से हवा दे दी है। उधर, इस मुद्दे पर भाजपा उदयपुर मंडल के अध्यक्ष किशोरी लाल ने स्थानीय प्रशासन और क्षेत्रीय विधायक अनुराधा राणा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि लाहौल घाटी में जाहलमा नाले पर बना पुल लगभग दो महीने पहले ढह गया था, जो आज तक दुरुस्त नहीं हो पाया है। संपर्क मार्ग बंद होने से घाटी के किसान अपनी गोभी और मटर को नगदी फसलें सब्जी मंडियों तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं और उन्हें नदियों में फेंकने को मजबूर हैं।

किशोरी लाल ने कहा कि पिछले साल की प्राकृतिक आपदा से न तो सरकार ने कोई सबक लिया और न ही प्रशासन ने। नाले के पास अस्थायी पुलिया बनाने का सामान तो पहुंच गया, लेकिन प्रशासन 'एनओसी न मिलने' का बहाना बनाकर काम रोके बैठा है। उन्होंने तंज कसा कि राज्य में अपनी सरकार होते हुए भी काम न होना विधायिका की नाकामी है। उन्होंने विधायक से सवाल किया कि क्या उन्होंने किसानों के नुकसान और मुआवजे का मुद्दा मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया। उन्होंने कहा है कि लाहौल के किसान प्राकृतिक आपदाओं के बाद अब प्रशासनिक बेरुखी के कारण भारी आर्थिक नुकसान झेलने को मजबूर हैं।

न्यूज ब्रीफ

हुरंग पंचायत में स्वच्छता अभियान को मिला जनसमर्थन, 5 वार्डों में चला सफाई अभियान

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। ग्राम पंचायत हुरंग में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान को ग्रामीणों सहित विभिन्न महिला मंडलों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। पंचायत प्रधान किशन दास सोनी के नेतृत्व में ज्वाला मंदिर परिसर सहित पंचायत के पांच वार्डों में सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में ज्वाला महिला मंडल फोजल, वीर नाथ महिला मंडल, अजय पाल महिला मंडल, महिला मंडल रुंगा और जमदग्नि महिला मंडल ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सफाई अभियान के दौरान कचरा और गंदगी हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया। पंचायत प्रधान ने कहा कि स्वच्छ पंचायत के निर्माण के लिए जनसहभागिता जरूरी है। खंड विकास अधिकारी नग्गर मुकेश कुमार ने भी अभियान की सराहना करते हुए इसे अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणादायक बताया।

आनी के मेधावी छात्र किए जाएंगे सम्मानित स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां शुरू

अनंत ज्ञान, आनी। उपमंडल मुख्यालय आनी में 15 अगस्त को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एसडीएम लक्ष्मण कनेट की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह की रूपरेखा, विभागीय जिम्मेदारियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई। एसडीएम ने बताया कि समारोह आनी मेला मैदान में आयोजित किया जाएगा, जहां सुबह 10:55 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। इसके बाद पुलिस, होमगार्ड, एनएसएस और एनसीसी की टुकड़ियां मार्च पास्ट प्रस्तुत करेंगी। समारोह में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी व महिला मंडल देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान स्वतंत्रता सेनानियों, समाजसेवियों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वालों के साथ-साथ आनी क्षेत्र के स्कूलों व कॉलेज स्तर के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

आनी कॉलेज में भाषा व लोक संस्कृति संरक्षण की पहल तेज

अनंत ज्ञान

आनी। राजकीय महाविद्यालय आनी में शुक्रवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए हिंदी परिषद एवं मातृभाषा परिषद की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर दोनों परिषदों के पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। हिंदी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. निर्मल सिंह शिवांश ने बताया कि महाविद्यालय में हिंदी भाषा तथा स्थानीय लोक बोलियों के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से हिंदी परिषद एवं मातृभाषा परिषद सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। इन परिषदों के माध्यम से प्रत्येक वर्ष विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं भाषाई गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, जिससे विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच मिलता है।

नवगठित हिंदी परिषद की कार्यकारिणी में डॉ. निर्मल सिंह को अध्यक्ष, भूमिका धीमान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुषमा कुमारी को उपाध्यक्ष, सुनील कुमार को सचिव, शिल्पा को सह सचिव तथा अर्जुन राणा को मीडिया प्रभारी चुना गया। वहीं मातृभाषा परिषद की कार्यकारिणी में डॉ. निर्मल सिंह को अध्यक्ष, रिया शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पंकज कुमार को उपाध्यक्ष, विजय कुमार को सचिव, रुचिता को सह सचिव तथा सुनील कुमार को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त अनुज ठाकुर, वीनस ठाकुर, स्वाति शर्मा, भावना शर्मा, वर्षा, स्नेहा, मंजीता, प्रतीक एवं कुलदीप को परिषद का सदस्य बनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दायक राम ठाकुर ने नवगठित कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी परिषद एवं मातृभाषा परिषद विद्यार्थियों के भाषाई, साहित्यिक एवं रचनात्मक कौशल के विकास के साथ-साथ स्थानीय लोकभाषाओं, लोक साहित्य व लोक संस्कृति के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से इन उद्देश्यों को आगे बढ़ाएगी। इस अवसर पर कॉलेज के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

ई-केवाईसी नहीं कराई तो रुक सकती है पेंशन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। जिला कल्याण अधिकारी मनीष राय ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों के आधार आधारित ई-केवाईसी सत्यापन का अभियान जुलाई 2025 से चलाया जा रहा है। विभाग ने पहले इसकी अंतिम तिथि 28 फरवरी 2026 निर्धारित की थी। उन्होंने बताया कि विभाग के प्रयासों से जिला लाहौल-स्पीति में अब तक 2523 पेंशन लाभार्थियों का केवाईसी सत्यापन पूरा किया जा चुका है। इसके बावजूद कुछ लाभार्थी अभी भी सत्यापन नहीं करा सके हैं, जिसके कारण उनकी पेंशन प्रभावित हो रही है। ऐसे सभी पेंशनधारकों से अपील की गई है कि वे संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय में जाकर एक माह के भीतर अपनी केवाईसी प्रक्रिया पूरी करें। निर्धारित अवधि के बाद भी सत्यापन नहीं होने पर संबंधित लाभार्थी को अनुपलब्ध अथवा पेंशन के लिए अपात्र माना जा सकता है। जिन असहाय पेंशनभोगियों का आधार कार्ड नहीं बना है या उसमें संशोधन की आवश्यकता है, वे जिला या तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

लाहौल-स्पीति की सभी पंचायतों में होगा विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन : भड़ाना

अनंत ज्ञान

- **3 से 5 अगस्त तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगी बैठकें**
- **कहा- जनभागीदारी से तय होगी विकास की दिशा**

ब्यूरो, केलांग। उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने के उद्देश्य से विशेष ग्राम सभा बैठकों के आयोजन के आदेश जारी किए हैं।

इन बैठकों का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक पंचायत की स्थानीय आवश्यकताओं एवं विकास संबंधी प्राथमिकताओं के आधार पर आगामी विकास योजनाओं का निर्माण करना है। उपायुक्त ने बताया कि हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विकास खंड लाहौल एवं स्पीति की कुल 48 ग्राम पंचायतों के लिए विशेष ग्राम सभा बैठकों का विस्तृत कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 3 अगस्त को विकास खंड लाहौल की शाश्चा, तांदी, गौशाल, बरबोग, जुन्दा, केलांग, खंगसर, कोकसर, उदयपुर, तिंगरट एवं जाहलमा ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी। इसी प्रकार 4 अगस्त को रानिका, कोलोंग, किशोरी, गोंधला, सिस्सू, सलग्रां, दारचा, मूरिंग, चिमरट, नालडा एवं गोहरमा पंचायतों में बैठकें होंगी। वहीं 5 अगस्त को विकास खंड लाहौल की शकोली, मड़ग्रां, तिंदी, त्रिलोकनाथ, जोबरंग, थिरोट, यूरनाथ, वारपा, मूलिंग, कारदंग, मालंग एवं शूलिंग ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा बैठकों का आयोजन किया जाएगा। स्पीति विकास खंड में 3 अगस्त को डेमुल, ढखर, किब्बर, गियू, तावो, लांग्चा, हल, काजा एवं लालुंग ग्राम पंचायतों में तथा 4 अगस्त को खुरिक, लारा, सगनम, कुंगरी एवं लोसर ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा बैठकें आयोजित की जाएंगी। उपायुक्त ने संबंधित विभागों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देश दिए हैं कि बैठकों का सफल आयोजन सुनिश्चित करते हुए ग्रामीणों की अधिकतम भागीदारी व सभी विभागों के फ्रंट लाइन वर्कर्स का भाग लेना सुनिश्चित किया जाए। ग्राम पंचायत विकास योजना ग्रामीण विकास की आधारशिला है, जिसमें स्थानीय स्तर विकासात्मक आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर शामिल किया जाता है।

आस्था | आज से मलाणा यात्रा शुरू, 136 किलोमीटर की देव यात्रा पर निकलेंगे राजा घेपन, सदियों पुरानी परंपरा होगी जीवंत

दो दशकों बाद होगा राजा घेपन और जमलू ऋषि का दिव्य मिलन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। प्राचीन देव परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक मानी जाने वाली लाहुल के अधिष्ठाता देव राजा घेपन की ऐतिहासिक मलाणा यात्रा इस वर्ष शनिवार से शुरू होने जा रही है। यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का विषय है, बल्कि लाहुल और कुल्लू घाटी के बीच सदियों पुराने भाईचारे, सांस्कृतिक संबंधों और समृद्ध देव परंपराओं का एक जीवंत उत्सव भी है।

इस पावन अवसर पर लाहुल के अधिष्ठाता देव राजा घेपन, माता हिडिंबा और अठारह नाग देवताओं के साथ अपने भ्राता देवता जमलू (जमदग्नि ऋषि) से मिलने के लिए मलाणा गांव की ओर प्रस्थान करेंगे। यह यात्रा अपने आप में गहरा ऐतिहासिक महत्व रखती है। उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार, राजा घेपन इससे पहले वर्ष 1970, 1984, 1994, 2005 और 2008 में मलाणा की यात्रा कर चुके हैं। लगभग दो दशक के लंबे अंतराल के बाद वर्ष 2026 में आयोजित हो रही यह यात्रा इसलिए भी बेहद खास मानी जा रही है, क्योंकि श्रद्धालुओं को एक बार फिर इस दुर्लभ और अलौकिक धार्मिक आयोजन का साक्षी बनने का सौभाग्य प्राप्त होगा। इस ऐतिहासिक देव यात्रा की शोभा बढ़ाने और देव मिलन का हिस्सा बनने के लिए जाहलमा से भी माता हिडिंबा की सस्मान रवानगी हो चुकी है। जाहलमा के ग्रामीणों ने पूरी श्रद्धा, पारंपरिक पूजा-पाठ और सांस्कृतिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए माता हिडिंबा को विदा किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने माता के समक्ष शीश नवाकर क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। करीब 136 किलोमीटर लंबी यह कठिन पैदल यात्रा सात दिनों में पूरी होगी। यात्रा का विधिवत शुभारंभ 25 जुलाई को लाहुल घाटी के शाशिन से होगा, जहां से देव रथ कोकसर की ओर बढ़ेगा। दूसरे दिन यात्रा ग्राम्फू से होते हुए कुलंग पहुंचेगी, जबकि तीसरे दिन श्रद्धालुओं का काफिला कुलंग से ढूंगरी की ओर प्रस्थान करेगा। चौथे दिन देव यात्रा खकनाल पहुंचेगी, जहां पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच रात्रि विश्राम होगा। इसके बाद पांचवें दिन यात्रा का पड़ाव सोयल रहेगा। छठे दिन देव रथ हरिपुर, छकी, रूमसू और पुलगा जैसे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक पड़ावों से गुजरते हुए आगे बढ़ेगा।

तांदी में माता हिडिंबा और देवता अठारह नाग का दिव्य मिलन। अनंत ज्ञान

लाहौल से मलाणा तक देव आस्था का सफर

यात्रा के सातवें और अंतिम दिन श्रद्धालुओं और देव रथों का दल चंद्रखणी दर्रे की पवित्र और दुर्गम वादियों को पार कर मलाणा पहुंचेगा। मलाणा पहुंचते ही राजा घेपन और उनके भ्राता देवता जमलू का बहुप्रतीक्षित, भव्य और श्रद्धा से भरा दिव्य मिलन संपन्न होगा। पूरी यात्रा का मार्ग शाशिन, कोकसर, ग्राम्फू, कुलंग, ढूंगरी, खकनाल, सोयल, हरिपुर, छकी, रूमसू, पुलगा और चंद्रखणी से होकर मलाणा तक निर्धारित किया गया है। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोग पारंपरिक वेशभूषा और रीति-रिवाजों के साथ देव यात्रा का भव्य स्वागत करेंगे। ढोल-नगाड़ों की गूंज, पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मधुर धुन, रंग-बिरंगे सजे देव रथ और श्रद्धालुओं की अपार आस्था इस यात्रा को हिमालय की सबसे विशिष्ट धार्मिक परंपराओं में शामिल करती है। राजा घेपन की मलाणा यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि आधुनिकता के इस दौर में भी सदियों पुरानी परंपराएं समाज को एकता, विश्वास, भाईचारे और सांस्कृतिक गौरव के सूत्र में बांधे हुए हैं। यही कारण है कि लाहुल और कुल्लू के हजारों श्रद्धालु इस ऐतिहासिक देव यात्रा को अपनी आस्था और विरासत का सबसे बड़ा उत्सव मानकर इसमें सम्मिलित हो रहे हैं।

14 तक कुल्लू की पंचायतों में होंगी विशेष ग्राम सभाएं, विकास योजनाओं पर होगी चर्चा

अनंत ज्ञान

- **ग्रामीणों की भागीदारी से तय होंगी विकास प्राथमिकताएं डीसी ने जारी किया कार्यक्रम**

ब्यूरो, कुल्लू। जिला कुल्लू की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत विकास योजना (GPDP) 2026-27 तैयार करने के लिए विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त अनुराग चन्द्र शर्मा ने बताया कि पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार जन योजना अभियान के तहत 25 जुलाई से 14 अगस्त तक पंचायत स्तर पर विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इन ग्राम सभाओं में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए स्थानीय जरूरतों और विकास कार्यों की प्राथमिकताएं तय की जाएंगी। पंचायत स्तर पर तैयार होने वाली विकास योजनाओं में ग्रामीणों के सुझावों को शामिल किया जाएगा, ताकि क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं के आधार पर योजनाओं का प्रारूप तैयार हो सके।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहले चरण की ग्राम सभाएं विकास खंड भुंतर, बंजार, कुल्लू, नग्गर, आनी और निरमंड की विभिन्न पंचायतों में आयोजित होंगी। इसके बाद द्वितीय विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन 1 अगस्त से 14 अगस्त तक निर्धारित तिथियों के अनुसार किया जाएगा।

उपायुक्त ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों से अपील की है कि वे ग्राम सभाओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और अपने क्षेत्र के विकास से जुड़े सुझाव रखें। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत विकास योजना स्थानीय लोगों की भागीदारी से तैयार की जाती है, जिससे विकास कार्यों को अधिक प्रभावी और जनहितकारी बनाया जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम सभाओं के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं और लोगों को समय पर इसकी जानकारी उपलब्ध करवाई जाए।

सोलन–सुबाथू मार्ग बदहाली से लोग परेशान

मंत्री के निरीक्षण के बाद भी नहीं सुधरे हालात, बारिश में कीचड़, फिसलन और जाम से राहगीर रोज परेशान

अनंत ज्ञान

सोलन। सोलन–सुबाथू मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर लोगों में लगातार नाराजगी बढ़ती जा रही है। बरसात के मौसम में सड़क पर जगह–जगह जमा कीचड़, गड्ढों और अव्यवस्थित जल निकासी के कारण वाहन चालकों, स्कूली बच्चों और पैदल राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के हालिया निरीक्षण के बाद उन्हें सड़क की स्थिति में सुधार की उम्मीद जगी थी, लेकिन अभी तक धरातल पर कोई बड़ा बदलाव नजर नहीं आया है।

लोगों का कहना है कि सोलन–सुबाथू मार्ग क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन लंबे समय से इसकी हालत खराब बनी हुई है। सड़क पर रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। बारिश के दौरान कई स्थानों पर पानी और कीचड़ जमा हो जाता है, जिससे पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। वहीं, दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने से दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है।

सड़क सुधार कार्य अधूरा, नाबार्ड से 23 करोड़ रुपए की मंजूरी का इंतजार

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि सड़क की मरम्मत तीन या चार महीने बाद भी होती है तो तब तक लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उनका सवाल है कि जब समस्या वर्तमान समय में बनी हुई है तो इसका समाधान भी तुरंत किया जाना चाहिए। लोगों ने मांग की है कि बरसात के दौरान अस्थायी व्यवस्था के तौर पर कीचड़ हटाने, जल निकासी सुधारने और क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत का कार्य जल्द शुरू किया जाए।

सड़क की खराब हालत अब सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बन गई है। स्थानीय लोग सड़क की तस्वीरें और वीडियो साझा कर रहे हैं। कई लोगों ने इस स्थिति को लेकर सोशल मीडिया पर टिप्पणियां और वीडियो बनाकर व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि शहर को जोड़ने वाले इस प्रमुख मार्ग की लगातार अनदेखी से आम जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है।

गौरतलब है कि लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने 4 जुलाई को सोलन दौरे के दौरान सोलन–सुबाथू मार्ग का निरीक्षण किया था। उस दौरान उन्होंने कहा था कि मौसम और अन्य कारणों के चलते सड़क की स्थिति खराब हुई है। उन्होंने बताया था कि सड़क सुधार के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से नाबार्ड के तहत करीब 23 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर स्वीकृति के लिए भेजी गई है।

मंत्री ने यह भी कहा था कि नाबार्ड से राशि स्वीकृत होने तक सड़क सुधार के लिए विभाग की ओर से करीब 1 करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से कार्य करवाया जाएगा। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि विभागीय दावों के बावजूद सड़क की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है।

लावीघाट सहित कई स्थानों पर सड़क पर पानी और कीचड़ जमा होने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। बारिश के समय कीचड़ और धूप निकलने पर धूल का गुबार उड़ना आम हो गया है। इससे वाहन चालकों के साथ आसपास रहने वाले लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से जल्द प्रभावी कदम उठाने की मांग की है, ताकि बरसात के मौसम में लोगों को राहत मिल सके और मार्ग पर सुरक्षित यातायात सुनिश्चित किया जा सके। लोगों का कहना है कि यह मार्ग हजारों लोगों की आवाजाही का प्रमुख साधन है। ऐसे में इसकी जल्द मरम्मत जरूरी है, ताकि विद्यार्थियों, कर्मचारियों और आम यात्रियों को रोजाना होने वाली परेशानी से राहत मिल सके।

राजगढ़ में भीषण अग्निकांड, मकान और रसोईघर जलकर राख, परिवार हुआ बेघर

अनंत ज्ञान

राजगढ़। राजगढ़ उपमंडल की ग्राम पंचायत शाया चबरोंन में देर रात हुए भीषण अग्निकांड ने एक परिवार को भारी नुकसान पहुंचाया। गांव निवासी सुखदेव कुमार के पारंपरिक पहाड़ी मकान में अचानक आग लगने से गौशाला के ऊपर बना आवासीय हिस्सा और रसोईघर पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग इतनी तेजी से फैली कि घर में रखा राशन, कपड़े, बिस्तर, बर्तन, घरेलू सामान और लकड़ी का पूरा ढांचा कुछ ही समय में नष्ट हो गया।

घटना के समय सुखदेव कुमार घर पर मौजूद नहीं थे, जबकि उनकी पत्नी वंदना धीमान घर में अकेली थीं। वंदना ने बताया कि रात के समय उन्हें कुछ असामान्य महसूस हुआ। बाहर निकलने पर उन्होंने देखा कि मकान के बीच वाले हिस्से में आग भड़क चुकी थी। उन्होंने तुरंत साहस दिखाते हुए गौशाला में बंधे तीन–चार पशुओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद उन्होंने शोर मचाकर आसपास के ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी।

आवाज सुनते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बारिश व ठंड के बावजूद आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। ग्रामीणों ने बाल्टियों, पाइप और अन्य उपलब्ध साधनों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। सामूहिक प्रयासों से मकान के कुछ हिस्से को बचा लिया गया, लेकिन रसोईघर और उसमें रखा अधिकांश सामान पूरी तरह जल गया।

प्रभावित परिवार के सदस्य।

मौके पर जले हुए लकड़ी के फट्टे, राख में तब्दील दीवारें और क्षतिग्रस्त सामान आग की भयावहता को दर्शा रहे थे। प्रभावित परिवार के पास घटना के समय पहने हुए कपड़ों के अलावा कुछ भी नहीं बचा है।

सुखदेव कुमार ने बताया कि वर्षों की मेहनत और बचत से तैयार किया गया उनका घर कुछ ही समय में तबाह हो गया। उन्होंने प्रशासन से राहत सहायता की मांग की है। ग्रामीणों ने भी प्रभावित परिवार को राशन, कपड़े और आर्थिक मदद उपलब्ध करवाने की अपील की है।

ग्राम पंचायत के उपप्रधान राजकुमार ठाकुर ने बताया कि सुखदेव कुमार और वंदना धीमान का घर तथा गौशाला लगभग पूरी तरह आग की चपेट में आ गए हैं। पंचायत की ओर से परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

बच्चों के विवाद के बाद पड़ोसियों पर मारपीट का आरोप

अनंत ज्ञान, नाहन। सिरमौर जिले के माजरा थाना क्षेत्र में बच्चों के बीच हुए विवाद के बाद पड़ोसियों के बीच कहासुनी मारपीट में बदल गई। पुलिस के अनुसार गुज्जर कॉलोनी, नौरंगाबाद निवासी नेक बीबी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि 19 जुलाई को अलीशेर, मुस्ताख और ताजबीबी ने उसके तथा उसकी बेटी के साथ मारपीट की, जिससे उसके हाथ में चोट आई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी तथ्यों और साक्ष्यों की जांच के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कालाअंब उद्योगपतियों ने सुविधाओं के लिए सौंपा मांगपत्र

अनंत ज्ञान, नाहन। कालाअंब औद्योगिक क्षेत्र में हाल ही में हुई भीषण अग्निकांड की घटना के बाद उद्योगपतियों ने क्षेत्र की बदहाल आधारभूत सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा को मांगपत्र सौंपा। लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जर्जर सड़कों की मरम्मत, मारकंडा नदी किनारे सुरक्षा दीवार निर्माण, अग्निशमन व्यवस्था मजबूत करने, जल निकासी सुधारने, स्ट्रीट लाइट लगाने और नियमित सफाई की मांग उठाई। उद्योगपतियों ने कहा कि खराब सुविधाओं से उद्योगों का संचालन प्रभावित हो रहा है। उपायुक्त ने समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

डूब क्षेत्र में विकास कार्यों की अनुमति की मांग

अनंत ज्ञान, नाहन। रेणुका बांध डूब क्षेत्र में विकास कार्यों पर लगी रोक को लेकर संगड़ाह ग्रामीण पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मुलाकात कर आवश्यक कार्यों की अनुमति देने की मांग की। पंचायत प्रधान तपेन्द्र सिंह राणा ने बताया कि सेक्शन-4 लागू होने के कारण पंचायत के दो वार्डों में स्कूलों, स्वास्थ्य संस्थानों और अन्य सार्वजनिक भवनों के रखरखाव सहित विकास कार्य रुके हुए हैं। प्रतिनिधिमंडल ने नगर पंचायत संगड़ाह में शामिल क्षेत्रों के लंबित कार्यों पर भी स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। रेणुका बांध विस्थापित संघर्ष समिति ने भी जनहित में विकास कार्यों की अनुमति जल्द देने की अपील की।

लेख राम कौंडल बने पेंशनभोगी संयुक्त मोर्चा के प्रेस सचिव

अनंत ज्ञान, अर्की। हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संयुक्त मोर्चा ने लोकनिर्माण विभाग अर्की से सेवानिवृत्त इंजीनियर लेख राम कौंडल को संगठन का प्रेस सचिव नियुक्त किया है। मोर्चा के महासचिव हुकम सिंह ने प्रेस नोट जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रमुख पदाधिकारियों की अनुशंसा के आधार पर यह नियुक्ति की गई है। संगठन ने विश्वास जताया कि लेख राम कौंडल अपने अनुभव और कार्यकुशलता से मोर्चा की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनकी नियुक्ति पर पेंशनभोगी संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

ओवरटेक के दौरान हादसा, पिता-पुत्र हुए घायल

अनंत ज्ञान, नाहन। माजरा थाना क्षेत्र के कोलर बस स्टैंड के पास ओवरटेक करने के प्रयास में हुई सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, वैभव शर्मा ने शिकायत दी कि एक निजी बस यात्रियों को उतारने के लिए रुकी थी, जिसके पीछे उन्होंने अपनी कार रोक दी। इसी दौरान पीछे से आए मोटरसाइकिल चालक ने बस और कार को ओवरटेक करने का प्रयास किया और सामने से आ रही कार से टकरा गया। हादसे में रत्न और उसके पिता बस्ती राम घायल हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

सोलन कॉलेज में विजेता खिलाड़ियों का सम्मान, उपलब्धियों को मिला गौरव

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान, सोलन। राजकीय महाविद्यालय सोलन के खेल विभाग की ओर से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के सम्मान में 'विजेता अभिनंदन समारोह' आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य खिलाड़ियों की उपलब्धियों को सम्मान देना और अन्य विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रेरित करना रहा।

समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. मनीषा कोहली रहीं। कार्यक्रम का संचालन और स्वागत शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष रवि राम ने किया। उन्होंने शैक्षणिक सत्र 2025–26 की खेल उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने अंतर–महाविद्यालय, विश्वविद्यालय और विभिन्न स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है।

रवि राम ने खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि खेलों में सफलता के लिए निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प आवश्यक है। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि डॉ. मनीषा कोहली ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

छात्र प्रदर्शन मामले में न्यायिक जांच की मांग, लॉयर्स यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

सोलन। ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन सोलन ने दिल्ली के जंतर–मंतर पर छात्र प्रदर्शनकारियों पर कथित पुलिस बल प्रयोग, लाठीचार्ज और अन्य घटनाओं की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग उठाई है। इस संबंध में शुक्रवार को संगठन की ओर से उपायुक्त सोलन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया कि 20 जुलाई 2026 को छात्र परीक्षा में कथित अनियमितताओं, प्रश्नपत्र लीक और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता तथा जवाबदेही की मांग को लेकर शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे। संगठन ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान यदि प्रदर्शनकारियों पर आवश्यकता से अधिक बल प्रयोग किया गया है तो इसकी निष्पक्ष, स्वतंत्र और समयबद्ध जांच कराई जानी चाहिए। ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन ने मांग की कि मामले की जांच सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त अथवा कार्यरत न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित स्वतंत्र समिति से करवाई जाए। संगठन ने कहा कि जांच के बाद दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए। ज्ञापन में सादे कपड़ों में कार्रवाई करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर जांच कराने, महिला प्रदर्शनकारियों के साथ कथित दुर्व्यवहार के मामलों की विशेष जांच करने तथा शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मामलों की समीक्षा कर उचित मामलों में उन्हें वापस लेने की मांग भी की गई।

इसके अलावा घायल विद्यार्थियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा और उचित मुआवजा उपलब्ध करवाने की मांग उठाई गई। संगठन ने कहा कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने और विरोध दर्ज कराने का अधिकार देता है।

दयानंद विद्यालय में नन्हे कलाकारों ने दिखाई शानदार प्रतिभा

अनंत ज्ञान, सोलन। दयानंद आदर्श विद्यालय सोलन के वरिष्ठ विभाग में फैंसी ड्रेस और सोलो डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या ऊषा मित्तल ने दीप प्रज्वलन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। प्रतियोगिता का आयोजन अनुराधा, रीता और ममता के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि कार्यक्रम का संचालन जमा एक की छात्राओं अक्षरा और रिद्धिमा ने किया। प्रधानाचार्या ऊषा मित्तल ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को केवल शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना भी है।

राजगढ़ की संजना का एचपीयू में एमएससी बॉटनी के लिए हुआ चयन

अनंत ज्ञान

राजगढ़। राजगढ़ की होनहार छात्रा संजना ने अपनी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के बल पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू), शिमला में एम.एससी. बॉटनी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए चयनित होकर क्षेत्र और अपने शिक्षण संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, शिक्षकों और स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है।

संजना, कपिल देव की सुपुत्री हैं और उन्होंने अपनी स्नातक शिक्षा के दौरान लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का लक्ष्य निर्धारित किया। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में एम.एससी. बॉटनी के लिए चयन होना उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम माना जा रहा है।

गवर्नमेंट कॉलेज राजगढ़ की प्राचार्या डॉ. मीनू भास्कर ने संजना को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा

कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि कॉलेज हमेशा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। विज्ञान संकाय के सभी प्राध्यापकों ने भी संजना की मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज के विद्यार्थियों और सहपाठियों ने भी संजना को शुभकामनाएं देते हुए उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उनका कहना था कि संजना ने अपनी मेहनत और अनुशासन से यह साबित किया है कि दृढ़ संकल्प के साथ कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

संजना ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, शिक्षकों के मार्गदर्शन और निरंतर कठिन परिश्रम को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार का सहयोग और शिक्षकों का मार्गदर्शन हमेशा उनके लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है। उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य वनस्पति विज्ञान के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त कर शोध एवं नवाचार के माध्यम से समाज, पर्यावरण और प्रदेश के विकास में योगदान देना है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सोलन में संगठन का किया मार्गदर्शन

अनंत ज्ञान

सोलन। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के सोलन प्रवास के दौरान शहर में अल्प प्रवास पर रुकने के अवसर पर भाजपा सोलन शहरी मंडल और ग्रामीण मंडल के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर भी व्यापक चर्चा हुई।

भाजपा सोलन शहरी मंडल के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि स्वागत कार्यक्रम के दौरान डॉ. राजीव बिंदल का पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा मिष्ठान खिलाकर अभिनंदन किया गया। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व और संगठन को मजबूत बनाने के उनके प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों ने भी उनसे मुलाकात कर संगठन से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

सोलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल का स्वागत करते मंडल के पदाधिकारी।

डॉ. राजीव बिंदल ने कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीय संवाद करते हुए संगठनात्मक मजबूती, जनसेवा और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से विचार–विमर्श किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करना ही पार्टी की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे समाज के हर वर्ग से निरंतर संपर्क बनाए रखें और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं।

उन्होंने कहा कि संगठन की सफलता कार्यकर्ताओं की निष्ठा, अनुशासन और समर्पण पर निर्भर करती है।

इसलिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों की तैयारियों को लेकर भी आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने कहा कि डॉ. राजीव बिंदल का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा प्रेरणादायी रहा है।

कांग्रेस भी बताए यूपीए सरकार में कितने पेपर हुए थे लीक: प्रताप सिंह रावत

अनंत ज्ञान

नाहन। भाजपा जिला सिरमौर के प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कांग्रेस से सवाल किया कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में कितने पेपर लीक हुए थे और उन्हें रोकने के लिए तत्कालीन सरकार ने क्या कदम उठाए थे।

रावत ने आरोप लगाया कि कांग्रेस छात्रों के भविष्य से जुड़े मुद्दे पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक मामले के बाद केंद्र सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 मई 2026 को परीक्षा रद्द कर दी थी और 21 जून को दोबारा पारदर्शी तरीके से परीक्षा आयोजित कराई गई। उन्होंने दावा किया कि परीक्षा परिणाम भी 16 जुलाई को समय पर घोषित कर दिया गया।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि केंद्र सरकार ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारियां की गईं। उन्होंने दावा किया कि दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट

के गठन की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। रावत ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसका उद्देश्य छात्रों को न्याय दिलाने के बजाय केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर राजनीतिक फायदा उठाना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपने शासनकाल के दौरान सामने आए पेपर लीक मामलों पर भी जवाब देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि नई शिक्षा सामग्री में आपातकाल, विभाजन त्रासदी और महाराणा प्रताप व गुरु गोविंद सिंह जैसे महान व्यक्तित्वों को शामिल किए जाने से कांग्रेस असहज है।

विदेशी छात्रों ने सोलन में जानी हिमाचली संस्कृति की झलक

लायंस क्लब की पहल से विदेशी विद्यार्थियों ने हिमाचली परंपराओं, व्यंजनों और विरासत को करीब से जाना

अनंत ज्ञान

सोलन। हिमाचल प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और प्राकृतिक सुंदरता से विदेशी विद्यार्थियों को रूबरू करवाने के उद्देश्य से लायंस क्लब सोलन वैली (डिस्ट्रिक्ट 321–ए2) की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आठ देशों से आए अंतरराष्ट्रीय यूथ एक्सचेंज विद्यार्थियों का पारंपरिक हिमाचली अंदाज में स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को हिमाचली विरासत, आध्यात्मिक स्थलों, पारंपरिक व्यंजनों और स्थानीय संस्कृति की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का आयोजन लायंस क्लब सोलन वैली के अध्यक्ष लायन रमिंदर बावा, सचिव रविकांत सूद और कोषाध्यक्ष शक्ति अवस्थी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर क्लब के पूर्व गवर्नर विनीत गोयल और पूर्व अध्यक्ष कमल विग भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

लायंस क्लब सोलन वैली की तरफ से अंतरराष्ट्रीय यूथ एक्सचेंज विद्यार्थियों को किया सम्मानित

नीदरलैंड, तुर्की, स्विट्जरलैंड, ब्राजील, इटली सहित भारत के विद्यार्थी इस सांस्कृतिक भ्रमण का हिस्सा बने। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह सोलन रेलवे स्टेशन पर पारंपरिक हिमाचली स्वागत के साथ हुई। इसके बाद साई इंटरनेशनल स्कूल के जूनियर विंग में स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जहां विद्यार्थियों ने हिमाचली नाटी नृत्य का आनंद लिया और पारंपरिक हिमाचली व्यंजनों का स्वाद चखा।

विदेशी विद्यार्थियों को एशिया के प्रमुख शिव मंदिरों में शामिल जटोली मंदिर का भ्रमण करवाया गया। इसके अलावा अश्विनी खड्ड स्थित मोहन शक्ति राष्ट्रीय विरासत पार्क ले जाकर उन्हें हिमाचल की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर से परिचित करवाया गया। विद्यार्थियों ने सोलन के माल रोड का भी भ्रमण किया और शहर की सुंदरता को करीब से देखा।

कार्यक्रम के दौरान विदेशी विद्यार्थियों ने मीडिया प्रतिनिधियों और लायंस क्लब सदस्यों के साथ संवाद किया। उन्होंने सोलन की शांत वादियों, सुहावने मौसम, हिमाचली भोजन और पहाड़ी नाटी की जमकर प्रशंसा की। इस मौके पर सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

लायंस क्लब सोलन वैली के अध्यक्ष लायन रमिंदर बावा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य लायंस इंटरनेशनल यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न देशों के युवाओं के बीच मित्रता, सांस्कृतिक आदान–प्रदान और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हिमाचल की संस्कृति को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में क्लब के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों ने हिमाचली संस्कृति को यादगार अनुभव बताया और भविष्य में ऐसे आयोजनों की सराहना की।

एमसी सदस्यों को जिम्मेदारियों और प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान

सोलन। हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के तहत जिला परियोजना प्रबंधन इकाई सोलन की ओर से प्रबंधन समिति (एमसी) के सदस्यों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय 'एमसी सदस्यों की भूमिका एवं जिम्मेदारी' रखा गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य कृषि प्रबंधन विस्तार प्रशिक्षण संस्थान मशोबरा के निदेशक डॉ. संतोष गुप्ता ने की। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान एमसी सदस्यों को समिति के अधिकारों, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समिति के सफल संचालन के लिए पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन, सामूहिक निर्णय प्रक्रिया और टीम भावना का विशेष महत्व है।

डॉ. संतोष गुप्ता ने सदस्यों को अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रबंधन समितियां परियोजना की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उनकी सक्रिय भागीदारी से किसानों को बेहतर लाभ मिल सकता है।

इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधन इकाई सोलन के जिला परियोजना निदेशक डॉ. राजेंद्र सिंह ठाकुर ने भी एमसी सदस्यों को उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधन इकाई सोलन के विषय विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र कुमार सहित खंड परियोजना प्रबंधन इकाई सोलन और नाहन के अंतर्गत आने वाली 15 उप परियोजनाओं की प्रबंधन समितियों के सदस्यों ने भाग लिया।

वीरेंद्र कंवर ने बंगाणा में वॉर मेमोरियल बनाने का रखा प्रस्ताव

◆ पुण्यतिथि पर शहीद दिलवर खान को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान

बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत घरवासड़ा में वीरवार को कीर्ति चक्र से सम्मानित शहीद दिलवर खान की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश के पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने शहीद के स्मारक स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया।

वीरेंद्र कंवर ने कहा कि शहीद दिलवर खान केवल ऊना जिले या कुटलैहड़ क्षेत्र के नहीं, बल्कि पूरे देश के गौरव हैं। उनका बलिदान सदैव देशवासियों को राष्ट्रसेवा और देशभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने घोषणा करते हुए कहा कि शहीद दिलवर खान की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से आगामी अक्तूबर माह में बंगाणा में एक वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों की टीमें भाग लेंगी और इसका उद्देश्य केवल खेल प्रतिभाओं को मंच देना ही नहीं, बल्कि युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और समर्पण की भावना को भी मजबूत करना होगा। कंवर ने एक और महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि यदि प्रशासन उपयुक्त भूमि उपलब्ध करवाता है तो बंगाणा में जनसहयोग से एक भव्य वॉर मेमोरियल का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह स्मारक केवल शहीद दिलवर खान ही नहीं, बल्कि देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी वीर सैनिकों की स्मृति को समर्पित होगा।

स्क्रब टायफस के लक्षण दिखें तो तुरंत कराएं उपचार: डॉ. शिवा लखनपाल

बरसात के मौसम में स्क्रब टायफस के मामलों का खतरा बढ़ जाता है। इस बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से अनंत ज्ञान के संवाददाता ने सिविल अस्पताल गगरेट के **वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिवा लखनपाल** से विशेष बातचीत की गई। पेश हैं इस बातचीत के मुख्य अंश...

सवाल: स्क्रब टायफस क्या है और यह कैसे फैलता है?

जवाब: स्क्रब टायफस एक संक्रामक रोग है, जो ओरिएंशिया त्सुत्सुगामुशी बैक्टीरिया से होता है। यह चिगर माइट नामक सूक्ष्म कीट के काटने से फैलता है। ये कीट झाड़ियों, घास और खेतों में पाए जाते हैं तथा अक्सर चूहों पर मौजूद रहते हैं।

सवाल: इसके लक्षण कब दिखाई देते हैं?

जवाब: संक्रमित कीट के काटने के लगभग 10 दिन बाद लक्षण दिखाई देते हैं। मरीज को 104 से 105 डिग्री तक तेज बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द, बदन दर्द और मांसपेशियों में तेज दर्द होता है। संक्रमण बढ़ने पर हाथ, पैर, गर्दन और कूल्हों के नीचे गिल्टियां तथा शरीर पर दाने भी निकल सकते हैं।

सवाल: क्या यह बीमारी जानलेवा हो सकती है?

जवाब: यदि समय पर इलाज न कराया जाए तो स्क्रब टायफस गंभीर और जानलेवा साबित हो सकता है। हालांकि, समय पर पहचान और उचित एंटीबायोटिक दवाओं से इसका सफल उपचार संभव है।

सवाल: बचाव के लिए लोग क्या सावधानियां बरतें?

जवाब: घास, झाड़ियों और नमी वाले स्थानों पर जाने से बचें। यदि जाना जरूरी हो तो पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। शरीर की साफ-सफाई का ध्यान रखें और किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

सवाल: आम लोगों के लिए आपका क्या संदेश है?

जवाब: बरसात के मौसम में स्क्रब टायफस को हल्के में न लें। तेज बुखार या अन्य लक्षण दिखने पर स्वयं दवा लेने के बजाय तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान में जांच कराएं। समय पर उपचार से इस बीमारी से पूरी तरह बचाव संभव है।

सवाल: जिले की कार्यसमिति को कब गठन करेंगे?

जवाब: जिले में जल्द ही भाजपा की कार्यसमिति का गठन किया जाएगा। इसके लिए सारी तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस कार्यसमिति में हर वर्ग को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

नवनिर्वाचित प्रधानों-उपप्रधानों से गांवों के विकास के लिए मिलकर काम करने का आह्वान

जनप्रतिनिधियों के सहयोग से मजबूत होगा विकास का हरोली मॉडल: मुकेश

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, ऊना। हरोली विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित प्रधानों और उप प्रधानों के सम्मान में वीरवार को जनप्रतिनिधि सम्मान सम्मेलन का आयोजन किया गया। ऊना के गुलमोहर होटल में आयोजित सम्मेलन की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने की। इस अवसर पर उन्होंने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए गांवों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि लोकतंत्र

की सबसे मजबूत कड़ी हैं और गांवों के विकास की असली ताकत हैं। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि जनता को साथ लेकर पारदर्शिता और समर्पण के साथ कार्य करें। उनकी ओर से जनप्रतिनिधियों को हर स्तर पर पूरा सहयोग दिया जाएगा, ताकि पंचायतों के विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र ने प्रदेश में विकास की एक अलग पहचान बनाई है। अब 'हरोली ब्रांड' को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि विकास और जनकल्याण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों की समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को पूरी गंभीरता से सुना जाएगा। उनकी आवाज को पूरा सम्मान मिलेगा तथा पंचायतों से जुड़े प्रत्येक विषय पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सम्मेलन में उपस्थित नवनिर्वाचित प्रधानों और उपप्रधानों ने उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरोली विधानसभा क्षेत्र को विकास के नए आयाम देने का सामूहिक संकल्प लिया।

वशिष्ट स्कूल में अंग्रेजी की प्रतियोगिताओं का आयोजन

अनंत ज्ञान

ऊना। विद्यार्थियों की भाषा दक्षता, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल को निखारने के उद्देश्य से वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में विभिन्न अंग्रेज़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इंग्लिश पोयम रेसिटेशन प्रतियोगिता के स्ट्रॉबेरी ग्रुप में कक्षा पहली से अर्षिता ने प्रथम, बबनीत कौर ने द्वितीय तथा दिवेश शर्मा और विराज मेनन ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दूसरी में अभिधा रावल प्रथम, वान्या और मन्नत कुमावत संयुक्त रूप से द्वितीय तथा रूषांक कौशल और शानवी शर्मा संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। एप्पल ग्रुप (कक्षा तीसरी) में आदया गुप्ता प्रथम, दलराज रिहल द्वितीय तथा नित्या धीमान और अमाहिरा वशिष्ट संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चौथी में प्रिशा शर्मा प्रथम, सक्षम शर्मा और

काशवी ठाकुर संयुक्त रूप से द्वितीय तथा नैऋति शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। इंग्लिश एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता के ऑरेंज ग्रुप में देवांशी प्रथम, अलिसिया और काशवी भारद्वाज संयुक्त रूप से द्वितीय तथा धृति शर्मा और शिवांश कुमार कौशिक संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। मैंगो ग्रुप में सीरत कौर प्रथम, रणविजय सिंह कटवाल और पीहू शर्मा संयुक्त रूप से द्वितीय तथा ईशा शर्मा और दिव्यांशी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं मेलन ग्रुप में कनन ठाकुर प्रथम, दिव्यम शर्मा द्वितीय तथा ईशान्वी और नंदिनी पुरी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे।

न्यूज ब्रीफ

जिला ऊना में फलदार पौधों का वितरण शुरू

अनंत ज्ञान, ऊना। बागवानी विभाग ऊना द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान फलदार पौधों के वितरण एवं बिक्री अभियान की शुरुआत कर दी गई है। विभाग विभिन्न विकास खंडों में तैनात बागवानी विकास अधिकारियों के माध्यम से किसानों को सरकारी निर्धारित दरों पर उन्नत किस्मों के फलदार पौधे उपलब्ध करवा रहा है। इसके साथ ही किसानों को पौधों के वैज्ञानिक रोपण, देखभाल एवं प्रबंधन संबंधी तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है। उपनिदेशक (बागवानी) ऊना, डॉ. केके भारद्वाज ने बताया कि जिला ऊना के सभी उद्यान विकास खंडों में विभाग द्वारा पंजीकृत नर्सरियों से अब तक लगभग 5,500 फलदार पौधों की आपूर्ति की जा चुकी है। इनमें आम, लीची, किन्नू, माल्टा, मौसम्बी, नींबू, गलगल, अमरूद, अनार, आंवला, पपीता, करौंदा तथा कटहल सहित विभिन्न उन्नत किस्मों के पौधे शामिल हैं, जिन्हें किसान अपने खेतों में रोपित कर रहे हैं।

घुंघन ककराना में हैंडपंप पर लगाई मोटर

अनंत ज्ञान, बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा के अथक प्रयासों से ग्राम पंचायत घुंघन ककराना के गांव घुंघन ककराना में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए हैंडपंप पर मोटर स्थापित कर दी गई है। अब ग्रामीणों को नियमित और सुचारू रूप से पेयजल उपलब्ध हो सकेगा तथा वर्षों से बनी पानी की समस्या का स्थायी समाधान होने की उम्मीद जगी है। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मियों के दिनों में पानी की कमी के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

ऐसी जुगत लगाई कि जामुन नीचे गिरे फटे नहीं

अनंत ज्ञान, घनारी। गगरेट-दौलतपुर मुख्य मार्ग पर घनारी के समीप जामुन के पेड़ों के नीचे एक अनोखा दृश्य देखने को मिला। पंजाब के कुछ लोग पेड़ के नीचे तरपाल को हवा में फैलाकर पकड़े हुए थे, जबकि दूसरा व्यक्ति पेड़ से जामुन तोड़ रहा था। जैसे ही जामुन नीचे गिरते, वे सीधे तरपाल में आकर इकट्ठा हो जाते, जिससे फल सड़क पर गिरकर फटने या खराब होने से बच जाते। यह तरीका पूरी तरह मेहनत और सावधानी का परिचायक था। जब उनसे बात की तो उन्होंने बताया कि वे मुख्य रूप से कबाड़ इकट्ठा करने का काम करते हैं, लेकिन मौसम में जामुन भी इकट्ठा कर लेते हैं।

हटली के सचिन आईआईटी रोपड़ में पीएचडी के लिए चयनित

अनंत ज्ञान, बंगाणा। कुटलैहड़ विस क्षेत्र के लिए एक बार फिर गौरव का अवसर आया है। क्षेत्र की ग्राम पंचायत हटली के होनहार युवा सचिन पटियाल, पुत्र अनिल पटियाल, का देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रोपड़ में पीएचडी रिसर्च के लिए चयन हुआ है। सचिन पटियाल की इस उपलब्धि से पूरे कुटलैहड़ क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोग उन्हें बधाइयां

देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस उपलब्धि पर कुटलैहड़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने सचिन पटियाल और उनके परिवार को बधाई देते हुए कहा कि यह केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे कुटलैहड़ क्षेत्र की उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सचिन ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान में स्थान बनाकर यह सिद्ध कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवा भी बड़े लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।

धूणी मंदिर-बैहना ब्राह्मणा सड़क बदहाल, हादसों का बढ़ा खतरा

अनंत ज्ञान

झंडूता। धूणी मंदिर से बैहना ब्राह्मणा होते हुए बाला को जोड़ने वाली सड़क की जर्जर हालत से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दौरान सड़क पर बने गहरे गड्ढों में पानी भर जाने से वाहन चालकों को गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

यह सड़क कई गांवों का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जहां से प्रतिदिन लोग स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और बाजार के लिए आवागमन करते हैं। स्थानीय निवासी सुभाष मन्हास ने बताया कि सड़क की हालत लंबे समय से खराब है और कई बार मरम्मत की मांग उठाई जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से सड़क की शीघ्र मरम्मत कर गड्ढे भरने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

मक्की की फसल पर बढ़ता 'फॉल आर्मी वर्म' का प्रकोप बदलती खेती की पद्धति भी बड़ी वजह: डॉ. रितेश गुप्ता

अनंत ज्ञान

अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में इन दिनों मक्की की फसल पर फॉल आर्मी वर्म का प्रकोप किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। यह कीट मक्की की फसल को भारी नुकसान पहुंचा रहा है, जिससे किसानों की मेहनत और उत्पादन दोनों प्रभावित हो रहे हैं। इस विषय पर आत्मा परियोजना के परियोजना निदेशक डॉ. रितेश गुप्ता ने अनंत ज्ञान समाचार पत्र के जिला प्रभारी अरुण डोगरा रीतू से विस्तृत बातचीत करते हुए किसानों को इस कीट के कारण, नियंत्रण और प्राकृतिक खेती से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी।

डॉ. रितेश गुप्ता ने बताया कि पिछले तीन-चार वर्षों से फॉल आर्मी वर्म का प्रकोप लगातार बढ़ा है। इसके पीछे केवल मौसम ही नहीं, बल्कि खेती की बदलती पद्धति भी एक महत्वपूर्ण कारण है। उन्होंने कहा कि पहले किसान बैलों से खेतों की जुताई करते थे। उस समय फसल के अवशेषों को खेत से पूरी तरह निकालकर सफाई की जाती थी, जिससे कीटों के पनपने की संभावना कम रहती थी। लेकिन वर्तमान में ट्रैक्टर आधारित खेती के कारण कई बार फसल अवशेष खेत में ही रह जाते हैं, जिससे ऐसे कीटों को बढ़ने का अनुकूल वातावरण मिल जाता है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि किसान अक्सर विभिन्न प्रकार के रासायनिक स्प्रे का प्रयोग करते हैं, लेकिन यह समझना आवश्यक है कि रासायनिक स्प्रे केवल 3 से 6 सप्ताह तक की मक्की की फसल पर ही प्रभावी होते हैं। जब पौधे परिपक्व हो जाते हैं और सुंडी तने अथवा भुट्टे के अंदर पहुंच जाती है, तब स्प्रे का प्रभाव बहुत कम रह जाता है। उन्होंने कहा कि मक्की को सबसे अधिक नुकसान सुंडी (लार्वा) पहुंचाती है। यही अवस्था फसल के लिए सबसे अधिक हानिकारक होती है। बाद में यही सुंडी विकसित होकर मॉथ (पतंगा) बन जाती है और उड़ जाती है।

अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

फॉल आर्मी वर्म से बचाव का सरल उपाय

डॉ. गुप्ता ने किसानों को एक सरल एवं प्रभावी प्राकृतिक उपाय भी बताया। उनके अनुसार 8 किलोग्राम रेत, 1 किलोग्राम बुझा हुआ चूना तथा एक किलोग्राम छनी हुई राख को अच्छी तरह मिलाकर मिश्रण तैयार करें। इस मिश्रण को मक्की के पौधों के ऊपरी भाग (चोटी/चट्टा) में डालें तथा पौधों पर हल्के रूप से छिड़काव करें। इस प्रक्रिया को हर 10 दिन के अंतराल पर दोहराने से फॉल आर्मी वर्म के प्रबंधन में अच्छी सहायता मिलती है।

प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के संबंध में डॉ. गुप्ता ने कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित कर रही है ताकि किसानों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और रसायन-मुक्त अनाज प्राप्त हो सके। अधिक मात्रा में रासायनिक खादों और कीटनाशकों के प्रयोग से उनके अवशेष अनाज तक पहुंच सकते हैं, जो लंबे समय में मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि फॉल आर्मी वर्म के नियंत्रण में प्राकृतिक खेती की तकनीकें विशेष रूप से फसल के शुरुआती छह सप्ताह के दौरान अधिक प्रभावी रहती हैं, इसलिए किसानों को प्रारंभिक अवस्था से ही निगरानी और प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

अंत में डॉ. रितेश गुप्ता ने किसानों से अपील की कि वे समय-समय पर खेतों का निरीक्षण करें, फसल के शुरुआती छह सप्ताह में कीट प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें तथा कृषि विभाग और आत्मा परियोजना के विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार ही नियंत्रण उपाय अपनाएं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक जानकारी और प्राकृतिक खेती की तकनीकों को अपनाकर फॉल आर्मी वर्म से होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

पेंशनधारक एक माह में कराएं ई-केवाईसी

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रहे सभी लाभार्थियों से अपील की है कि जिन पेंशनधारकों ने अभी तक अपनी आधार आधारित ई-केवाईसी नहीं करवाई है, वह एक माह के भीतर अपने संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय में जाकर ई-केवाईसी सत्यापन अवश्य करवा लें, ताकि उनकी पेंशन निर्बाध रूप से जारी रह सके। इस बारे जानकारी देते हुए जिला कल्याण अधिकारी बिलासपुर रमेश बंसल ने बताया कि विभाग ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों का ई-केवाईसी सत्यापन अभियान जुलाई 2025 से जिला कल्याण अधिकारियों एवं तहसील कल्याण अधिकारियों के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से आरम्भ किया गया तथा सत्यापन की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2026 निर्धारित की गई थी। उन्होंने बताया कि जिला के कुछ पेंशनधारकों ने अभी तक ई-केवाईसी सत्यापन नहीं करवाया है जिस कारण वह सामाजिक सुरक्षा पेंशन की सुविधा से वंचित हैं। ऐसे सभी पात्र लाभार्थियों को एक माह के भीतर अपना ई-केवाईसी सत्यापन पूर्ण करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी सत्यापन के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम जिला कल्याण अधिकारी या तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

शिकायत निवारण समिति की बैठक 6 अगस्त को

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। उपायुक्त राहुल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक 6 अगस्त को प्रातः 11 बजे जिला मुख्यालय स्थित बचत भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता नगर व ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी करेंगे। उन्होंने समिति के सभी गैर-सरकारी सदस्यों से आग्रह किया है कि वह बैठक में किसी विषय को चर्चा के लिए शामिल करवाना चाहते हैं तो वह अधिकतम दो मदों का प्रस्ताव 30 जुलाईए 2026 को सायं 4 बजे तक उपायुक्त कार्यालय प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने सभी सदस्यों से निर्धारित तिथिए समय एवं स्थान पर बैठक में भाग लेने का भी आग्रह किया है

आदित्य ने पहले ही प्रयास में पास की नीट परीक्षा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला बिलासपुर की ग्राम पंचायत स्याहोला के स्याहोला गांव निवासी आदित्य गर्ग ने नीट 2026 परीक्षा में अपने पहले ही प्रयास में शानदार सफलता हासिल करते हुए एमबीबीएस में प्रवेश का रास्ता सुनिश्चित किया है। आदित्य ने 720 में से 632 अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने ऑल इंडिया रैंक 3169 हासिल की है तथा हिमाचल प्रदेश की मेरिट में टॉप-5 में स्थान बनाकर जिले और पूरे दावी घाटी क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस सफलता के लिए आदित्य ने चंडीगढ़ स्थित श्री चैतन्य संस्थान से कोचिंग प्राप्त की। उनके पिता सुखदेव शर्मा बिलासपुर में हरिओम फोटो स्टूडियो का संचालन करते हैं, जबकि माता अनीता शर्मा गृहिणी हैं। साधारण ग्रामीण परिवेश से आने वाले आदित्य गर्ग की यह उपलब्धि साबित करती है कि मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उनकी सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। ग्राम पंचायत स्याहोला की पूर्व प्रधान नरेंद्रा बलोरिया ने आदित्य गर्ग को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आदित्य ने पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है और उनकी सफलता युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी।

बामटा पंचायत में विकास कार्यों और नशा उन्मूलन पर हुई चर्चा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। ग्राम पंचायत बामटा का साधारण अधिवेशन वीरवार को प्रधान कौशल्या देवी की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। बैठक में पंचायत के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पंचायत क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विकासात्मक एवं जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिवेशन में पंचायत क्षेत्र के पैदल रास्तों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा आवारा या पालतू कुत्तों को खुले में न छोड़ने के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए गए। पंचायत प्रतिनिधियों ने स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए ग्रामीणों से सहयोग की अपील की।

अधिवेशन में उपस्थित महिलाएं व अन्य।

बैठक में विशेष रूप से उपस्थित बिलासपुर के डीएसपी शिव चौधरी ने ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए पंचायत को 'चिट्टे' (नशीले पदार्थों) के दुष्प्रभाव से मुक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार पर रोक लगाने के लिए समाज की सक्रिय भागीदारी, सतर्कता और समय पर सूचना देना अत्यंत आवश्यक है।

डीएसपी शिव चौधरी ने आश्वस्त किया कि हिमाचल प्रदेश पुलिस नशा उन्मूलन अभियान में पंचायतों और ग्रामीणों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है तथा किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी से युवाओं को नशे से दूर रखने और एक स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज के निर्माण में सहयोग देने का आग्रह किया।

सरकारी भूमि के सीमांकन की मांग ग्रामीणों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। ग्राम पंचायत धौन-कोठी के वार्ड नंबर-1 के ग्रामीणों ने वार्ड सदस्य खेमा देवी के नेतृत्व में गांव बलोह की सरकारी भूमि के सीमांकन की मांग को लेकर उपायुक्त बिलासपुर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि राजस्व अभिलेखों के अनुसार खसरा नंबर 63 में 1 बीघा 18 बिस्वा सरकारी भूमि दर्ज है।

उनका कहना है कि भूमि का शीघ्र सीमांकन होने से अतिक्रमण एवं अवैध कब्जों की आशंका समाप्त होगी तथा सार्वजनिक भूमि का उपयोग जनहित के कार्यों के लिए किया जा सकेगा। इंटक के जिला उपाध्यक्ष शिव सिंह वर्मा ने कहा कि सीमांकन की प्रक्रिया जल्द पूरी होने से गांव के लंबित विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस भूमि पर भविष्य में जल संग्रहण टैंक, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक भवन, उप-स्वास्थ्य केंद्र तथा पार्क जैसे जनहित के निर्माण कार्य किए जा सकते हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. चेतराम वर्मा, बलदेव सिंह वर्मा, रोशन लाल ठाकुर, देव प्रकाश, शेर सिंह ठाकुर, हरि सिंह चौधरी, कृष्ण लाल ठाकुर, बाबूराम ठाकुर, जगत पाल, सुरजीत सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

आयकर विभाग ने करदाताओं को समय पर आईटीआर दाखिल करने का दिया संदेश

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। आयकर विभाग, बिलासपुर कार्यालय की ओर से करदाता जागरूकता एवं जन-संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य करदाताओं को आयकर नियमों की जानकारी देना और स्वैच्छिक कर अनुपालन को बढ़ावा देना रहा।

प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त-1 चंडीगढ़ श्रीमती शालिनी भार्गव कौशल और संयुक्त आयकर आयुक्त, शिमला रेंज केशव आनंद के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में आयकर अधिकारी राजेश ठाकुर, आयकर निरीक्षक गुलाम मोहम्मद और अधीक्षक श्री सुरेश कुमार ने करदाताओं को विभिन्न विषयों की जानकारी दी। कार्यक्रम में बिलासपुर के व्यवसायियों, प्रोप्राइटर्स, टैक्स प्रैक्टिशनर्स और अन्य करदाताओं ने भाग लिया। अधिकारियों ने समय पर आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि देरी से ब्याज, जुर्माना और कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा अग्रिम कर भुगतान के नियमों, शिकायत निवारण प्रणाली और कर संबंधी सामान्य भ्रांतियों पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने कर प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाते हुए समय पर कर दायित्वों को पूरा करने की अपील की।

अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें करदाताओं की शंकाओं का समाधान किया गया। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की।

जापान में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। जिला बिलासपुर के सदर थाना में विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी का मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता अजय कुमार निवासी गांव कोठी, डाकघर चांदपुर, तहसील सदर ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि हरियाणा निवासी एक व्यक्ति ने उनकी बहन को जापान में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लिए। शिकायत के अनुसार आरोपी इन्द्रजीत पुत्र अमरब सिंह, निवासी वार्ड नंबर-5, जेलदार पट्टी, कलायत, जिला कैथल (हरियाणा) ने टूरिस्ट वीजा पर विदेश भेजने के बाद जब पीड़ित परिवार ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सदर थाना में एफआईआर संख्या 179/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 351(2) और 352 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रावी नदी के बढ़ते कटाव से शीतला पुल पर मंडराया खतरा

◆ चंबा जनहित संगठन ने उठाए निर्माण कार्यों पर सवाल

अनंत ज्ञान

चंबा। रावी नदी के बढ़ते जलस्तर और तेज बहाव से शीतला पुल के समीप हुए कटाव और डंगा ध्वस्त होने के मामले ने एक बार फिर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मुद्दे को लेकर चंबा जनहित संगठन ने प्रशासन और संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए समय रहते ठोस सुरक्षा उपाय नहीं किए जाने को गंभीर लापरवाही करार दिया है।

चंबा जनहित संगठन के महासचिव शिवकरण चंद्रा ने कहा कि यदि जिला प्रशासन और संबंधित विभाग समय रहते कंक्रीट की मजबूत सुरक्षा दीवार का निर्माण कर देते, तो आज डंगा ध्वस्त होने जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। उनका कहना है कि रावी नदी के प्रचंड बहाव को नजरअंदाज करना महंगा साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि रावी नदी बड़ा भंगाल क्षेत्र से निकलकर अनेक सहायक नदी-नालों के साथ चंबा मुख्यालय से होकर गुजरती है और बरसात के मौसम में इसका जलस्तर तथा बहाव कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे में शीतला पुल क्षेत्र में पानी का वैज्ञानिक ढंग से चैनलाइजेशन और मजबूत तटीय सुरक्षा कार्य पहले ही किए जाने चाहिए थे।

चंबा जनहित संगठन ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि शीतला पुल और इसके आसपास की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की चंबा इकाई को सौंपी जाए, ताकि चंबा शहर के मुख्य प्रवेश द्वार माने जाने वाले इस महत्वपूर्ण पुल की दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। संगठन ने प्रशासन से आग्रह किया है कि बरसात के दौरान संवेदनशील स्थलों का तकनीकी निरीक्षण कर तत्काल सुरक्षात्मक कार्य शुरू किए जाएं, जिससे भविष्य में किसी बड़े नुकसान या हादसे से बचा जा सके।

3 साल से टूटा शेणी नाला पुल, जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे लोग

ग्रामीणों में सरकार और विभाग के खिलाफ रोष, जल्द निर्माण नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

अनंत ज्ञान

सुनील पहाड़ी, सलूणी। सलूणी उपमंडल की कंधवारा पंचायत में स्थित शेणी नाला पुल को ध्वस्त हुए करीब तीन वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन आज तक इसके पुनर्निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पुल के अभाव में क्षेत्र के लोगों को हर दिन अपनी जान जोखिम में डालकर नाला पार करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब नाले का जलस्तर बढ़ने से आवागमन पूरी तरह खतरे से भर जाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और वाहन चालकों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन का

जान जोखिम में डालकर नाला पार करती महिला। अनंत ज्ञान

ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं।

ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग और प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि बरसात के दौरान कोई बड़ा हादसा हो जाता है, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? उनका कहना है कि तीन वर्षों तक पुल का पुनर्निर्माण न होना प्रशासनिक लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण है।

ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया कि आखिर इस क्षेत्र की लगातार अनदेखी क्यों की जा रही है। क्या कंधवारा पंचायत पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण विकास से वंचित है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है? लोगों का कहना है कि बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी से क्षेत्रवासियों में सरकार और प्रशासन के प्रति गहरा रोष है।

क्षेत्रवासियों ने हिमाचल सरकार और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि शेणी नाला पुल के पुनर्निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके और भविष्य में किसी भी संभावित हादसे को रोका जा सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

कैंथली-गुनु संपर्क मार्ग कई जगह से ध्वस्त, बहाली में जुटा पीडब्ल्यूडी

◆ लोगों से अनावश्यक यात्रा न करने की अपील

अनंत ज्ञान

ब्यूरा, चंबा। जिला चंबा में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। भारी वर्षा के चलते कैंथली-गुनु संपर्क मार्ग कई स्थानों पर भूस्खलन, मलबा और विशाल चट्टानें गिरने से पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। सड़क बंद होने से स्थानीय ग्रामीणों, वाहन चालकों और दैनिक यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मार्ग बाधित होने की सूचना मिलते ही लोक निर्माण विभाग की टीमें मशीनों के साथ मौके पर पहुंच गईं और सड़क बहाली का कार्य युद्ध-स्तर पर शुरू कर दिया। हालांकि लगातार हो रही बारिश के कारण पहाड़ियों से मलबा और पत्थर गिरने का सिलसिला जारी है, जिससे बहाली कार्य में कठिनाइयां आ रही हैं। इसके बावजूद विभाग मार्ग को जल्द से जल्द यातायात के लिए सुचारु करने के प्रयासों में जुटा हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान इस मार्ग पर सफर करना बेहद जोखिम भरा हो गया है। सड़क बंद होने से कई गांवों का संपर्क प्रभावित हुआ है और आवश्यक सेवाओं के संचालन पर भी असर पड़ा है।

प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है। साथ ही भूस्खलन संभावित क्षेत्रों, पहाड़ियों और नदी-नालों के आसपास नहीं जाने तथा मौसम सामान्य होने तक पूरी सतर्कता बरतने की सलाह दी है। प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे केवल अत्यंत आवश्यक होने पर ही यात्रा करें और विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

लगातार बारिश के कारण सड़क पर जगह-जगह मलबा और बड़े पत्थर गिर रहे हैं। ऐसे में सफर करना बेहद खतरनाक हो गया है। प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से अनुरोध है कि मार्ग को जल्द बहाल किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।'

न्यूज ब्रीफ

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तीसा में छात्राओं ने क्ले व फैब्रिक पेंटिंग में दिखाया हुनर

अनंत ज्ञान, तीसा। समग्र शिक्षा अभियान के तहत संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तीसा में छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आयोजित क्ले एवं फैब्रिक पेंटिंग गतिविधि में छात्राओं ने अपनी कला प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा आठवीं की काजल, पावकी, पूर्वी व पल्लवी तथा कक्षा दसवीं की रिहाना और नेहा ने आकर्षक पेंटिंग्स व कलात्मक मॉडल तैयार किए। छात्राओं ने कार्डबोर्ड, क्ले, फैब्रिक पेंट और फेविकॉल जैसी सामग्रियों से सुंदर त्रि-आयामी कलाकृतियां बनाईं। छात्रावास अध्यापिका भुवनेश्वरी शर्मा ने बताया कि ऐसी गतिविधियां छात्राओं की कल्पनाशक्ति, आत्मविश्वास और व्यावहारिक कौशल को बढ़ाने में सहायक हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित रूप से रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

मक्की की फसल पर फॉल आर्मी वर्म का खतरा कृषि विभाग ने किसानों को किया सतर्क

अनंत ज्ञान, चंबा। जिला चंबा में खरीफ मौसम की प्रमुख फसल मक्की पर फॉल आर्मी वर्म के संभावित प्रकोप को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी है। जिले में करीब 22 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में मक्की की खेती होती है, ऐसे में इस कीट का प्रकोप फसल उत्पादन को प्रभावित कर सकता है। विभाग के अनुसार फॉल आर्मी वर्म मक्की की पत्तियों, व्हॉर्ल और भुट्टों को नुकसान पहुंचाता है। किसानों को खेतों की नियमित निगरानी करने और पत्तियों में छेद, भूरे रंग का बुरादा या लार्वा दिखाई देने पर तुरंत विभाग से संपर्क करने की अपील की गई है। अधिकारियों ने कहा कि समय पर पहचान और उचित प्रबंधन से इस कीट को नियंत्रित किया जा सकता है।

डलहौजी में नए भवन में सिटी पुलिस चौकी हुई शिफ्ट, आशा कुमारी ने किया शुभारंभ

पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी और अन्य गणमान्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

अजीत सिंह, डलहौजी। पर्यटन नगरी डलहौजी के गांधी चौक स्थित सिटी पुलिस चौकी को शुक्रवार को विधिवत रूप से नए भवन में स्थानांतरित कर दिया गया। नए भवन का शुभारंभ प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी ने किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक रेणु चड्ढा, एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज, डीएसपी मयंक शर्मा, नगर परिषद की कार्यकारी अधिकारी राखी कौशल, उपाध्यक्ष रीना जरियाल, पार्षद तिलक राज कपूर, पार्षद परवीन कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। आशा कुमारी ने कहा कि पुलिस चौकी का नए भवन में स्थानांतरण इस योजना का पहला चरण है। पुराने भवन में जगह की कमी थी, जबकि नए भवन में पुलिस कर्मियों के लिए पर्याप्त स्थान और शौचालय सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने बताया कि गांधी चौक के सौंदर्यीकरण के तहत पुरानी पुलिस चौकी का ढांचा हटाकर महात्मा गांधी की प्रतिमा को उसके मूल स्थान पर पुनः स्थापित किया जाएगा। वहीं वर्तमान प्रतिमा स्थल पर आधुनिक हाई मास्ट लाइट लगाकर चौक में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

गुवाड़ स्कूल में टीजीटी नॉन मेडिकल पद रिक्त

अनंत ज्ञान, चंबा। शिक्षा खंड मैहला के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुवाड़ में टीजीटी (नॉन मेडिकल) का पद लंबे समय से रिक्त होने का मामला फिर से उठ गया है। ग्राम पंचायत भटवाड़ा के उपप्रधान राम शरण ठाकुर ने मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश से हस्तक्षेप कर शीघ्र शिक्षक की नियुक्ति करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में 17 जुलाई 2026 को शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव, उच्च शिक्षा निदेशक सहित संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन भेजा गया था, लेकिन अभी तक शिक्षक की तैनाती नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि गुवाड़ स्कूल के लिए नियुक्त किए गए दो शिक्षकों के आदेश बाद में बदल दिए गए, जिसके कारण पद आज भी खाली है और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। राम शरण ठाकुर ने चेतावनी दी कि यदि 10 दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह आमरण अनशन शुरू करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी विभाग और सरकार की होगी।

पांगी-साच जोत मार्ग ठप; राशन से लदा ट्रक खाई की ओर लटका, कई वाहन फंसे

अनंत ज्ञान

चंबा। चंबा जिले के अंतर्गत पढ़ने वाले जनजातीय क्षेत्र पांगी में राशन की सप्लाई लेकर जा रहा एक ट्रक बगोटू के पास सड़क के किनारे खाई की ओर हवा में लटक गया, जिससे पांगी-सचे जोत मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। घटना बुधवार देर शाम की बताई जा रही है। जिसके बाद वीरवार भारी मात्रा में रही बारिश के बाद शाम के समय मार्ग बहाल किया है। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। जाहिर सी बात है कि जिस तरह से साच पास की ओर जाने वाला मार्ग तंग है । ऐसे में कभी भी किसी भी गाड़ी के खराब होने पर भी तुरंत समाधान हो पाना न मुमकिन है।

जानकारी के अनुसार, जैसे ही चालक ने एक तीखा मोड़ काटा, ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे खाई की ओर लटक गया। चालक ने सूझबूझ का

राशन से लदा ट्रक खाई की ओर लटका। अनंत ज्ञान

परिचय देते हुए तुरंत ब्रेक लगाए और सुरक्षित नीचे उतर गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

मार्ग बंद होने के कारण पांगी में करीब एक दर्जन टैक्सियां और मटर से लदे कई वाहन फंस गए हैं। ट्रक के हटने तक इस मार्ग पर यातायात बहाल होना संभव नहीं है।

ट्रक को जेसीबी मशीन की सहायता से निकालने से पहले उसमें लदा राशन दूसरे वाहन में स्थानांतरित किया जाएगा। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन ने लोक निर्माण विभाग की टीम को मौके पर भेज दिया। अधिशासी अभियंता रवि कुमार शर्मा स्वयं मौके पर पहुंचकर राहत एवं मार्ग बहाली कार्य की निगरानी कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि ट्रक को सुरक्षित हटाने का कार्य जारी है और जल्द ही मार्ग को यातायात के लिए बहाल कर दिया जाएगा। यात्रियों से प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था होने तक धैर्य बनाए रखने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है।

नवीन सैनी ने 91वीं बार किया रक्तदान

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ने डॉ. बीआर अंबेडकर स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, मोहाली के सहयोग से चंडीगढ़ के सेक्टर-8 स्थित अपने रीजनल बिजनेस ऑफिस में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह आयोजन एसबीआई के रीजनल बिजनेस ऑफिस, चंडीगढ़ के रीजनल मैनेजर विनीत कुमार की देखरेख में किया गया। शिविर में कुल 50 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया। स्टाफ, उनके परिवार के सदस्यों और ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक शिविर में भाग लिया। इस नेक काम में योगदान देने के लिए रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट, स्मृति-चिह्न और पर्सनलाइज्ड कॉफी मग दिए गए। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन, चंडीगढ़ सर्कल के वाइस प्रेसिडेंट नवीन कुमार सैनी ने 91वीं बार रक्तदान किया और सभी नए रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया।

शैल्बी अस्पताल मोहाली में दुर्लभ कैंसर ट्यूमर का सफल इलाज

अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर। शैल्बी अस्पताल, मोहाली के डॉक्टरों ने दुर्लभ पोर्ट-साइट एडेनोकार्सिनोमा (कैंसरयुक्त ट्यूमर) को सफलतापूर्वक हटाने के बाद एब्डॉमिनल वॉल रिकंस्ट्रक्शन कर मरीज की पेट की दीवार की मजबूती और कार्यप्रणाली बहाल की है। 49 वर्षीय महिला करीब दो साल पहले पित्त की पथरी के लिए हुई लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के बाद पेट में लगातार दर्द, भारीपन और पुराने पोर्ट वाली जगह पर बढ़ती सूजन की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंची थीं। जांच में पोर्ट-साइट पर कैंसरयुक्त ट्यूमर पाया गया। सीनियर कंसल्टेंट प्लास्टिक एंड एस्थेटिक सर्जरी डॉ. समिक शर्मा के नेतृत्व में टीम ने ट्यूमर हटाने के बाद पेट की दीवार का सफल पुनर्निर्माण किया। सर्जरी का उद्देश्य पेट की संरचनात्मक मजबूती बनाए रखने के साथ बेहतर सॉफ्ट-टिश्यू कवरेज और कॉस्मेटिक परिणाम देना था। सर्जरी के बाद पीईटी-सीटी स्कैन में कैंसर के दोबारा फैलने या बची हुई बीमारी के कोई संकेत नहीं मिले। अस्पताल के अनुसार मरीज की हालत में सुधार है और वह स्वस्थ हो रही हैं।

इस गर्मी में बच्चों की छुट्टियों को बनाएं यादगार

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। अगर आप इस गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के साथ बाहर घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो दुबई आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। यहां बच्चों और पूरी फैमिली के लिए इंडोर अट्रैक्शंस, इंटरैक्टिव एक्टिविटीज और फैमिली-फ्रेंडली एक्सपीरियंस मौजूद हैं, जो हर उम्र के लोगों को खूब पसंद आएंगे।

रोमांचक एंटरटेनमेंट पार्क, हैंड्स-ऑन वर्कशॉप्स, स्वादिष्ट स्वीट ट्रीट्स

और वॉटर एडवेंचर्स से लेकर यहां बहुत कुछ खास है। दुबई इस पूरे सीजन आपको अपनी फैमिली के साथ कुछ बेहतरीन और यादगार पल बिताने का मौका दे रहा है। म्यूजियम ऑफ कैंडी में मिठास और रंगों से भरी एक बिल्कुल अलग ही दुनिया आपका इंतजार कर रही है। यहां के मजेदार इंटरैक्टिव स्टॉल्स, शानदार एग्जिबिट्स और फोटो स्पॉट्स हर उम्र के लोगों को बेहद पसंद आएंगे। अगर आप इस गर्मी में अपनी फैमिली या दोस्तों के साथ किसी ठंडी और मजेदार इनडोर जगह पर जाना चाहते हैं, तो यह बेस्ट ऑप्शन है। यहां बिताया आपका हर एक पल न सिर्फ यादगार रहेगा, बल्कि आपके सोशल मीडिया पर शेयर करने के लिए भी एकदम परफेक्ट होगा।

आप का दावा : वेलफेयर योजनाओं को मिला जनता का बड़ा समर्थन

अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, चंडीगढ़। चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने भगवंत मान सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जनता का बड़ा समर्थन मिलने का दावा किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने मावन धीयां सत्कार योजना और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के आंकड़े साझा किए।

पन्नू ने कहा कि मावन धीयां सत्कार योजना के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु की 72,56,686 महिलाओं ने पंजीकरण कराया है। उन्होंने बताया कि बाद में पंजीकरण कराने वाली महिलाओं को भी तीन महीने की राशि एक साथ बैंक खातों में मिलेगी और अगली किस्त एक अगस्त को जारी की जाएगी।

उन्होंने जिलेवार आंकड़े बताते हुए कहा कि लुधियाना में सबसे अधिक 7,86,863 महिलाओं का पंजीकरण हुआ है, जबकि पटियाला और अमृतसर भी प्रमुख जिलों में शामिल हैं। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना को लेकर पन्नू ने दावा किया कि इसके तहत 50 लाख से अधिक लोगों का इलाज किया जा चुका है और कैशलेस स्वास्थ्य सेवाओं पर 917 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। योजना के तहत 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध है। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सरकार अपने वादों को पूरा कर रही है। साथ ही 600 यूनिट मुफ्त बिजली योजना, किसानों को दिन में बिजली और नहरी पानी की उपलब्धता में सुधार को भी सरकार की उपलब्धियां बताया।

व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी प्रागपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0
किस्म मुकदमा - तकसीम भूमि
मु0 नम्बर 8129126/2026
तहसील परागपुर तारीख पेशी 27.08.2026
मुसर्री मुनादी अखबारी इश्तहार
बनाम नवदीप व आदि
समन बनाम प्रतिवादी गण:- (1) नवदीप पुत्र सुरेश कुमार (2) आशा देवी पुत्री सुरेश कुमार (3) राजिंदर कुमार पुत्र मथरा दास (4) अशोक पुत्र मथरा दास (5) वरिन्दर पुत्र मथरा दास (6) राम स्वरूप पुत्र सालिग्राम, सभी वासीगण मौहाल समनौली मौजा गंगोट तहसील परागपुर, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) विषय:- भूमि तकसीम खाता न0 190 खतौनी न0 325 ता 326 खसरा किता-24 रकबा 04-55-16 है0 स्थित महाल समनौली मौजा गंगोट, तहसील परागपुर, जिला कांगड़ा हि0प्र0 मुताबिक जमाबंदी साल 2022-23 उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रतिवादीगण को कई बार समन जारी किये गये। परन्तु उनकी तामील नियमानुसार ना हो पा रही है। जिस कारण मुकदमे की कार्यवाही में विलम्ब हो रहा है और आगे नहीं बढ़ पा रही है। अतः अब इस मुसर्री मुनादी अखबारी इश्तहार द्वारा प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि वह अगली पेशी दिनांक पेशी 27.08.2026 को असालतन या वकालतन इस न्यायालय में हाजिर आकर अपना उजर/एतराज पेश कर सकते हैं। उपरोक्त वर्णित तिथि को ना आने की सूरत में एक तरफ़ा कार्यवाही अमल में लायी जाएगी तथा उपरोक्त तकसीम का अंतिम आदेश वादी के पक्ष में कर दिया जायेगा। आज दिनांक 23.7.2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।
सहायक समाहर्ता
द्वितीय श्रेणी प्रागपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0।

कार्यालय ग्राम पंचायत कपाहड़ा
विकास खण्ड घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हि.प्र.).
विकास कार्यों हेतू वर्ष 2026-2027 के लिए निविदाएं आमन्त्रित करने बारे।
ग्राम पंचायत कपाहड़ा में वित वर्ष 2026-2027 हेतू विभिन्न मदो के अन्तर्गत विकास कार्यों के निर्माण हेतु निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। सामग्री विक्रेताओं से अनुरोध है कि जिसके पास पैन कार्ड, G.ST सर्टिफिकेट हों। निविदा प्रत्येक कार्य दिवस में 10-00 बजे सुबह से शाम 5:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत कपाहड़ा में बन्द लिफाफे में डाक या स्वयं **दिनांक 24-07-2026** तक प्रधान/सचिव के पास जमा करवा सकते है।इसने पश्चात कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा दिनांक **25-07-2026** को कार्यालय ग्राम पंचायत कपाहड़ा में कोर्म द्वारा 1:00 बजे दोपहर को खोली जाएगी। निविदाएं आमन्त्रित करने हेतू
सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से है :-
सामग्री का विवरण :- 1. रेता क्रैशर- प्रति क्यूबिक मीटर 2. बजरी क्रैशर- 10एमएम, 20एमएम-प्रति क्यूबिक मीटर 3. बजरी क्रैशर - 45एमएम से 90एमएम-प्रति क्यूबिक मीटर 4. कट स्टोन- प्रति क्यूबिक मीटर 5. ईंट ए-क्लास-प्रति ईंट 6. ईंट द्वितीय श्रेणी-प्रति ईंट 7. सरिया 8,10,12,16 एमएम-प्रति क्विंटल/as per market rate 8. शैटरिंग लकड़ी-रास्ता, दीवार, स्लैब-प्रति स्कवेयर फुट, 9. शैटरिंग लोहा-प्रति स्कवेयर फुट 10. सीमेंट ढुलान घुमारवीं से कार्यस्थल तक-प्रति बैग 11. इन्टरलॉक टायल 40,60,80एमएम- आईएसआई द्वारा प्रमाणित - प्रति टायल 12. जे.सी.बी. - प्रति घंटा (किराया सहित) 13. पानी टैंकर (किराया सहित) - प्रति दिन (ठहराव सहित) 14. कार्य साईन बोर्ड - प्रति बोर्ड
शर्तें :- (1) निविदादाता को अपना पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता, बिल सूचना व जीएसटी नं. निविदा के साथ जमा करवाना होगा। (2) सामग्री निविदादाता द्वारा कार्यस्थल पर अथवा जहां तक संभव हो सके उपलब्ध करवानी होगा। (3) कुटेशन की दर रॉयल्टी, जी.एस.टी. कार्य स्थल तक ढुलाई सहित मानी जाएगी। (4) स्वीकृत वेंडर को सप्लाई आदेश प्राप्त होने के बाद 7 दिन के भीतर-2 सामग्री उपलब्ध करवानी होगी। अन्यथा स्वीकृत रद्द कर दी जाएगी। यह अधिकार पंचायत का होगा। (5) निविदादाता निविदा खोलने वाले दिन अनुपस्थित होने पर स्वयं जिम्मेवार होगा। (6) एम.फॉर्म भी निविदादाता को आवश्यक रूप से जमा करवाना होगा। (7) निविदादाता को निविदा स्वीकृत होने पर मु. 25000/- रु. की धरोहर राशि (एफ.डी.आर) Pledge करके ग्राम पंचायत कपाहड़ा में 7 दिन के भीतर-2 जमा करवानी होगा, अन्यथा निविदा रद्द क रने का अधिकार पंचायत का होगा। (8) मनरेगा व समस्त मदों के अंतर्गत होने वाले सभी विकास कार्यों के लिए मैट्रीयल सामग्री भुगतान में देरी होने पर कार्य वाधित होने पर कुटेशन रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। (9) तीन खाली चैक बतौर धरोहर के रूप में देने होंगे।
प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत कपाहड़ा, विकास खंड घुमारवीं, जिला बिलासपुर, हि.प्र.

एसबीआई ने पेंशनर्स को साइबर सुरक्षा पर किया जागरूक

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने पेंशनभोगियों को बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल सुविधाओं और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए पेंशनर्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों के बड़ी संख्या में पेंशनभोगियों ने भाग लिया।

एसबीआई विशेषज्ञों ने डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने की प्रक्रिया, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं, नामांकन सुविधा, शिकायत निवारण व्यवस्था और साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपायों की जानकारी दी। प्रतिभागियों को सुरक्षित तरीके से ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक अमरेश कुमार झा ने कहा कि बैंक वरिष्ठ नागरिकों और पेंशनभोगियों को सरल, सुरक्षित और ग्राहक-केंद्रित सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

मैक्स मोहाली में करवाई सफल हाई-रिस्क डिलीवरी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, मोहाली के डॉक्टरों ने अति-दुर्लभ जेनेटिक स्किन डिसऑर्डर 'इनकॉन्टिनेंशिया पिगमेंटी' से पीड़ित 31 वर्षीय महिला की हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी का सफल प्रबंधन किया। आईवीएफ से गर्भधारण, त्वचा संबंधी गंभीर समस्या, मोटापा और गर्भावस्था में हाइपरटेंशन जैसी चुनौतियों के बावजूद डॉक्टरों ने स्वस्थ बच्ची का सुरक्षित प्रसव कराया। गायनेकोलॉजी डायरेक्टर डॉ. शवेता गुप्ता के नेतृत्व में गायनेकोलॉजी और डर्मेटोलॉजी विशेषज्ञों की टीम ने मिलकर उपचार योजना तैयार की। मां और बच्चे की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सफल सिजेरियन डिलीवरी कराई गई। अस्पताल के अनुसार प्रसव के बाद मां और बच्ची दोनों स्वस्थ हैं

कार्यालय ग्राम पंचायत ध्वाली विकास खण्ड धर्मपुर जिला मंडी (हि0प्र0)
निविदा आमंत्रण सूचना
सर्व सहमति से समस्त उपस्थित पंचायत पदाधिकारियो से प्रस्ताव पारित करवाया कि पंचायत में चल रहे समस्त मद के कार्यो के लिए सामग्री की खरीद, दुलाई हेतु निविदा आमंत्रित कर दी जाये। ब्यौरा निम्न प्रकार से है:- **सामग्री का विवरण-** 1 क्रेशर रेता (प्रति घन मीटर) 2. क्रेशर बजरी -20mm, 40mm, 10mm, 3. गोला पत्थर सोलिंग (प्रति घन मीटर)4. तुडवा पत्थर (प्रति घन मीटर) 5. सीमेंट किराया प्रति धर्मपुर से कार्यस्थल तक, 6. JCB cutting (Per Hour) 7. सटरिंग (प्रति वर्ग मीटर) 8. ईंटे (प्रति नम्बर), 9. सरिया प्रति kg, 10. साइन बोर्ड with wrighting
नियम व शर्ते: - निविदाएं ग्राम पंचायत ध्वाली के कार्यालय में डाक द्वारा मोहर बन्द लिफाफे में दिनाक 03/08/2026 सांय 4:00 बजे तक पंहुच जानी चाहिये उसके उपरान्त प्राप्त होने वाली नीविदाए मान्य नही होगी। निविदाएँ दिनाक 05/08/2026 को पूर्वाह्न 12:00 बजे ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी के सामने पंचायत कार्यालय में खोली जायगी। सामग्री की सप्लाई ग्राम पंचायत के समस्त वार्डो में कार्यस्थल तक करनी होगी। खड्ड व नदी का रेता बजरी मान्य नही होगा। सप्लायर का GST/TIN NO होना अति आवश्यक होगा। नीविदा में कोई त्रुटी न हो। ग्राम पंचायत को अधूरी नीविदा को रद्द करने का अधिकार होगा। निवादा में स्वीकृत होने वाली निविदादाता को पंचायत के नाम धरोहर सुरक्षित प्रतिभूति राशी के रूप में मु030,000/- की राशी की FD/DD/Cash जमा करवाना होगा। नीविददाता अगर किसी कारण वश अगर सामग्री की सप्लाई देने में असमर्थ रहता है तो ठीक सप्लाई order के सात दिन बाद उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी तथा दूसरे नम्बर के सप्लायर को मौका दिया जाएगा। इसकी कोई भी अपील व दलील नही सुनी जाएगी और नीविदादाता को रेते व बजरी के बिलों के साथ m फॉर्म देना होगा। बिना m फॉर्म के किसी भी बिल की अदायगी नही की जाएगी। निविदादाता का उपस्थित होना अतिआवश्यक होगा। जो निविदा दाता उपस्थित नही होगा उसकी नीविदा नही खोली जाएगी व उसे रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।
प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत ध्वाली
विकास खण्ड धर्मपुर जिला मंडी (हि0प्र0)

कार्यलय ग्राम पंचायत दबरोट विकास खंड धर्मपुर जिला मंडी हि0 प्र0
निविदा आमंत्रण सूचना
ग्राम पंचायत दबरोट में वर्ष 2026-27 मे ग्राम पंचायत द्वारा किये जाने वाले समस्त विकास कार्यो के निर्माण हेतु समस्त सामग्री की सप्लाई के लिए मोहर बंद लिफाफे में निविदाएँ दिनांक 22/07/2026 से 05/08/2026 सायं- 5:00 pm बजे तक आमंत्रित की जाती है **सामग्री का विवरण इस प्रकार से है :-**1 क्रेशर रेत (प्रति घन मीटर) 2 क्रेशर बजरी 20mm, 40mm, 10mm (प्रति घन मीटर) 3 गोला पत्थर सोलिंग (प्रति घन मीटर) 4 तुडवा पत्थर (प्रति घन मीटर) 5 सीमेंट किराया प्रति बेग की दर धर्मपुर से कार्यस्थल तक / सीमेंट चढ़ाई उतराई 6 JCB Cutting (प्रति घंटा) 7 सेटरिंग (प्रति वर्ग मीटर) क्रेशर 8 सेटरिंग (प्रति रनिंग मीटर) 9 J.C.B मशीन ब्रेकर द्वारा कटिंग, 10 साईन बोर्ड - 3×4 With Writing. **नियम व शर्ते :-** निविदायें ग्राम पंचायत दबरोट के कार्यलय में डाक द्वारा मोहर बंद लिफाफे में दिनांक - 05/08/2026 को सांय- 5:00pm बजे तक प्रधान / सचिव के पास पहुँच जानी चाहिए। इसके उपरांत प्राप्त होने बाली निविदाये मान्य नहीं होगी। सामग्री सप्लाई ग्राम पंचायत के समस्त वार्डो में कार्यस्थल तक करनी होगी। खड्ड व नदी का रेता, बजरी मान्य नहीं होगा और इसकी अदायगी पंचायत द्वारा नहीं की जाएगी। सप्लायर अपना बैंक खाता संख्या व GST/Tin No व लाईसेंस का प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है GST/Tin No निविदादाओं को प्राथमिकता दी जाएगी और निविदादाता को अपनी निविदा के साथ ग्राम पंचायत के नाम धरोहर सुरक्षित प्रतिभूति राशी मु. -20,000/- का ड्राफ्ट/ FD दिनांक सहित डाक द्वारा मोहर बंद लिफाफे में उपरोक्त समय अवधि के भीतर पहुंच जानी चाहिए। अगर यह सभी ओपचारिकताएं कुटेशन के साथ पूर्ण नही है तो कुटेशन मान्य नहीं होगी। अधूरी निविदाएँ मान्यें नही होगी। ग्राम पंचायत को निविदा रद्द करने का अधिकार होगा। स्वीकृत होने बाली निविदा के निविदाकता अगर किसी कारणवस सामग्री देने में असमर्थ रहता है तो ठीक सप्लाई ऑर्डर देने के सात 7 दिन के बाद कुटेशन रद्द कर दी जाएगी। और L2 दूसरे नम्बर के सप्लायर को मौका दिया जायगा। इसकी कोई अपील व दलील नही सुनी जायगी। और निविदाता को रेत व बजरी के बिल के साथ M Form देना होगा बिना M Form के किसी भी बिल की अदायगी पंचायत द्वारा नहीं की जायगी। निविदा पर कटिंग एवं ओवरराइटिंग नही होनी चाहिए। निविदा पर कटिंग एवं ओवरराइटिंग नहीं होनी चाहिए। ओवरराइटिंग होने की दशा में निविदा रद्द की जाएगी। निविदायें दिनांक- 06-08-2026 को प्रातः 11:00am बजे समस्त पंचायत पदाधिकारियों व कमेटी,तथा निविदाता के सामने ही सभी निविदाएँ कार्यलय ग्राम पंचायत में खोली जायेगी। और निविदा को रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।
प्रधान/सचिव कार्यलय ग्राम पंचायत विकास खंड धर्मपुर जिला मंडी हि0 प्र0

The Dini Larth Co. Operative Agri. Service Society Ltd.
P.O. Gadhrana, Teh Indora, Distt. Kangra (H.P.)
नये विक्रेता की नियुक्ति करने बारे
आज दिनांक 23-7-2026 को दी दीनी लाड्थ कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित डा. गदराणा, तहसील इंदौरा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) की प्रबन्धक कमेटी की बैठक प्रधान श्री सुरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में पास होकर निम्न कार्यवाही अमल में लाई गई है।
प्रस्ताव 01: विषय- सभा में विक्रेता पद को भरने बारे:- यह की सभा के विक्रेता सुभाष चंद के सचिव पद पर पदोन्नत होने उपरांत सभा में विक्रेता का पद रिक्त हो चुका है। इस पद को नियमानुसार भरने हेतु निम्नलिखित शर्तों के साथ आवेदन मंगवाये जाते हैं। 1. आवेदक भारत का नागरिक एवं हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी व सभा कार्य क्षेत्र का होना चाहिए। 2. आवेदक की आयु 10-8-2026 तक 18 से 45 वर्ष तक होनी चाहिए। 3. विक्रेता पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी मान्यता प्राप्त संस्था से दसवीं पास होना आवश्यक है। जिसमें सामान्य वर्ग के लिए कम से कम 40% अंक एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ओबीसी/एच.सी./भूतपूर्व सैनिक वर्ग के लिए दसवीं पास होना आवश्यक है। 4. नियुक्ति के समय चयनित अभ्यर्थी को चरित्र प्रमाण पत्र एवं मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र जमा करवाना होगा। अन्यथा नियुक्ति रद्द कर दी जाएगी। 5. यह नियुक्ति प्रारम्भिक रूप से दो वर्षों के प्रोबेशन पीरियड के लिए होगी, जिसमें निर्धारित रु. 6,000/- मासिक वेतन देय होगा। दो वर्ष का कार्यकाल संतोषजनक होने पर ही कर्मचारी को स्थाई किया जाएगा। 6. आवेदक किसी भी सभा समिति का व स्थानीय निकाय का चुना हुआ सदस्य नहीं होना चाहिए। 7. आवेदक, सभा प्रबंधक समिति सदस्यों का निकटतम संबंधी नहीं होना चाहिए। 8. चयनित उम्मीदवार को उसकी नियुक्ति के उपरान्त एक माह के अन्दर रु. 15,000/- की नकद प्रतिभूति एवं एक लाख रुपये तक की जमीन सभा के नाम बंधक करवानी होगी। 9. आवेदक को किसी गलत आचरण के कारण किसी भी नौकरी से हटाया न गया हो तथा वह किसी न्यायालय द्वारा नैतिक उधम्यता के आधार पर दोषी करार नहीं दिया गया हो। 10. आवेदक को सादे कागज पर सभा प्रधान को नियुक्ति बारे प्रार्थना पत्र देना होगा तथा निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियां साथ संलग्न करनी होगी :-(i) दसवीं पास का प्रमाण पत्र व अन्य शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र। (ii) सहकारी प्रशिक्षण किया है तो उसका प्रमाण पत्र। (iii) हिमाचल प्रदेश स्थायी निवासी प्रमाण पत्र। (iv) पहचान पत्र,(वोटर कार्ड एवं आधार कार्ड व ड्राइविंग लाइसेंस आदि)की छायाप्रति। (v) राशन कार्ड की छायाप्रति। अतः आवेदन पत्र दिनांक 10-08-2026 तक सायं पांच बजे तक जमा करवायें। उसके उपरान्त कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभा सचिव को निर्देश दिए जाते हैं कि वह इस सूचना को अखबार के माध्यम से व सभा के नोटिस बोर्ड के जरिये प्रकाशित करें। स्वीकार है।
आदेशानुसार
प्रबन्धक कमेटी
दी दीनी लाड्थ कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित डा. गदराणा, तहसील इन्दौरा, जिला कांगड़ा, हि.प्र.
संपर्क सचिव: 9459642204, प्रधान: 9816635992

तानिया सचदेवा का खूबसूरत अंदाज

नई दिल्ली। शतरंज खिलाड़ी तानिया सचदेवा ने देश और विदेश में खेलते हुए बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। वहीं, वह फैशन को लेकर भी काफी सक्रिय रहती हैं और उनकी सोशल मीडिया पर पोस्ट की तस्वीरें इस बात की गवाह हैं।

दूसरा टी20 वैभव सूर्यवंशी और मयंक यादव पर रहेंगी निगाहें

जिम्बाब्वे से सीरीज जीतने उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी, हरारे

कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में अपनी पहली जीत से वापसी की राह पर अग्रसर भारत शनिवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी जीत की लय बरकरार रखने की कोशिश करते हुए जिम्बाब्वे के खिलाफ अजेय बढ़त हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। आयरलैंड (0-2) और इंग्लैंड (0-4) से हारने के बाद तीन बार के टी20 विश्व कप विजेता भारत सीरीज के पहले मैच में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करते हुए जिम्बाब्वे को सात विकेट से हराकर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की 19 गेंदों में खेली गई 50 रन की पारी और मयंक यादव (चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट) की तूफानी गेंदबाजी ने भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि जिम्बाब्वे ने हाल में अपने घरेलू मैदानों पर अच्छा प्रदर्शन किया था। भारत ने सूर्यवंशी के अर्द्धशतक, इशान किशन के 35 रन और कप्तान अय्यर की 28 रन की नाबाद पारी की बदौलत छह ओवर और सात विकेट शेष रहते हुए 126 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर दिया। दो साल पहले हरारे स्पोर्ट्स क्लब में अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत करते हुए अपने दूसरे ही मैच में ही शतक बनाने वाले अभिषेक शर्मा पहले मैच में नहीं चल पाए थे और वह उसकी भरपाई करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे।

सूर्यवंशी ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में अर्द्धशतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी होने का रिकॉर्ड बनाया। इस युवा बल्लेबाज को इससे काफी राहत मिली होगी, क्योंकि इंग्लैंड दौरे पर उन्हें विशेष रूप से शॉर्ट पिच गेंदों से निशाना बनाया जा रहा था। भारतीय टीम प्रबंधन हालांकि, बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से ज्यादा युवा तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामूहिक प्रयास से खुश होगा। वीवीएस लक्ष्मण इस सीरीज में मुख्य कोच की भूमिका निभा रहे हैं।

भारत ने परिस्थितियों से अच्छी तरह से तालमेल बिठाया। तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने भी इस मैच में अच्छा प्रदर्शन किया और 29 रन देकर दो विकेट लिए। अशोक शर्मा ने भी अपनी गति से प्रभावित किया, लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला, लेकिन सबसे बड़ी उपलब्धि दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मयंक की शीर्ष स्तरीय क्रिकेट में सफल वापसी थी, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद चोटिल के कारण लगभग दो साल मैदान से बाहर रहे।

पहले मैच में मयंक की गति और नियंत्रण दोनों ही बेहतरीन थे, जिसमें जिम्बाब्वे के प्रमुख बल्लेबाज ब्रायन बेनेट को बाहर की तरफ स्विंग लेने वाली गेंद पर आउट करना महत्वपूर्ण था। जिम्बाब्वे को पावरप्ले में जरूरत से ज्यादा विकेट गंवाने का अफसोस रहेगा। उसके बल्लेबाज भारतीय तेज गेंदबाजों का सामना करने में नाकाम रहे और भारत के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य नहीं रख पाए। (अनंत ज्ञान)

मैच : शाम 4.30 बजे से

संभावित टीमें

भारत: श्रेयस अय्यर (कप्तान), इशान किशन (विकेटकीपर), प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, शिवम दुबे, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, रिंकू सिंह, अशोक शर्मा, प्रिंस यादव, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, यश ठाकुर।

जिम्बाब्वे: सिकंदर रजा (कप्तान), बेन करन, इनोसेंट काला, तादिवानाशे मारुमनी (विकेटकीपर, डायोन मायर्स, तफदजवा त्सिगा (विकेटकीपर), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ब्रैड इवांस, वेस्ले मधेवेरे, तनाका चिवांगा, वेलिंगटन मसाकाद्जा, ब्लेसिंग मुजाराबानी, रिचर्ड नगारवा, न्यूमैन न्यामुरी।

कॉमनवेल्थ गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी

मीराबाई और लवलीना बनीं भारतीय दल की ध्वजवाहक

एजेंसी, ग्लासगो

ग्लासगो ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का शानदार स्वागत किया। ओवीओ हाइड्रो में एक भव्य ओपनिंग सेरेमनी के साथ 2026 एडिशन की आधिकारिक शुरुआत हुई। इस सेरेमनी में स्कॉटलैंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और खेल की उत्कृष्टता का मेल देखने को मिला और 11 दिनों तक चलने वाले बेहतरीन मुकाबलों के लिए मंच तैयार हुआ।

ओलंपिक मेडलिस्ट मीराबाई चानू और लवलीना बोरगोहेन ने ध्वजवाहक के तौर पर 'परेड ऑफ नेशंस' में भारतीय दल का गर्व से नेतृत्व किया। जब तिरंगा एरिना में पहुंचा, तो भीड़ ने जोरदार तालियों और उत्साह के साथ उनका स्वागत किया। वेटलिफ्टिंग में टोक्यो ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट मीराबाई देश की ध्वज-वाहक बनीं। वहीं, टोक्यो ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली बॉक्सर लवलीना ने कॉमनवेल्थ बैटन (छड़ी) संभाली, जो एक और सफल अभियान के लिए भारत की उम्मीदों का प्रतीक है।

कॉमनवेल्थ परंपरा के अनुसार, किंग चार्ल्स तृतीय ने औपचारिक रूप से खेलों की शुरुआत की। 2014 के बाद ये खेल पहली बार ग्लासगो लौटे हैं। यह सेरेमनी स्कॉटिश पहचान का जश्न थी, जिसमें संगीत, नृत्य और कहानी कहने की कला का शानदार मिश्रण देखने को मिला। मशहूर कलाकारों केटी टुनस्टॉल, नाथन इवांस और सेंट फीनिक्स ने जबरदस्त परफॉर्मेंस दीं। (अनंत ज्ञान)

स्पोर्ट्स विंडो

सेमवाल, रविकुमार और रतिका सिंगापुर स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी, सिंगापुर। ओम सेमवाल, संदेश रविकुमार और रतिका सीलान शुक्रवार को यहां कड़े मुकाबलों में जीत दर्ज करके पीएसए सिंगापुर चैलेंजर स्क्वाश टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। रविकुमार ने पुरुषों के दूसरे दौर में जापान के सातवीं वरीयता प्राप्त शोता यासुनश्री को 12-10, 11-5, 3-11, 11-7 से हराया, जबकि चौथी वरीयता प्राप्त सेमवाल ने स्थानीय खिलाड़ी आरोन लियांग को 11-9, 4-11, 4-11, 12-10, 11-8 से पराजित किया। तीसरी वरीयता प्राप्त रतिका ने महिला वर्ग के दूसरे दौर में स्थानीय प्रतिद्वंद्वी वाई लिन औ योंग को 8-11, 11-9, 11-2, 7-11, 12-10 से हराया। (अनंत ज्ञान)

आनंद विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे के अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त

एजेंसी, नई दिल्ली। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने विश्व शतरंज महासंघ (फिडे) के अंतरिम अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया है। फिडे अध्यक्ष अर्काडी ड्वोरकोविच के यूरोपीय संघ की प्रतिबंधित सूची में शामिल होने के बाद उन्होंने प्रतिबंध हटने तक पद से अलग होने का फैसला किया है। यूरोपीय संघ ने रूस-यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में ड्वोरकोविच पर प्रतिबंध लगाया है। इसके तहत उनके बैंक खाते फ्रीज किए जा सकते हैं और उन पर यात्रा संबंधी पाबंदियां भी लग सकती हैं। ड्वोरकोविच ने इस फैसले को अदालत में चुनौती देने की घोषणा की है। फिडे ने बयान जारी कर कहा कि परिषद ने ड्वोरकोविच के अपने अधिकार, कर्तव्य और विशेषाधिकारों से अस्थायी रूप से अलग होने के फैसले को स्वीकार कर लिया है। फिडे चार्टर के अनुच्छेद 19.2 के तहत, प्रतिबंध लागू रहने तक उपाध्यक्ष विश्वनाथन आनंद अंतरिम अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाएंगे। आनंद 2022 से फिडे के उपाध्यक्ष हैं। ड्वोरकोविच ने यूरोपीय संघ के फैसले को गैर-कानूनी और अन्यायपूर्ण बताते हुए कहा कि वह इसे चुनौती देंगे। उन्होंने कहा कि प्रतिबंध से फिडे के कामकाज पर असर पड़ सकता है, इसलिए संगठन के सुचारु संचालन के लिए उन्होंने अस्थायी रूप से पद छोड़ने का निर्णय लिया है। (अनंत ज्ञान)

भारत में एशेज टेस्ट कराने की सोच रहा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी, मेलबर्न। इस साल के आखिर में चेन्नई में बिग बैश लीग कराने के बाद क्रिकेट आस्ट्रेलिया भविष्य में भारत में एशेज टेस्ट भी कराने की सोच रहा है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने फिलहाल किसी योजना से इनकार किया। आस्ट्रेलिया दिसंबर में चेन्नई में बिग बैश लीग के पहले मैच की मेजबानी करेगा। ग्रीनबर्ग ने बीबीसी स्टम्प्ड पॉडकास्ट में कहा, "इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड और बीसीसीआई से हमारे रिश्ते मजबूत हैं। साफ तौर पर भारत में कुछ और क्षेत्रों में और कंटेंट लाने की जरूरत है।" उन्होंने कहा, "फिलहाल तो कोई योजना नहीं है लेकिन इस पर विचार किया जा सकता है। भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच टेस्ट अभी भी काफी मजबूत है। हम इसे और मजबूत बनाने की कोशिश करते रहेंगे।" ग्रीनबर्ग ने यह भी कहा कि क्रिकेट का व्यस्त कार्यक्रम इस प्रस्ताव के रास्ते में आ सकता है, जिसके लिए तीनों संस्थाओं के बीच बड़े पैमाने पर आयोजन संबंधी तालमेल की जरूरत होगी। (अनंत ज्ञान)

मोटरस्पोर्ट संस्था एफएमएससीआई को मिला राष्ट्रीय खेल महासंघ का दर्जा

एजेंसी, नई दिल्ली। खेल मंत्रालय ने फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब्स ऑफ इंडिया (एफएमएससीआई) को राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) के रूप में अस्थायी मान्यता दे दी है। इसे 2028 तक भारत में फॉर्मूला वन (एफ-1) रेस की वापसी की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। एफएमएससीआई ने 11 जून को मान्यता के लिए आवेदन किया था। मंत्रालय ने 23 जुलाई को जारी आदेश में संस्था को तत्काल प्रभाव से अस्थायी एनएसएफ का दर्जा दिया। साथ ही राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 के अनुरूप तय समय सीमा के भीतर संविधान में आवश्यक संशोधन करने के निर्देश भी दिए हैं। 1971 में स्थापित एफएमएससीआई भारत में एफ-1 की वापसी की रणनीति पर मंत्रालय के साथ लगातार काम कर रही है। सरकार ने मान्यता प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए राज्य इकाइयों की न्यूनतम संबद्धता से जुड़े कुछ मानदंडों में भी छूट दी है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यदि संस्था वित्तीय पारदर्शिता, डोपिंग रोधी नियमों, सुशासन या अन्य निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन नहीं करती है, तो उसकी मान्यता रद्द की जा सकती है। पिछले महीने खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भारत में प्रमुख मोटरस्पोर्ट प्रतियोगिताओं की मेजबानी की संभावनाओं का आकलन करने के लिए एक कार्यबल गठित करने की घोषणा की थी। यह कार्यबल आर्थिक, पर्यटन और निवेश संबंधी लाभों के साथ बुनियादी ढांचे और संचालन संबंधी जरूरतों का भी अध्ययन करेगा। (अनंत ज्ञान)

अनाहत सिंह जूनियर स्क्वाश विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

एजेंसी, ओंटारियो

भारत की उभरती खिलाड़ी और यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह ने अपने धैर्य और कौशल का शानदार नमूना पेश करते हुए चार गेम तक चले मैच में जीत दर्ज करके विश्व जूनियर स्क्वाश व्यक्तिगत चैंपियनशिप के महिला एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

महिला रैंकिंग में विश्व की 20वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत ने क्वार्टरफाइनल में मिस्र की हबीबा रिज्क को 11-7, 11-5, 6-11, 11-9 से हराया। इस प्रतियोगिता में पिछले साल कांस्य पदक जीतने वाली अनाहत इस तरह से विश्व जूनियर चैंपियनशिप में लगातार दो बार सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। दिल्ली की रहने वाली यह खिलाड़ी खिताब जीतने की प्रबल दावेदार बनी हुई है। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला मिस्र की बार्ब समेह से होगा। (अनंत ज्ञान)

यह दमन की भावना के खिलाफ है विद्रोह: संजय मांजरेकर

एजेंसी, नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के खिलाफ चल रहे छात्रों के विरोध प्रदर्शन का समर्थन करते हुए इसे 'लोकतंत्र में दमन की भावना के खिलाफ विद्रोह' करार दिया है। उन्होंने कड़े शब्दों का उपयोग करते हुए एक्स पर लिखा कि आंदोलन को रोकने के लिए बल प्रयोग करने से किसी तरह का हल नहीं निकलेगा। मांजरेकर ने कहा, "यह केवल नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने का मामला नहीं है। यह लोकतंत्र में दमन की भावना और मुख्यधारा के मीडिया के दुष्प्रचार के खिलाफ विद्रोह है।" उन्होंने कहा, "मैं दो बच्चों का पिता हूं और यह अच्छी तरह से जानता हूं कि आज के युवाओं को दबाना और उनका 'ब्रेनवॉश' करना कभी कारगर साबित नहीं होगा।" इससे पहले दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता पूर्व निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने छात्रों के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान की मांग की थी। (अनंत ज्ञान)

राष्ट्रमंडल खेलों के पदकों पर अंकित है ब्रेल लिपि

एजेंसी, ग्लासगो

राष्ट्रमंडल खेलों के लिए इस बार जो पदक तैयार किए गए हैं, उन पर ब्रेल लिपि अंकित है, जिससे दृष्टिबाधित खिलाड़ी भी इसमें निहित संदेश को समझ सकते हैं। राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में ऐसा पहली बार किया गया है। यह ग्लास्गो में चल रहे खेलों में सभी को समान भाव से देखने की योजना से जुड़ा है। राष्ट्रमंडल खेलों में 10 प्रमुख खेल और छह पैरा खेल में कुल 215 स्वर्ण पदक दांव पर लगे होंगे। इनमें पैरा खेलों में रिकॉर्ड 47 स्वर्ण पदक भी शामिल हैं।

प्रत्येक मेजबान शहर पदकों पर अपनी छाप छोड़ता है, लेकिन ग्लास्गो खेलों के पदकों का डिज़ाइन आम तौर पर चलन में रहने वाले गोलाकार आकार से अलग है। पदकों को शहर के प्रतीक चिन्ह से प्रेरित होकर त्रिकोण रूप दिया गया है। पदक पर बने प्रारूप ग्लासगो के सबसे प्रसिद्ध स्थलों में से एक फिनिस्टन क्रेन से प्रेरित हैं, जो स्कॉटलैंड के जहाज निर्माण के अतीत की याद दिलाता है। इसकी बनावट टार्टन से प्रेरित है, जो स्कॉटलैंड से करीब से जुड़ा एक प्रतीक है। पदक पर बने तीन स्तर पोडियम की तीन सीढ़ियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस पदकों का डिजाइन मिलित्सा मिलेंकोवा ने तैयार किया था। मिलेंकोवा का जन्म बुल्गारिया में हुआ था और अब वह ग्लास्गो स्कूल ऑफ आर्ट में आर्टिस्ट हैं। मिलेंकोवा ने कहा, "मैं चाहती थी कि यह पदक राष्ट्रमंडल खेलों के पदकों में एक विशिष्ट स्थान हासिल करें।" उन्होंने कहा, "जब मैं पदकों के डिजाइन के बारे में सोच रही थी तो मैं ग्लासगो को एक आकार में समेटना चाहती थी। मैं राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह से प्रभावित थी और उसी को ध्यान में रखते हुए मैंने इन्हें विशिष्ट आकार दिया।" मिलेंकोवा ने कहा कि ग्लास्गो और स्कॉटलैंड से उनके संबंधों के कारण फिनिस्टन क्रेन और टार्टन को शामिल करना स्वाभाविक था।

उन्होंने कहा, "जब मैंने फिनिस्टन क्रेन और उससे बनी आकृतियों का उपयोग किया तो मैंने पाया कि यह मुझे टार्टन की याद दिलाता है। मैं इसे भी शामिल करना चाहती थी क्योंकि यह स्कॉटलैंड का राष्ट्रीय प्रतीक है। पदकों पर पहली बार ब्रेल लिपि अंकित की गई है।" (अनंत ज्ञान)

खुद की एयरलाइंस शुरू नहीं करेगा अडाणी ग्रुप

एजेंसी, नई दिल्ली। अडानी ग्रुप ने उन खबरों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि वह ग्रुप एयरलाइन शुरू करने की योजना बना रहा है। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी में कहा कि एयरलाइन बिजनेस में उतरने पर विचार करने वाली खबरें पूरी तरह से बेबुनियाद और तथ्यात्मक रूप से गलत हैं। कंपनी ने यह भी कहा कि वह एयरलाइन बिजनेस में प्रवेश करने के किसी भी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही है।

हाल में आई खबरों में दावा किया गया था कि अडानी ग्रुप एयरलाइन शुरू कर सकता है और इसके लिए उसने सरकार से नियमों में बदलाव करने का अनुरोध किया है। यह नियम दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट के ऑपरेटरों को किसी शेड्यूल्ड एयरलाइन में 10% से अधिक हिस्सेदारी रखने से रोकता है। अडानी ग्रुप देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट ऑपरेटर है। माना जा रहा था कि सरकार एयर इंडिया और इंडिगो के दबदबे को खत्म करने के लिए यह नियम बदलने पर विचार कर रही है। (अनंत ज्ञान)

नेपाल आने वाले ला सकेंगे 5,000 डॉलर तक विदेशी मुद्रा

एजेंसी, काठमांडू

भारतीयों के लिए 25 हजार रुपए की सीमा तय

नेपाल आने और नेपाल से बाहर जाने वाले व्यक्ति अब 5,000 अमेरिकी डॉलर तक की विदेशी मुद्रा नकदी के रूप में ला और ले जा सकेंगे। नेपाल में नकदी विदेशी मुद्रा लाने और बाहर ले जाने के संबंध में यह व्यवस्था 'विदेशी विनिमय अधिनियम' और 'संपत्ति शुद्धीकरण (मनी लॉन्ड्रिंग) निवारण अधिनियम' के प्रावधानों के तहत की गई है।

नकदी विदेशी मुद्रा के संदर्भ में नेपाल राष्ट्र बैंक ने 16 जुलाई, 2018 और 9 अप्रैल, 2019 को सूचना जारी कर यह सीमा तय की थी। केंद्रीय बैंक ने फिर से सूचना जारी करते हुए नेपाली और भारतीय नागरिकों के लिए भी 25 हजार भारतीय रुपए की सीमा बरकरार रखी है। मौजूदा व्यवस्था के अनुसार नेपाली या विदेशी नागरिक 5,000 अमेरिकी डॉलर तक की नकदी विदेशी मुद्रा (और उन अन्य विदेशी मुद्राओं के मामले में भी जिनकी विनिमय दर राष्ट्र बैंक द्वारा प्रकाशित नहीं की जाती है, उसके बराबर राशि) बिना किसी सीमा शुल्क (कस्टम) घोषणा के नेपाल ला सकते हैं।

केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया है कि इससे अधिक राशि होने पर सीमा शुल्क घोषणा पत्र भरना और उसे सत्यापित कराना अनिवार्य है। नेपाल राजपत्र में प्रकाशित सूचना के अनुसार कोई भी व्यक्ति 9 नवंबर, 2016 से पहले प्रचलन में रहे 500 और 1000 रुपए के भारतीय नोटों का लेनदेन नहीं कर सकता है। केंद्रीय बैंक ने व्यवस्था की है कि नेपाली या भारतीय नागरिक प्रचलित नियमों के अनुसार 9 नवंबर, 2016 के बाद जारी और प्रचलन में आए 200 और 500 रुपये के भारतीय नोट प्रति व्यक्ति 25 हजार की सीमा तक ला, ले जा तथा विनिमय (एक्सचेंज) करा सकते हैं। इसके अलावा केंद्रीय बैंक ने बताया है कि नेपाली नागरिकों को भारत के अलावा किसी अन्य देश में भारतीय रुपए ले जाने या किसी अन्य देश से नेपाल में भारतीय रुपए लाने की अनुमति नहीं है। (अनंत ज्ञान)

नेपाल ने 2.23 लाख बेटिंग वेबसाइट और ऐप किए ब्लॉक

एजेंसी, काठमांडू

एनटीए ने अवैध सट्टेबाजी और वित्तीय कारोबार पर की बड़ी कार्रवाई

नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण (एनटीए) ने ऑनलाइन सट्टेबाजी और अवैध वित्तीय गतिविधियों से जुड़ी 2,23,568 वेबसाइट और मोबाइल ऐप को बंद कर दिया है। यह कार्रवाई सरकार की शासकीय सुधार संबंधी 100 कार्यसूची के तहत की गई।

सरकार के निर्देश के बाद संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बेटिंग ऐप और वेबसाइटों को 24 घंटे के भीतर ब्लॉक करने का आदेश दिया था। इसके बाद एनटीए ने इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) के सहयोग से बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू की।

एनटीए के अनुसार, कई प्रतिबंधित वेबसाइटें नए नामों से दोबारा सक्रिय हो रही थीं। इसी को देखते हुए फीफा विश्व कप के दौरान विशेष अभियान चलाकर बड़ी संख्या में नए अवैध प्लेटफॉर्म बंद किए गए।

प्राधिकरण ने बताया कि संदिग्ध वेबसाइटों की पहचान के लिए 'थ्रेट इंटेलिजेंस टूल' और विशेष निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए अलग टीम भी तैनात की गई है।

एनटीए के अधिकारी ओमप्रकाश महतो ने कहा कि अवैध वेबसाइटों को लगातार नए डोमेन के साथ दोबारा शुरू करना बड़ी चुनौती है, इसलिए निगरानी और कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। प्राधिकरण ने नागरिकों से भी अवैध बेटिंग प्लेटफॉर्म की जानकारी साझा करने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

चांदी 2924 रुपए व सोना 1848 रुपए हुआ सस्ता

एजेंसी, नई दिल्ली। सोने-चांदी की कीमतों में शुक्रवार को गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, चांदी की कीमत में 2,924 रुपए प्रति किलो की कमी आई और यह घटकर 2.19 लाख रुपए पर पहुंच गई। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,848 रुपए सस्ता होकर 1.42 लाख रुपए रह गया। एक दिन पहले चांदी 2.22 लाख रुपए और सोना 1.44 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। इस साल दोनों कीमती धातुओं की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। 31 दिसंबर 2025 को सोने का भाव 1.33 लाख रुपए था, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद से सोना करीब 34 हजार रुपए तक गिर चुका है। इसी तरह चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए प्रति किलो थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। अब तक इसमें करीब 1.67 लाख रुपए की गिरावट आ चुकी है। (अनंत ज्ञान)

सरकार ने पीएलआई व पार्क योजनाओं के जरिए बढ़ाया निवेश

मेडिकल डिवाइस क्षेत्र को 476 करोड़ का बूस्ट : नड्डा

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मेडिकल डिवाइस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) और मेडिकल डिवाइस पार्क योजना के तहत अब तक 476.44 करोड़ रुपए जारी किए हैं। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को लोकसभा में यह जानकारी दी।

नड्डा ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 तक मेडिकल डिवाइस पीएलआई योजना के तहत 266.64 करोड़ रुपए और मेडिकल डिवाइस पार्क योजना के तहत 209.80 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। इनमें से पार्क योजना की 177.98 करोड़ रुपए की राशि का उपयोग भी हो चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य आयात पर निर्भरता घटाकर मेडिकल डिवाइसों के स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देना है। मेडिकल डिवाइस उद्योग सुदृढ़ीकरण योजना (एसएमडीआई) के तहत 101.50 करोड़ रुपए की निवेश परियोजनाओं और 88.67 करोड़ रुपए की साझा सुविधा परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 20.62 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं।

3,420 करोड़ रुपए की पीएलआई योजना के तहत अब तक 27 परियोजनाओं को मंजूरी मिली है, जिनमें 14 एमएसएमई शामिल हैं। कंपनियां 1,153.07 करोड़ रुपए का निवेश कर चुकी हैं और देश में एमआरआई, सीटी स्कैनर, लिनियर एक्सेलेरेटर, अल्ट्रासाउंड, हार्ट वाल्व और स्टेंट जैसे अत्याधुनिक उपकरणों का उत्पादन शुरू हो गया है।

300 करोड़ रुपए की मेडिकल डिवाइस पार्क योजना के तहत नोएडा, उज्जैन और कांचीपुरम में पार्क विकसित किए जा रहे हैं। इन पार्कों में परीक्षण, स्टरलाइजेशन, वेयरहाउस और प्रोटोटाइपिंग जैसी साझा सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। (अनंत ज्ञान)

सेंसेक्स 331 अंक टूटा निफ्टी 23,767 पर बंद

एजेंसी, मुंबई। भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 331 अंक टूटकर 76,059 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में 102 अंकों की गिरावट रही और यह 23,767 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार में ऑटो, मेटल और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली देखने को मिली। निवेशकों में वैश्विक बाजारों के संकेतों और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव को लेकर सतर्कता बनी हुई है।

इस बीच ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच तनाव और बढ़ता है, तो कच्चे तेल की कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती है। इसका सीधा असर भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर पड़ सकता है। इससे पहले वीरवार को भी बाजार में गिरावट रही थी। सेंसेक्स 364 अंक गिरकर 76,391 पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 127 अंक फिसलकर 23,870 के स्तर पर रहा था। (अनंत ज्ञान)